सूर्योदय प्रातः 6:24 | सूर्यास्त संध्या 5:06 | पखवाड़ा पौष कृ. द्वितीया, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 22° | न्यूनतम 08°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 17 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 302, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

शेयर बाजार



सेंसेक्स	81,748.57	-384.55 (-0.47%)
निफ्टी	24,668.25	-100.05 (-0.40%)

सर्राफा बाजार प्रति 10 ग्राम

सोना (24 carat)	76,860.00
चांदी	1000.00

भारतीय सशस्त्र बलों ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान से जीत का प्रतीक 'विजय दिवस' मनाया

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारतीय सशस्त्र बल सोमवार को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का प्रतीक 'विजय दिवस' मना रहे हैं। मुख्य समारोह सेना की पूर्वी कमान ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में मनाया। नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुखों ने 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को सलाम किया।

यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार देने के साथ ही नये राष्ट्र बांग्लादेश को जन्म दिया। केवल 13 दिनों में भारतीय सशस्त्र बलों ने रणनीतिक प्रतिभा और असाधारण बहादुरी से 93 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को पूरी तरह से परास्त करके अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण कराया।

■ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को किया गया सलाम

यह तिथि भारत की अपने मित्र देशों के प्रति प्रतिबद्धता और अपने दुश्मनों के लिए एक दृढ़ चेतावनी के रूप में कार्य करती है।

● शेष पृष्ठ 11 पर

भारत और बांग्लादेश के युद्ध नायकों ने साझा इतिहास को किया याद

■ दोनों देशों के बीच मजबूत सम्बन्धों की जतायी उम्मीद

कोलकाता : वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की ऐतिहासिक विजय की 53वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत और बांग्लादेश के युद्ध नायक और सैन्य अधिकारी कोलकाता में एकत्र हुए। विजय दिवस पर उन्होंने साझा इतिहास को याद किया और भविष्य में दोनों देशों के बीच मजबूत सम्बन्धों की उम्मीद जतायीं। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) डी.जे. क्लेर ने युद्ध की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि 53 साल बीत गये हैं, लेकिन यादें अब भी ताजा हैं। हमने उस समय कई वीर सैनिकों को खो दिया। मैं अपने कई मित्रों को खो चुका हूं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

रायपुर/बालोद : छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आधीरात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें एक एक बच्चा, चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। सात लोग घायल हुए हैं। उनकी हालत गंभीर है। यह हादसा डौंडीथाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास हुआ इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने बताया कि कार सवार लोग नामकरण संस्कार (छठी) कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रविवार देररात डौंडी से गुरेदा लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास कार (सीजी04एलडी8049) को दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

महिला आयोग के समक्ष पेश हुए एसजीपीसी अध्यक्ष

चंडीगढ़ : पंजाब महिला आयोग से नोटिस मिलने के बाद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी सोमवार को चंडीगढ़ पहुंचे और महिला आयोग के समक्ष अपने बयान दर्ज करवाए। उल्लेखनीय है कि शनिवार को एडवोकेट धामी ने बीबी जागीर कौर के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया था, जहां से विवाद शुरू हुआ। यह मामला मीडिया में आने के बाद महिला आयोग ने इसका स्वतः संज्ञान लिया और एडवोकेट धामी को 17 दिसंबर तक जवाब देने के आदेश जारी किए।

ममता इंडीया गठबंधन की नेता बनने के लिए सबसे योग्य

नयी दिल्ली : तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इंडीया गठबंधन के नेता के तौर पर दावेदारी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ममता सबसे वरिष्ठ नेता हैं एवं भाजपा और कांग्रेस दोनों को हराकर आगे बढ़ी हैं। तृणमूल सांसद ने आज संसद परिसर में कहा कि ममता बनर्जी की दावेदारी पर इंडी एलायंस बैठक कर विचार करेगा। वो सबसे वरिष्ठ हैं, तीन बार की मुख्यमंत्री और तीन बार की सांसद हैं। केन्द्र सरकार में कई मंत्री पद संभाल चुकी हैं।

कुएं की खुदाई से मिलीं तीन खंडित मूर्तियां

संभल : उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मिले प्राचीन शिव मंदिर परिसर में मौजूद कुएं की करीब 20 फुट तक खुदाई की गयी। इस दौरान तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की हैं। जिला प्रशासन अब कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी में है।

अंदर के पन्नों पर

3 झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट...

5 स्वस्थ माता व स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण...

7 अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ लें सख़्त एक्शन...

9 सरकार ने 'जलवाहक' योजना की शुरुआत...

10 बांग्लादेश ने पहली बार वेस्टइंडीज में टी-20...

भारत-श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में श्रीलंका के राष्ट्रपति के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है। हाइड्रोग्राफी पर सहयोग पर भी सहमति बनी है।

उन्होंने कहा कि हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने श्रीलंका में निर्माण और सुलह के बारे में भी बात की। राष्ट्रपति दिसानायके ने उन्हें अपने समावेशी दृष्टिकोण के बारे में बताया। हमें उम्मीद है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के पूर्ण कार्यान्वयन और प्रांतीय परिषद के चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी।

उन्होंने राष्ट्रपति दिसानायके को आश्वासन दिया है कि भारत कई मायनों में श्रीलंका के विकास के उनके प्रयासों में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार बना रहेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और विकास के लिए एक महत्त्वपूर्ण मंच है। इसके तहत समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद निरोध, साइबर सुरक्षा, तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, मानवीय सहायता और आपदा राहत जैसे विषयों पर सहयोग बढ़ाया जायेगा। भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच आपसी सम्बन्ध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि हमने अपनी साझेदारी के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया है। हमने अपनी आर्थिक साझेदारी में निवेश आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका ने भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा सम्पर्क को अपनी साझेदारी का आधार बनाने का फैसला किया है। दोनों देशों के बीच बिजली ग्रिड सम्पर्क और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करने के लिए काम किया जायेगा। इस सहयोग से उच्च क्षमता वाले पावर ग्रिड इंटरकनेक्शन का निर्माण सम्भव होगा। इसके अतिरिक्त, एक बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन भी स्थापित की जायेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब तक श्रीलंका को 05 बिलियन डॉलर की ऋण और अनुदान प्रदान किया है। अगले पांच वर्षों में 1,500 श्रीलंकाई सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्पादों का चयन हमेशा हमारे साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाता है। मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका के लोगों से लोगों तक सम्बन्ध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

प्रधानमंत्री आज 46,300 करोड़ की 24 परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को राजस्थान में ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री 17 दिसमाबर को राजस्थान का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान वह जयपुर में ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की 09 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें 07 केन्द्र सरकार की परियोजनाएं और 02 राज्य सरकार की परियोजनाएं शामिल हैं। वह 35,300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिनमें 09 ● शेष पृष्ठ 11 पर

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के विरोध में उतरे छात्र संगठन, कई गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) कम्बाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा 2023 में सफल हुए 2231 अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम सोमवार को शुरू हो गया। रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय में 16 से 20 दिसम्बर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम होना है। छात्र नेता देवेन्द्रनाथ महतो समेत कुछ छात्र संगठनों की ओर से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का विरोध किया गया। विरोध कर रहे छात्र नेता प्रश्न पत्र लीक होने का आरोप लगा रहे हैं और परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। अपनी मांगों के समर्थन में देवेन्द्रनाथ महतो कई समर्थकों के ● शेष पृष्ठ 11 पर

कुछ स्थानों पर पुलिस ने किया बल प्रयोग

आयोग ने शुरू किया डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम

...और पुलिस छावनी में तब्दील हो गया जेएसएससी कार्यालय का इलाका

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के खिलाफ छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए आयोग कार्यालय के आसपास के क्षेत्र को सोमवार को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थी एक-एक कर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए जेएसएससी के चाय बागान नामकुम स्थित कार्यालय पहुंचते रहे। अभ्यर्थियों का वेरिफिकेशन भी शुरू हो गया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

आतंकी डल्ला के चार गुर्गे हथियार के साथ गिरफ्तार

चंडीगढ़ : पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स ने मोहाली पुलिस के साथ मिलकर आतंकी अर्श डल्ला के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। गुर्गों के कब्जे से तीन अवैध हथियार और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि एंटी गैंगस्टर टॉस्क फोर्स ने मोहाली पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में कनाडा के आतंकी अर्श डल्ला से जुड़े चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों ने हाल ही में अमेरिका के हैंडलर के निर्देश पर मोहाली में एक कार एक्सेसरीज शोरूम पर गोलीबारी की थी।

नेहरू की चिट्ठियों को लेकर भाजपा ने उठाये सवाल, पूछा गांधी परिवार क्या छुपाना चाहता है ?

एजेंसी

नयी दिल्ली : पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की चिट्ठियों पर अब विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी के सदस्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिख कर नेहरू की चिट्ठियों को वापस करने को कहा है। इसके साथ ही इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस से पूछा है कि वह आखिर जवाहर लाल नेहरू की चिट्ठियों को क्यों छुपा रही है।

सोमवार को भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा में भी यह मुद्दा उठाया और प्रेसवार्ता करके भी कांग्रेस पार्टी से जवाब मांगा।

उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू के पत्राचार 1971 में जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय को दिये गये थे। इन सभी पत्रों को उस समय के जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय के डॉयरेक्टर से स्वीकृति लेकर करीब 51 डिब्बों में भर कर 05 मई, 2008 को सोनिया गांधी के घर भेज दिया गया।

जवाहर लाल नेहरू ने ये पत्र एडविना माउंटबेटन, एल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम और गोविंद बल्लभ पंत आदि को लिखे थे।

नक्सली हमले में जान गंवानेवाले जवानों के परिजनों से मिले अमित शाह, बोले...खत्म करेंगे नक्सलवाद

एजेंसी

जगदलपुर : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जगदलपुर में नक्सली हमले में बलिदानी जवानों के परिजनों और नक्सली हिंसा से पीड़ित लोगों से बस्तर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को अमर वाटिका में चर्चा कर उनका दर्द साझा किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जैसे अपने परिजनों को खोया है, वैसा इस देश और छत्तीसगढ़ में किसी को न खोना पडे.। मैं बलिदानी हुए और नक्सली हमलों में जान गंवानेवाले सभी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि मां दंतेश्वरी की धरती से नक्सलवाद को पूर्ण रूप से समाप्त कर दूंगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पुण्य स्मृतियों को सहेजने का काम कर रही है। इन स्मृतियों से बलिदानियों और आप सभी परिजनों के त्याग को चिरस्थाई बनाने का काम किया जायेगा।

101 रेल कर्मियों को मिलेगा अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

नयी दिल्ली : भारतीय रेलवे 21 दिसंबर को नई दिल्ली में कुल 101 रेल कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी)-2024 से सम्मानित करेगा। रेल मंत्रालय के अनुसार 69वां रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह और अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी)-2024 नई दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सात श्रेणियों में कुल 101 रेल कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

शून्य काल में प्रियंका ने उठाया बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का मुद्दा

एजेंसी

नयी दिल्ली : कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में शून्य काल में 1971 की भारत-पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत पर देश को नमन किया और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार तथा सैन्य मुख्यालय से विजय दिवस से जुड़ी आईकॉनिक तस्वीर हटायी जाने का मुद्दा उठाया।

शून्य काल में प्रियंका गांधी ने कहा कि इंदिरा गांधी के महान नेतृत्व में आज ही के दिन भारतीय जनता के समर्थन से देश की सेना ने बांग्लादेश में पाकिस्तान का शासन खत्म किया। इस अवसर पर वह मुद्दे उठाना चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर भारत सरकार को आवाज उठानी चाहिए और बातचीत करनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सैन्य मुख्यालय से पाकिस्तानी सेना के समर्पण से जुड़ी आईकॉनिक तस्वीर हटायी जाने का मुद्दा उठाया। हालांकि, उनको मिले 02 मिनट का समय पूरा हो जाने पर उन्हें बातचीत नहीं रखने देने को लेकर कांग्रेस सदस्यों ने शोर-शराबा किया और सदन से बहिर्गमन किया।

कांग्रेस ने कभी अपनी आलोचना बर्दाश्त नहीं की, किये कई संविधान संशोधन : निर्मला

एजेंसी

नयी दिल्ली : सोमवार को राज्यसभा में संविधान की 75 साल की यात्रा पर बहस की शुरूआत करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संविधान में कई संशोधनों के लिए कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी अपनी आलोचना को बर्दाश्त नहीं किया। इमरजेंसी के दौरान गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी और अभिनेता बलराज साहनी की गिरफ्तारी का हवाला देते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा।

सीतारमण, वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमण ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए पहला संविधान संशोधन 1951 में नेहरू लाये थे। अपनी बात को पुष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी को 1949 में जेल डाला गया था। 1949 में मिल मजदूरों की एक बैठक के दौरान मजरूह सुल्तानपुरी ने जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ लिखी एक कविता सुनायी। उन्होंने इसके लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया और उन्हें जेल भेज दिया गया। सीतारमण ने यह भी कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने का कांग्रेस का रिकॉर्ड सिर्फ इन दो लोगों तक ही सीमित नहीं है। 1975 में माइकल एडवर्ड्स द्वारा लिखी गयी राजनीतिक जीवनी 'नेहरू' पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने 'किस्सा कुर्सी का' नामक फिल्म पर भी प्रतिबंध लगा दिया, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे पर सवाल उठाये गये थे। सीतारमण ने कहा कि नेहरू के उत्तराधिकारी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ‘परिवार और वंशवाद की मदद’ के लिए संविधान में संशोधन करते रहे। उन्होंने कहा कि ये संशोधन लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि सत्ता में बैठे लोगों की रक्षा के लिए थे, इस प्रक्रिया का इस्तेमाल परिवार को मजबूत करने के लिए किया गया।

सीतारमण ने कांग्रेस को महिला विरोधी बताया और राजीव गांधी के शासनकाल में शाह बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने मुस्लिम महिलाओं के तलाक पर अधिकार संरक्षण अधिनियम 1986 पारित किया, जिसने मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाने के उनके अधिकार से वंचित कर दिया। दूसरी ओर, हमारी पार्टी ने नारी शक्ति अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पारित किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के पास लोकसभा में 426 सदस्य थे, राज्यसभा में 159 सदस्य थे, लेकिन महिला आरक्षण विधेयक पारित करने का दृढ़ विश्वास नहीं था। वे महिला विरोधी थे।

'झूठा' बोलने पर भड़कीं सीतारमण, बोलीं जयराम लिखित में मांगें माफी

निर्मला ने संविधान संशोधन को लेकर कांग्रेस की गलतियां गिनवायीं, तो केन्द्रीय मंत्री सीतारमण और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के बीच तीखी नोक-झोंक हुई। जीएसटी के मुद्दे पर कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश ने केन्द्रीय मंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाया, जिस पर निर्मला सीतारमण भड़क गयीं और उनसे लिखित में माफी देने की मांग की। निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी का कांग्रेस ने विरोध किया था। इस पर जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा शासित प्रदेश गुजरात ने सबसे पहले इसका विरोध किया था। इस पर जयराम रमेश ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। इस आरोप पर निर्मला भड़क गयीं और सभापति से आग्रह करने लगीं कि जयराम रमेश इसके लिए लिखित में माफी मांगें। निर्मला सीतारमण ने कहा, ‘मुझ पर झूठ बोलने का आरोप लगाने के लिए माफी मांगनी होगी, जो मैं कभी नहीं करती। लेकिन, मुझ पर झूठ बोलने का आरोप लगाना अब कांग्रेस के खून में है।

एक झलक

पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 18 को

रामगढ़ : नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की अनूठी पहल के तहत आगामी 18 दिसंबर को सुबह 11:00 बजे से सिद्दो कान्हू मैदान में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें रामगढ़ जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते है। जिसका निष्पादन त्वरित गति से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान ही किया जाएगा एवं ऐसे मामले जिनका निष्पादन कार्यक्रम के दौरान नहीं किया जा सकेगा उन्हें एक निर्धारित समय बताया जाएगा उस निर्धारित समय अवधि के अन्दर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा परिणाम की निष्पक्ष जांच कराये सरकार : पवन

रामगढ़ : इंकलाबी नौजवान सभा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष पवन कुमार यादव ने जेएस एससी सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि परीक्षा परिणाम को लेकर राज्य भर के छात्र-छात्राओं में गहरा असंतोष और आक्रोश व्याप्त है। सरकार की नीतियों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। छात्रों का आंदोलन बढ़ती बेरोजगारी और भविष्य की अनिश्चितताओं के खिलाफ उनका संघर्ष है। इंकलाबी नौजवान सभा झारखंड सरकार से मांग करती है कि परिणाम की पार्दर्शिता के साथ निष्पक्ष जांच कराए और छात्र संगठनों से बात कर इसका हल निकाले। साथ ही सरकार स्थानीय नीति बनाने के लिए विधान सभा में प्रस्ताव पारित करें और राज्य के शिक्षित युवाओं के लिए सरकारी नौकरी के रास्ते खोले।

सड़क दुर्घटना में दम्पति व दो सगे भाई सहित छह घायल

बेड़ो : थाना क्षेत्र के बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर करांजी पुल के समीप सोमवार की अपराह्न लगभग दो बजे दो बाइक सवार के टक्कर में दंपति,दो सगे भाई व दो बच्चे जख्मी हो गए। घायलों में बेड़ो चनगनी टिकरा टोली गांव निवासी 40 वर्षीय बजरंग राम पत्नी 35 वर्षीय शीला देवी 9 वर्षीय शिवम कुमार व 6 वर्षीय शिवांश कुमार और बेड़ो मनखा मुंडा निवासी 20 वर्षीय आशीर्वाद सनातन खेस व अनुग्रह खेस पिता अनिल कुमार खेस है। सभी घायलों को इलाज के लिए अनिल कुमार खेस व ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया गया। जहां डा कुसुमलता की देखरेख में इलाज किया गया। बजरंग राम ने बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ हेसागुडू से अपने घर आ रहा था। इसी बीच करांजी पुल के पास अचानक सड़क पर कुत्ता के आ जाने से उससे टकरा कर आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दो सगे भाई घायल हो गए।

सिल्ली कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन

सिल्ली : सिल्ली कॉलेज सिल्ली के हिंदी विभाग द्वारा सोमवार को एमए हिन्दी के सत्र 2022-2024 के विद्यार्थियो के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ आनंद कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर एमए में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो समेत पास आउट सभी विद्यार्थियो को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण महतो, प्रो बिपन कुमार महतो, समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो नकुल महतो, दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो तिलक महतो, अर्थशास्त्र विभाग के प्रो हरेंद्र नाथ महतो, प्रो हेमलता, डॉ सुचित्रा महतो, प्रो पवन कुमार भगत, प्रो सुबोध कांत महतो, प्रो. पूर्णिमा कुमारी आदि ने विद्यार्थियों को संबोधित किये तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच संचालन निखिल प्रसाद महतो ने तथा धन्यवाद ज्ञापन इतिहास के विभागाध्यक्ष प्रो विश्वनाथ मुंडा ने किया।

रामगढ़ उपायुक्त ने की राजस्व सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा

लंबित मामलों का जल्द से जल्द करें निष्पादन : डीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त, चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली। वहीं उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। वहीं नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के

क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने दाखिल खारिज संबंधित कार्यों में आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर मैनेजर आईटी को संबंधित अंचल कार्यालय के साथ संपर्क कर समस्या हल करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने लंबित दाखिल खारिज मामलों को एक सप्ताह में अभियान मोड में कार्य कर निष्पादित करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने प्रतिभागी हुए रवाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में दिनांक 13 दिसंबर 2024 को जिला स्तरीय युवा महोत्सव के विजयी खिलाड़ियों को 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक प्रमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले युवा महोत्सव में भाग लेने हेतु सोमवार को जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेंब्रम ने अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ के परिसर से रवाना किया। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दें। गौरतलब होकि प्रमंडल स्तर पर विजयी प्रतिभागियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में मनाया गया विजय दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। बच्चों को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सैनिकों के ऐतिहासिक विजय की गौरव गाथा सुनाया गया। कार्यक्रम में आचार्य बच्चूलाल तिवारी भरतीय सैनिकों की वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का उल्लेख करते हुए बतलाया कि किस प्रकार हमारे वीर सैनिकों ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सैनिकों को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया था लगभग 93 हजार पाकिस्तानी सैनिक हमारे

भारतीय सैनिकों के समक्ष आत्मसमर्पण किए थे। प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना ने कहा कि 16 दिसंबर की तिथि हमारे इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षर में अंकित है और रहेगा। विजय दिवस पर अपने देश के सैनिकों की अदम्य वीरता एवं त्याग से प्रेरणा लेकर अपनी मातृभूमि की सेवा करने एवं सैनिकों का सम्मान करने की उन्होंने सीख दी। बच्चों ने भी भाषण एवं देशभक्ति गीतों तथा कविता के माध्यम से वीर सैनिकों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया। इसमें हर्ष कुमार, रामदुलारी, अराध्या, वैष्णवी, परिणीति, आंचल, दिव्या, निवेदिता, अनुष्का, अराध्या, इशिका, प्रियंका, रीत, ओम, मंजीत, अंकित, प्रीतम, मधुरेश गुप्ता की प्रमुख भूमिका रही। मंच संचालन बहन वर्षा कुमारी एवं आदित्य पाठक ने किया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित आचार्य अनिल कुमार, अमरदीपनाथ शाहदेव, रेखा पाठक, डॉ. गायत्री पाठक, भुनेश्वर कुमार, राकेश कुमार सहाय, इंद्रजीत सिंह, गौतम कुमार, शम्मी राज, अनूप झा, सत्येंद्र मिश्रा, ज्योति राजहंस, रिंकी कुमारी, अंजली कुमारी, श्वेता पांडा, रानी कुमारी एवं शशि कान्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की हुई बैठक

विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान लिये गये कई निर्णय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में गहन समीक्षा की गई। विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह बात कही गई योजनाओं में और अधिक पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है। मौके पर प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा कि योजनाएं विकास की नींव होती हैं। इसे धरातल में पूरी पारदर्शिता के साथ उतरना हम सब की जिम्मेदारी है। उप प्रमुख मुदस्सीर हक ने कहा कि सभी विभागों के तहत होने वाले तमाम कार्य समय पर चालू और पूर्ण करने से ही विकास की गाथाएं लिखी जा सकती हैं। जिन विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित पाए गए उन्हें शोकॉज करने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने योजनाओं की पारदर्शिता और समय पर कार्य पूर्ण किए जाने के बात कही। वहीं मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, राजेश नायक, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल व फारूक नदीम समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

राज्य की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीतियों पर लगे सवालिया निशान : आइसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणामों को लेकर छात्रों में व्याप्त गहरा असंतोष और आक्रोश राज्य की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंदोलन केवल परीक्षा परिणामों की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए नहीं, बल्कि बेरोजगारी और भविष्य की अनिश्चितता के खिलाफ युवाओं के व्यापक संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत के आसपास है। ऐसी स्थिति में सीजीएल परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताएं और पारदर्शिता की कमी युवाओं के विश्वास को तोड़ रही हैं। यह न केवल उनके भविष्य को खतरे में डाल रही है, बल्कि राज्य के विकास के लिए भी गंभीर चुनौती बन रही है। आइसा मांग करती हैं कि सीजीएल परीक्षा प्रक्रिया की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच तुरंत कराई जाए। छात्रों और युवा संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए स्थानीय उद्योगों और सार्वजनिक नौकरियों को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही स्थानीय नीति बनाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव फिर से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए।

साल्हन लैंपस में धान अधिप्राप्ति केन्द्र, प्रज्ञा केंद्र व जन औषधि केंद्र का शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : प्रखंड के साल्हन लैंपस में सोमवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र, प्रज्ञा केंद्र व जन औषधि केंद्र खोला गया। केंद्र का उदघाटन प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा व लैंपस के अध्यक्ष रोहित करमाली ने किया। मौके पर बताया गया कि निबंधित किसान लैंप्स में 24 रू किलो की दर से धान बेच सकते हैं, आधी राशि तुरंत भुगतान किया जाएगा एवं बकाया राशि धान के मिल पहुंचते ही किसान के खाते में चला जाएगा। किसान बिचौलियों के चक्कर में ना पड़े, सरकारी धान क्रय केंद्र पर ही अपने उत्पादित धान को बेचें। धान अधिप्राप्ति केंद्र खोले जाने पर सबसे पहले बेरवाड़ी के किसान अशोक महतो ने अपना उत्पादित धान यहां लाकर बेचा। इस अवसर पर बीएओ अघनु पाहन, सिकंदर साहू, रामजीत चौधरी, नवीन नायक, शहनवाज खान, मजबुल खान, छबिया नायक, नीलम मुंडा, विशाल स्वांसी, संजोती देवी, रीता कुमारी, वीणा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

डीएवी बरकाकाना में गणित सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : डीएवी बरकाकाना में सोमवार को गणित सप्ताह की शुरूआत हुई। अवसर पर वर्ग एकादश विज्ञान की रिद्धि जामवाल ने वक्तव्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत सातवीं कक्षा के आयुष ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। वहीं गणित के प्रयोग पर तीसरी कक्षा के बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया। इसके साथ ही तीसरी कक्षा के बच्चों ने अर्थमैटिक फिडल रेस प्रस्तुत किया गया। अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि गणित को कैसे रुचिकर बनाया जाए या बहुत ही आवश्यक है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में गणित के प्रति रुचि पैदा होती है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सराहनीय योगदान दिया।

सरकार का प्रयास है कि हर परिवार आर्थिक रूप से सशक्त बने : सुधीर मंगलेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दुलमी (रामगढ़) : दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय, होन्हे में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्गत दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा, और मुखिया राजीव मेहता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान 30 लाभुकों के बीच चार बकरी और एक बकरा का वितरण किया गया। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आजीविका में सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि, यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। सरकार का प्रयास है कि हर परिवार आर्थिक रूप से मजबूत और सशक्त बने और पशुपालन को एक आय के साधन के रूप में अपनाए। पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा ने लाभुकों को पशुपालन के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी और उन्हें इस योजना का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बकरी पालन से कम समय में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। मुखिया राजीव मेहता ने ग्रामीणों को धन्यवाद दिया और कहा कि सरकार की इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए पंचायत स्तर पर सक्रिय प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। लाभुकों ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

सिल्ली पॉलिटेक्निक परिसर में गणित सप्ताह समारोह का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली पालीटेक्निक परिसर में सोमवार को गणित दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। 16 से 22 दिसम्बर तक चलने वाली इस कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के निदेशक विष्णु ब्रोतो चट्टोपाध्याय, कॉलेज के प्राचार्य समीर शर्मा एवं सारे संकाय के एचओडी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कॉलेज के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन गणित के प्रोफेसर उज्जवल घोष द्वारा किया गया। इस एक सप्ताह चलने वाले गणित सप्ताह में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, मॉडल

प्रस्तुति तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन शामिल है। निदेशक विष्णु ब्रोतो चोट्टोपाध्याय ने बताया कि इस तरह के समारोह को मनाने का उद्देश्य है कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के उपलब्धियो के विषय में छात्र एवं छात्राओं को ज्ञात हो एवं उन्हें गणीत के विषय में लगाव हो। समारोह में सिल्ली मुरी के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं भी शामिल हुए । इस मौके पर सिल्ली पॉलिटेक्निक के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। आगामी 22 दिसंबर को श्रीनिवासन रामानुजन के जयंती समारोह के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

झारखंड में शीतलहर से पड़ रही कड़ाके की ठंड

20 से बारिश की सम्भावना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में शीतलहर की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। ठंड की वजह से रूम हीटर की बिक्री बढ़ गयी है जबकि गरीब लोग जलावन के सहारे ठंड काट रहे हैं। लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही पछुआ हवाओं के प्रभाव से ठंड का प्रकोप बढ़ा है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 19 दिसम्बर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान साफ रहने की संभावना है। साथ ही 20 और 21 दिसम्बर को आंशिक रुप से बादल छाये रहेंगे। दक्षिणी-पूर्वी झारखंड में हल्के दर्जे की वर्षा की संभावना है। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि एक-दो दिनों तक न्यूनतम तापमान गिरेगा। 20-21 दिसम्बर को कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। तमिलनाडु में एक सिस्टम बन रहा है। इसका असर झारखंड पर आंशिक रूप से पड़ सकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा। राज्य में कई जगहों पर शीतलहर भी चली। सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेंटीग्रेड लोहरदगा में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.2 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा।

रांची में छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोपित को भेजा जेल

रांची : शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में छात्राओं से छेड़खानी करने के गिरफ्तार आरोपित फिरोज अली उर्फ सुग्गा को सोमवार को जेल भेज दिया गया। वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड का रहने वाला है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अपर बाजार स्थित राजकीयकृत श्री शिव नारायण मारवाड़ी बालिका प्लस टू विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने स्कूटी सवार अधेड़ व्यक्ति के सोनार गली के आसपास स्कूल जाने वाली लड़ ?कियों के साथ छेड़ ?छाड़, गंदी बात तथा गलत तरीके से छूने के संबंध में आवेदन दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके के चर्च रोड से रविवार रात गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि आरोपित के बारे में सूचना देने वाले को पुलिस ने इनाम देने की घोषणा की थी। इस छेड़खानी मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था। मुख्यमंत्री ने रांची पुलिस को आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया था। मामले में आईजी, डीआईजी और एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपित को पकड़ने का निर्देश दिया था।

पश्चिमी जिला परिषद सदस्य इंस्पेक्टर राहुल कुमार ठाकुर को बधाई देने पहुंचे घर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : सिरका गांव के घर पहुंच कर राहुल कुमार ठाकुर (इंस्पेक्टर) अनुराधा मुंडा जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पश्चिमी ने बधाई दी। पिता चुनीलाल ठाकुर माता राजो देवी बड़ा सूरज कुमार ठाकुर (प्राइवेट टीचर) छोटा भाई माणिकलाल ठाकुर (रेलवे इंजीनियर) है ।

संघर्ष की कड़ी

2011 मैट्रिक स्कूल टॉपर 2014 गवर्नमेंट पॉलिटेक्निकल खूंटी बोकारो 2014 के बाद बजाज कंपनी में पुणे में एक वर्ष काम की उसके बाद 3 वर्ष सीएसआईआर-सीआईएमएफआर (केन्द्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान) में काम करने के बाद 2 वर्षों से रेलवे में काम कर रहे थे। अब परिवहन विभाग में मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) के पद में कार्य कर रहे है। जो की 23 जुलाई 2024 को ज्वाइनिंग लैटर प्राप्त हुआ। साथ में भाजपा नेता रामसाय मुंडा, पसंस सावित्री देवी साहेबराम महतो जलेश महतो शामिल थे।

एक झलक

राजनाथ सिंह के साथ संजय सेठ ने भारत-पाक युद्ध के नायकों को दी श्रद्धांजलि

रांची : नेशनल वॉर मेमोरियल में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के नायकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। राष्ट्र की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी शूरवीरों के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया।

आदित्य पांडेय ने कांके बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार सम्भाला

रांची : आदित्य पांडेय (आई.ए.एस.), सहायक समाहर्ता, रांची ने सोमवार को कांके प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात श्री पांडेय ने बोड़या पंचायत का औचक निरीक्षण किया। वहां उन्होंने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना एवं मनरेगा योजना के बारे में जानकारी लिया। साथ ही योजनाओं की एंट्री की पद्धति का अवलोकन किया। उन्होंने प्रखंड के सभी पदाधिकारी/कर्मियों से कहा कि सभी कार्यालय ससमय आए और अपने दिए गए उत्तरदायित्व का का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करें।

ड्रैगो मार्शल आर्ट्स ने की कराटे प्रतियोगिता आयोजित

रांची : ड्रैगो मार्शल आर्ट्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जो बच्चों और युवाओं में कराटे की लोकप्रियता और सम्मान को बढ़ावा देता है। कटहल मोड़, रांची में आयोजित इस बेल्ट सेरेमनी में 50 कराटेकार शामिल हुए, जि नमें शिवानी कुमारी,सीमा, प्रिय, नंदनी , अनुश्री , समीर, आकृति, शिवांश, काजल, कृष कुमार, समृद्ध सिंह ज्योति, अंकित , सिद्धि, आदि उपस्थित थे। प्रमुख अतिथियों ने प्रतिभागियों को बेल्ट और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। यह आयोजन सेंसई लव कुमार के नेतृत्व में हुआ, जो रांची में कराटे संस्कृति को विकसित करने में सक्रिय हैं। मुख्य अतिथि: रातू प्रखंड से संगीता देवी, राकेश चौधरी, मृतुंजय सिंह, और वेद प्रकाश जी ने उपस्थिति दर्ज की।

सम्मान समारोह: बच्चों को नई बेल्ट और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, जिससे उनकी कड़ी मेहनत को मान्यता मिली। महत्वपूर्ण योगदान: सेंसई लव कुमार ने कराटे की इस उपलब्धि और कार्यक्रम के सफल आयोजन की जानकारी दी।

धनुर्मास महोत्सव में श्रीगोदा-रंगनाथ व्रत का हुआ शुभारम्भ

रांची : पौषमास कृष्णपक्ष प्रतिपदा 16 दिसंबर सोमवार को धनुर्मास महोत्सव के पहले दिन अनन्तानन्त कोटि ब्रह्माण्ड के अधिश्वर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर के ही दूसरे स्वरूप श्रीरंगनाथ और लक्ष्मी स्वरूपा गोदाम्बा के रूप में पूजा- सुश्रूषा शुरू किया गया। यह क्रम पूरे एक महीने तक विधिवत चलेगा। आज प्रातः 4:30 बजे परमात्मा भगवान श्रीमन्नारायण का विश्वरूप दर्शन और तिरूवाराधन के पश्चात दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्तजल एवं गंगाजल से महाभिषेक कराया गया। फिर अनुपमेय लोकेश भगवान रंगनाथ, सर्वसहा श्यामलांगी श्रीदेवी, सर्वाभरण भूषिता भूमिदेवी एवं गोदादेवी को वस्त्र और सद्भूषणों से सुसज्जित करके नेत्रों के सफल मनोरथ स्वरूप श्रृंगार रस सागर श्रीभगवान दंपति का सुगंधित फूल राशियों से भव्य सजावट हुआ।

झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का हुआ लोकार्पण

आईएमडी के थीम सॉन्ग को किया लॉन्च

- मौसम विभाग का कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान : राज्यपाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्षगांठ के मौके पर रांची स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि मौसम विभाग ने सटीक भविष्यवाणियों और तकनीकी क्षमताओं से न केवल आपदाओं के प्रभाव को कम किया है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल के साथ स्वास्थ विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा, महानिदेशक आईएमडी मृत्युंजय महापात्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक बाबूलाल, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर राज्यपाल और विशिष्ट अतिथियों ने झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण किया। साथ ही आईएमडी का थीम सॉन्ग को लॉच किया गया। राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों को उनकी निरंतर समर्पण और सेवाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के प्रयासों ने राज्य में होने वाली गंभीर प्राकृतिक आपदाओं जैसे- वज्रपात, बाढ़, भारी वर्षा और शीतलहर के प्रभावों को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है। क्योंकि, इसने पंचायत स्तर तक सटीक मौसम पूर्वानुमान और जानकारी उपलब्ध कराकर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ किया है। राज्यपाल ने झारखंड की कृषि अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मौसम पूर्वानुमान से किसानों को फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि झारखंड को 'कृषि कर्मण पुरस्कार' प्राप्त हुआ है, जो राज्य की कृषि उत्कृष्टता को दशार्ता है और इसका श्रेय राज्य के किसानों के निरंतर प्रयासों को जाता है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश में हुए उल्लेखनीय प्रगति के बारे में भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों से तकनीकी क्षमताओं को सशक्त किया गया है, जिसका सीधा लाभ मौसम विज्ञान और आपदा प्रबंधन क्षेत्रों को हो रहा है।

एसबीयू और एनआईएसएम के बीच हुआ एमओयू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक और एनआईएसएम के जीएम डॉ. संजीव बजाज ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। समझौते के अंतर्गत वित्तीय बाजार में करियर बनाने को उत्सुक विवि के स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे। सेबी द्वारा स्थापित इस संस्थान से सफलतापूर्वक कोर्स उत्तीर्ण कर विद्यार्थी रोजगार के अलावा स्वरोजगार के क्षेत्र में भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम से एसबीयू के शिक्षकों को भी वित्तीय बाजार के विषय में नवीनतम और अद्यतन जानकारियां मुहैया करवायी जायेगी। विवि परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में विवि के कुलपति (प्रभार) माननीय श्रीधर डांडीन समेत शिक्षकगण एवं अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस एमओयू पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान और माननीय सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने हर्ष व्यक्त किया है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री को पत्राचार कर हस्तक्षेप का किया गया आग्रह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : प्रदेश में बालू आपूर्ति को सामान्य बनाये जाने के मुद्दे पर फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा मुख्यमंत्री को पत्राचार कर, हस्तक्षेप का आग्रह किया गया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और रियल एस्टेट उप समिति चेयरमेन अंचल किंगर ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखण्ड में बालू की पर्याप्त अनुपलब्धता और दरों में बेतहाशा वृद्धि से एक तरफ जहां संवेदक व डेवलपर्स के प्रोजेक्ट्स अधूरे रह जा रहे हैं, वहीं निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिक बंधुओं की भी आजीविका प्रभावित हो रही है। पडोसी राज्य बिहार पर बालू की निर्भरता के कारण लोग बेतहाशा दरों पर बालू खरीदकर निर्माण कार्य कराने के लिए विवश हैं, जिस क्रम में इसकी कालाबाजारी भी चरम पर है जिसकी अतिशीघ्र समीक्षा आवश्यक है। एक अन्य मामले में चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा द्वारा नगर विकास मंत्री को पत्राचार कर प्रदेश में रियल एस्टेट कारोबार के प्रोत्साहन में आनेवाली चुनौतियों पर विमर्श के लिए संयुक्त बैठक की भी ईच्छा जताई गई। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय: बाबूलाल मरांडी

रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है। राज्य सरकार लाठी-डंडे से लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही है। मरांडी ने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने की बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बेरोजगार छात्रों के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज लाठी केवल छात्रों पर नहीं चली है, बल्कि सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है।

विश्व सर्वभाषा कवि सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी डॉ. ममता मनीष सिन्हा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. ममता मनीष सिन्हा को प्रसार भारती आकाशवाणी दिल्ली द्वारा आयोजित विश्व के सबसे बड़े सर्वभाषा कवि सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम 18 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2024 तक आकाशवाणी मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित होगा। डॉ. ममता मनीष सिन्हा का चयन संथाली भाषा की अनुवादिका के रूप में हुआ है। उल्लेखनीय है कि 21 भाषाओं के चयनित कवियों द्वारा कविताओं का हिंदी अनुवाद प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम अधिकारी, रामावतार बैरवा ने बताया कि 'डॉ. ममता मनीष सिन्हा का चयन उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक प्रतिभा और संथाली भाषा पर उनकी गहरी पकड़ को देखते हुए किया गया है।' डॉ. ममता न केवल एक प्रतिष्ठित कवयित्री हैं, बल्कि कुशल मंच संचालिका और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वह कौशल विकास परियोजना अन्तर्गत गुगन नीटवेयर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रशिक्षण प्रदान करने के क्षेत्र में काम कर रही हैं। इसके अलावा, वह महिलाओं और दिव्यांगजनों की शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार जैसे मुद्दों के समाधान हेतु विभिन्न क्षेत्रीय एनजीओ के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। डॉ. ममता मनीष सिन्हा ने कहा कि 'झारखंड का विश्व पटल पर प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह अवसर मेरे राज्य के साहित्य और संस्कृति को नयी पहचान देगा।' पिछले 68 वर्षों से आकाशवाणी द्वारा इस कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, और डॉ. ममता का इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए चयन झारखंड के साहित्य जगत के लिए गौरव का विषय है। डॉ. ममता पूर्व में भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं। उनके इस सम्मान पर झारखंड के साहित्य प्रेमियों में हर्ष और गर्व का माहौल है।

सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली मामला

छात्र अभ्यर्थियों पर पुलिस के लाठीचार्ज की आजसू ने की निंदा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ आज झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के विरुद्ध रांची में घेराव करने आये छात्र अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा की गयी लाठी चार्ज का आजसू ने निंदा किया। आजसू शुरू से यह मांग रहा है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा सीजीएल परीक्षा सहित अब तक आयोजित हुए सभी परीक्षाओं का रिजल्ट का प्रकाशन फ्री एंड फेयर होनी चाहिए लेकिन जिस हड़बड़ी में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग रिजल्ट का प्रकाशन कर रहा है उससे कहीं ना कहीं जाहिर होता है कि बड़े पैमाने पर धांधली हुई है। सीजीएल परीक्षा को लेकर उच्च न्यायालय में सुनवाई चल रही है और अभी कुछ दिनों के अंदर में फिर से शुरूआत होना है। इस बीच हमारे मांडू के विधायक द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में धरना देकर सदन में आवाज उठाकर अभ्यर्थियों के समर्थन में परीक्षा का जांच और फ्री एंड फेयर परिणाम की मांग किया गया था, जिस पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सीआईडी से जांच करने का निर्देश जारी किया गया है।

गौतम अडानी की जालसाजी का हुआ पर्दाफाश : केशव महतो



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाये गये आरोप से भ्रष्टाचारी धोखाधड़ी और छल की जालसाजी का पदार्फाश हुआ है। मणिपुर निरंतर हिंसा गोलीबारी कर्फ्यू और अराजकता के अभूतपुर्व संकट का सामना कर रहा है, यहां के नागरिक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। अदानी मुद्दे पर संसदीय चर्चा से बचना और मणिपुर मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की चुप्पी एक चिंता जनक संकेत है प्रधानमंत्री द्वारा अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं करना यह हैरानी की बात है। इन मुद्दों पर देशव्यापी आंदोलन का आहवान कांग्रेस द्वारा किया गया है। इसी क्रम में शहीद स्थल रांची से राजभवन तक राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है। उक्त घोषणा संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने करते हुए कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि चुनावी समीक्षा तथा कार्यकताओं का आभार जताने हेतु 21 दिसंबर को आभार समागम का आयोजन किया गया है। महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने के 100 वर्ष पूर्ण होने पर 26 दिसंबर को प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक गांधी जी के विचारों को प्रचारित प्रसारित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदेश कार्यालय में गांधी जी से जुड़े तथ्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर 28 दिसंबर को कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है। राज भवन मार्च हेतु तैयारी लगभग पूर्ण हो गई हैं। गांधी जी के अध्यक्ष के कार्यकाल के शताब्दी समारोह के अवसर पर 27 दिसंबर को बेलगाम में रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी सांसद,कार्य समिति सदस्य,प्रदेश अध्यक्ष,विधायक दल नेता एआईसीसी डेलीगेट शामिल होंगे।

विश्व विख्यात तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन पर शोक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : विश्व विख्यात सुप्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के आकस्मिक निधन पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है। संगीत नाटक अकादमी, ग्रैमी, पद्म श्री, पद्म भूषण व पद्म विभूषण जैसे अनेक पुरस्कारों से सम्मानित, सुप्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन कला एवं संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है । उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को ही उम्र भर जिया, तथा उन्होंने भारत ही नहीं पूरे विश्व को भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रति आकृष्ट किया। उनके निधन के साथ ही एक युग का अवसान हुआ है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों मे- रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव अनिल अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, पवन पोद्दार, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, प्रमोद अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, कौशल राजगढ़िया, किशोर मंत्री, कमलेश संचेती, कमल जैन,प्रमोद सारस्वत, निर्भय शंकर हारित, मनोज बजाज, संतोष अग्रवाल, अंजय सरावगी,रतन मोर, रमन वोडा, अनूप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, राजेश भरतिया, निर्मल बुधिया, विकास अग्रवाल, सौरभ बजाज, मनीष लोधा, अमित बजाज, रौनक झुनझुनवाला, अमित चौधरी, सनी टिबडेवाल, विशाल पाड़िया, आदि शामिल है।

डीएवी हेहल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया दमखम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : नयी दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के विभिन्न स्टेडियमों में डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति, नयी दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित 02 दिसम्बर से 08 दिसम्बर,2024 'डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स' की राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।स्कूल के खिलाड़ियों ने कुल 30 स्वर्ण,14 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया।बालिका वर्ग के अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रियांशी ने 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब अपने नाम किया। खो-खो अंडर-19 में टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

शूटिंग प्रतियोगिता में बालिका वर्ग (अंडर-14, 17, 19) में स्वर्ण पदक और बालक वर्ग (अंडर-17, 19) में रजत पदक हासिल किए।

एरोबिक्स में बालक अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण और अंडर-19 वर्ग में रजत पदक जीते।

कराटे प्रतियोगिता में सूरियब यश ने अंडर -19 वर्ग में कांस्य पदक अर्जित किया।

विद्यालय के खिलाड़ियों की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. मिश्र ने कहा कि ₹हमारे खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डीएवी का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। उनकी यह मेहनत और उपलब्धि प्रशंसनीय है।प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास जारी रखने की सलाह देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की कामना की।₹ इसके साथ ही प्राचार्य ने खेल शिक्षकों संजय मण्डल,एस एम अजीम,प्रोलय करमाकर,अमर तिवारी एवं अन्य शिक्षकों, खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं।

रातू ब्लॉक में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम 'विधान से समाधान' का आयोजन

डायन कह कर मारना या प्रताड़ित करना एक अपराध : राजेश कुमार सिन्हा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नयी दिल्ली, झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, डालसा के मार्गदर्शन में रातू ब्लॉक, रांची में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने जागरूकता कार्यक्रम 'विधान से समाधान' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसएसी डिपुटी, राजेश कुमार सिन्हा, अधिवक्ता मध्यस्थ, सुश्री ममता श्रीवास्तव, विधि के छात्र-छात्राएं प्रार्थना चौबे, खुशी जैन, गुंजन कुमार, राहुल कुमार, हर्षल, संस्कार आर्य, अभिषेक कुमार, ऋतिका आनंद, अतीश रंजन, ऋतिका कुमारी, नेयाबा अहब, प्रीत प्रयामा, प्रिशा नारायण, रातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार चौरसिया उपस्थित थे। मंच का संचालन बीडीओ, सत्येंद्र कुमार चौरसिया ने किया। अपने स्वागत भाषण उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके साथ ही साथ उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा महिलाओं को दी जानेवाली सुविधाओं व सरकार द्वारा दी जानेवाली लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। एलएडीसीएस डिपुटी श्री राजेश कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में महिलाओं से संबंधित कानून के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने डायन प्रथा, बाल तस्करी एवं बाल विवाह पर लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डायन-बिसाही अंधविश्वास है, किसी भी महिला को डायन कहकर मारना या प्रताड़ित करना कानून अपराध है। बाल विवाह पर फोकस करते हुए कहा कि अभिभावक अपने कन्याओं की विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें, उनकी पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दें। बाल तस्करी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चियों को लालच देकर झारखंड से दूसरे राज्य में ले जाकर उससे वैश्यावृत्ति का काम कराते हैं या फिर उन्हें भिखारी बनाकर भीख मांगने पर मजबूर करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्रम कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया।

विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी रांची ने की सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 01 से 53) अनुभाजन क्षेत्र रांची के साथ बैठक

सभी प्रमुख बिन्दुओं पर होगी एजेंडावार समीक्षा

- ग्रीन राशन कार्डधारी का माह जनवरी, नवम्बर, दिसम्बर-2024 का वितरण प्रतिशत में सुधार लाने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 01 से 53) अनुभाजन क्षेत्र रांची के साथ बैठक करते हुए निम्न निर्देश दिये गये:

(1) झारखण्ड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत ग्रीन राशन कार्डधारी का माह जनवरी एवं नवंबर, दिसम्बर 2024 का राशन वितरण में प्रतिशत में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

(2) झारखण्ड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत खाद्यान उठाव में और अधिक सुधार करने के लिए निर्देश दिया गया।

(3) ई- केवाईसी कार्डधारी का आधार कार्ड से 3 दिनों के अंदर ऑनलाइन सिडिंग कराने का निर्देश सम्बंधित डीलर इंचार्ज को दिया गया।

(4) मोबाइल सिडिंग हर कार्डधारी का कराते हुए इसमें और सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

(5) चना दाल/ नमक/ चीनी/ केरोसिन तेल वितरण कि समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वितरण कराने का निर्देश दिया गया।

(6) सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना कि समीक्षा करते हुए इसका वितरण जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया।

(7) PGMS पोर्टल में आई शिकायतों का समाधान कराने का निर्देश दिया गया।

विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 01 से 53) अनुभाजन क्षेत्र रांची के साथ बैठक करते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग के सभी दिशा निदेशों का पालन सुनिश्चित रूप से पालन करने का निर्देश दिया।

झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की

वैश्यों का सुरक्षा कवच है पीला झंडा : महेश्वर साहु

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपने आवास और प्रतिष्ठानों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत की। भुरकुंडा में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, गोमिया में कार्यकारी अध्यक्ष मोहन साव, रांची में उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, ओरमांझी में उप प्रधान महासचिव अशोक गुप्ता, पंडरा में संगठन महासचिव अनिल वैश्य आदि केंद्रीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने घरों के ऊपर वैश्यों की स्वाभिमान का प्रतीक झंडा लगाकर इस अभियान की शुरूआत की. यह अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा और प्रथम चरण में सभी स्तर के पदाधिकारियों को अपने आवास और प्रतिष्ठान में वैश्य मोर्चा का झंडा लगाना है। इस झंडा लगाओ अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि पीले रंग का झंडा वैश्य मोर्चा ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्य समाज की शान है. यह झंडा वैश्यों की शालीनता, एकता और शक्ति की पहचान है. वैश्य समाज के लोग बेवजह किसी को नुकसान पहुंचाने की मंशा नहीं रखते हैं, लेकिन कोई हमें छेड़े और हकमारी करे तो हम चुप भी नहीं रह सकते हैं। वैश्य मोर्चा का झंडा वैश्य समाज का सुरक्षा कवच भी है। श्री साहु ने कहा कि जल्द ही वैश्य मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक होने वाली है, जिसमें आगे की रणनीति और कार्यक्रम घोषित किये जायेंगे।

एक झलक

विष्णुगढ़ के महाराजा होटल में अज्ञात चोरों ने की चोरी

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग स्थित लकड़ी डिपो के समीप महाराजा होटल में बीती रात में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना का अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज दास उम्र 48 वर्ष पिता स्वर्गीय बलदेव रविदास ग्राम चलांगा पोस्ट भेलवारा थाना विष्णुगढ़ निवासी रोजगार के लिए विष्णुगढ़ गोमिया-मार्ग स्थित लकड़ी डिपो के समीप महाराजा होटल चलाते हैं। दिनांक 15 दिसंबर 2024 दिन रविवार की रात्रि 10 बजे हमेशा की भांति होटल बंद करके अपने घर चले गये। 16 दिसंबर को प्रातः 7 बजे जब वह दुकान पहुंचे तो पाया कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। दुकान के अंदर जा कर देखा तो पाया कि दुकान में दो टंकी सिलेंडर गैस जो कि पूरा भरा हुआ था, अंडा दो कार्टून, चावल 50 किलो, चाउमीन 30 किलो का बोरा, पका हुआ चिल्ली, चाऊमीन, चिकन पका हुआ, पैकिंग करने वाला सभी सामग्री एवं गले में रखा हुआ नगद पैसा लगभग 800 से 900 रुपये गायब हैं। पूर्व में भी 26 जून 2024 को भी उक्त होटल पर ऐसी घटना हो चुकी है।

पुलिस एसोसिएशन ने सदर विधायक को दिया पत्र

हजारीबाग : सोमवार को झारखंड पुलिस ऐसोसिएशन हजारीबाग के अध्यक्ष, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार अपने सचिव पुलिस निरीक्षक जगलाल मुण्डा कोषाध्यक्ष सअनि संजय कुमार यादव के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से भेट कर पुलिस क्लब हजारीबाग मे एक किचिन एव डायनिंग शेड बनवाने हेतु आग्रह किया गया। इसमें काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी रहते है। वहां पर पुलिस पदाधिकारियों को खाना खाने के लिए मेंस चलती है। लेकिन किचेन काफी जर्जर की स्थिति में है तथा काफी पानी भी चुता है। जिसके कारण पुलिस पदाधिकारियों को खाना बनबाने एवं खाने में काफी दिक्कत होती है। खाना बनाने एवं खाना खाने के लिए किचन सह डाइनिंग सेड की अति आवश्यक है।

आगामी 20 दिसम्बर को प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में आयोजित होगी क्रिसमस गेदरिंग

कटकमसांडी : प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में आगामी 20 दिसंबर को क्रिसमस गेदरिंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सधर विधायक प्रदीप प्रसाद मौजूद होंगे। उक्त आशय की जानकारी प्रधानाध्यापक विजय मसीह ने दी है। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा गीत, नृत्य नाटक प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस अवसर पर अभिभावक एवं एसएमसी सदस्य व प्रबुद्धजन मौजूद रहेंगे।

क्रिकेट ट्रायल मैच का आयोजन

हजारीबाग : बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संगठन, हजारीबाग अंचल द्वारा आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट (बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर एसोसियेशन, झारखंड राज्य) हेतु अंचल के चारों जिला हजारीबाग, कोडरमा, चतरा और रामगढ़ के अधिकारियों के लिए क्रिकेट ट्रायल मैच का आयोजन संत कोलंबस कॉलेज ग्राउंड में किया गया। इस ट्रायल मैच के लिए मुख्य अतिथि के रूप में रटएउ के सहायक महाप्रबंधक अमित भदानी सर, अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश आजाद तथा अंचल के सहायक महासचिव अमर कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग कार्यसमिति सदस्य मनीष बर्नवाल, कोडरमा से संदीप कुमार तथा हजारीबाग अंचल के अधिकारी प्रवीण, शिव, सुजीत बर्नवाल, मुकुंद झा, बिमलेश, सुशांत, अपूर्व, दीपक इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

जतरा मेले में लोहे से बनी वस्तुओं का होता है बिक्री व मेले का हुआ भव्य आयोजन

दारू : प्रखंड के हरली गांव में सोमवार को जतराहिटांड में पारंपरिक जतरा मेला का आयोजन किया गया। हर वर्ष पौष मास की प्रतिपदा तिथि को आयोजित होने वाले इस मेले में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में खरीदारों ने पारंपरिक और हस्तनिर्मित औजारों के साथ-साथ घरेलू उपयोग की कई वस्तुओं की खरीदारी की।

नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में हुआ भव्य समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने जिले के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन सोमवार को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3:00 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, समारोह में सदर विधानसभा के विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही के विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा के विधायक अमित यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंच संचालन कुमार केशव के द्वारा किया गया वही धन्यवाद ज्ञापन सचिव राकेश ठाकुर ने किया। विधायकों का स्वागत फेडरेशन के अध्यक्ष, सचिव सहित तमाम पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा किया गया, फूलों के गुलदस्ते, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। मंच पर विधायकों को सम्मानित करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके द्वारा समाज और क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सहसचिव अहमद तारीक रजा, कोषाध्यक्ष कपिल जैन उर्फ बंटी, मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल सहित संस्था के तमाम सदस्य उपस्थित रहे। प्रदीप प्रसाद सदर विधायक ने कहा की सदर क्षेत्र की जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे मैं विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करूंगा। व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को

प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाएगा। मनोज कुमार यादव बरही विधायक ने कहा की बरही को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। व्यापारिक समुदाय हमारे क्षेत्र की रीढ़ है, और उनकी बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। अमित यादव बरकट्ठा विधायक ने कहा की बरकट्ठा क्षेत्र के युवाओं, व्यापारियों और किसानों के विकास के लिए मैं पूरी तरह समर्पित हूं। सभी के सहयोग से हम क्षेत्र को एक नई पहचान देंगे। फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की हमारे नवनिर्वाचित विधायकों का स्वागत और सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। ये जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में विकास और समृद्धि लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फेडरेशन हमेशा व्यापार, उद्योग और समाज के विकास के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। हम आशा करते हैं कि हमारे विधायकों के नेतृत्व में हजारीबाग और इसके आसपास का क्षेत्र एक नई ऊंचाई पर पहुंचेगा। फेडरेशन के सचिव राकेश ठाकुर ने कहा की फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक समुदाय की आवाज बनना और क्षेत्र के विकास में योगदान देना है। हमारे नवनिर्वाचित विधायकों के साथ मिलकर हम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और व्यापार को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। हम विधायकों से अनुरोध करते हैं कि वे व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दें और क्षेत्र में बेहतर बुनियादी ढांचा और सुविधाएं सुनिश्चित करें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल ने दी।

चौपारण पुलिस व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : चौपारण दिन सोमवार को चौपारण पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई की गई। गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयनी जंगल के दुरागड़ा, सिकदा और मुरेनिया के जंगल मे लगे लगभग 25 एकड़ मे अफीम (पोस्ते) का पौधा और कई जगह डाले गए बीज को ट्रैक्टर से रौंद कर नष्ट कर तस्करों के मनसूबे पर पानी फेर दिया है। वहीं प्रादेशिक वन मे प्रभारी वनपाल पंकज कुमार के नेतृत्व मे भदेल मे 2 एकड़ और जागोडीह कालिदाग मे 3 एकड़ जंगल मे अफीम के पौधे का विनिष्टीकरण अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया की गुप्त सुचना के आधार पर कार्रवाई किया जा रहा है और आगे भी अफीम विनिष्टीकरण अभियान जारी रहेगा। इस समय चौपारण प्रखंड के सभी जंगलो मे अफीम की खेती शुरू हो चुकी है खासकर गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयनी मे। जंगल मे लगे अफीम की खेती वन विभाग के लिए चुनौती का विषय है। वन विभाग के सैकड़ो एकड़ जमीन में अभी भी अफीम का पौधा अब भी लहलहा रहा है। छापामारी अभियान मे चौपारण पुलिस और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वन विभाग से कुलदीप कुमार महतो, जयनेन्द्र कुमार और दैनिक वेतन भोगी शामिल थे। प्रादेशिक वन से प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी अजीत कुमार गंझु, कृष्णा प्रसाद, बरकठा से प्रभारी वनपाल आनंद कुमार सिंह, वनरक्षी संटू कुमार, भोला कुमार, निचित महतो, चेतन कुमार शिशिर मिंज एवं अन्य दैनिक कर्मी शामिल थे।

बादम पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 06 प्रत्याशियों ने किया नामांकन, 27 दिसम्बर को चुनाव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत के पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल करने वालों में अथहर इमाम, इमरान अहमद, फैसल अख्तर, नियाज अहमद, बबलू पासवान और मुजाहिदुल हुसैन शामिल हैं। सर्वसम्मति से 8 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया जिसमें दीपक दास, गौतम वर्मा, मंजर अली, रजाउल हक, दिलीप कुमार, आमिर अकबर, गीता देवी एवं गीता देवी शामिल हैं।बीसीओ भूपेंद्र महतो ने बताया कि कार्यकारी अध्यक्ष मुदस्सर अकबर के देखरेख में नामांकन प्रक्रिया और चुनाव संपन्न होगा। बीसीओ ने कहा कि 17 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन पर आपत्ति प्राप्त की जाएगी। 12 से 2 बजे तक आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा। 2:30 बजे विद्यमान्य नामांकन की सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 3 से 3:30 बजे तक नामांकन वापसी किया जाएगा। अगर कोई नामांकन वापसी होती है तो दोबारा नामांकन सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 4:30 बजे चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। 27 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा। चुनाव समाप्ति के पश्चात तुरंत मतों की गिनती की जाएगी। उक्त सभी कार्यक्रम पंचायत भवन बादम के प्रांगण में संपन्न होगा। कुल 493 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

आदर्श डिनोबली स्कूल में कराटे चयनित प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

- आज के इस युग में कराटे की प्रशिक्षण सभी छात्र-छात्राओं को करने की जरूरत है : अशोक कुमार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो स्थित आदर्श डिनोबली पब्लिक स्कूल में सोमवार को हजारीबाग जिला स्तरीय उत्कल कराटे स्कूल झारखंड शाखा की ओर से एकदिवसीय चयनित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें आदर्श डिनोबली पब्लिक स्कूल के 100 कराटे छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन विद्यालय के महानिदेशक अशोक कुमार एवं प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि आज के इस युग में कराटे की प्रशिक्षण सभी छात्र-छात्राओं को करने की जरूरत है, जिससे वह अपनी आत्मरक्षा कर सके, साथ ही जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में शामिल होकर हमारे क्षेत्र एवं विद्यालय का नाम रौशन कर सके। आदर्श डिनोबली पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी ने बताया कि कराटे के प्रशिक्षण से छात्राएं अपने आत्मरक्षा के साथ-साथ दूसरों की भी रक्षा स्वयं कर सकती हैं। इस कराटे प्रशिक्षण से अपना करियर खुद बना सकती हैं। उत्कल कराटे स्कूल झारखंड शाखा के मुख्य परीक्षक से सेसांई महादेव गोप ने बताया कि आज के इस प्रशिक्षण का मकसद छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में होने का है, जो आगामी जनवरी माह 2025 में होने जा रहा है। आज के इस कराटे प्रशिक्षण शिविर में काता-कुमिते-स्तांश-रंधोरी-खाकिते एवं एडवांस कुमिते का प्रशिक्षण दिया गया ताकि कराटे में बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। प्रशिक्षण में धनबाद जिला महिला प्रशिक्षक सेपाई पायल कुमारी, गिरीडीह जिला प्रशिक्षक सेंदाई नकुल कुमार यादव, हजारीबाग जिला प्रशिक्षक विक्रम कुमार नायक और जयश्री सेन एवं बोकारो महिला प्रशिक्षक डोली कुमारी महतो के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन समारोह में आदर्श डिनोबली पब्लिक स्कूल के संतोष कुमार सिंह, अमित कुमार, उमेश कुमार, राजीव रंजन कुमार, गणेश कुमार महतो, सुलेखा कुमारी, पूजा कुमारी, सरिता कुमारी, आंचल कुमारी, प्रिया कुमारी, सोनी कुमारी आदि शामिल हुए।

राजनीति विज्ञान विभाग में आयोजित हुआ इंडक्शन मीट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में सोमवार को इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागीय शिक्षण डॉ बी पी सिंह, डॉ मार्गरेट लकड़ा, डॉक्टर प्रमोद कुमार तथा डॉ अजय बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय, विभाग तथा राजनीति विज्ञान विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों में से अनन्या शर्मा, विधि कुमारी, श्रवण कुमार तथा शगुफ्ता ने अपने-अपने संबोधन में विभाग की परंपराओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रथम समसत्र के विद्यार्थियों को दिया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में तृप्ति और मनीषा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इनके अलावा प्रियंका कुमारी और हिना कौसर ने भी गीत गाए। रोहित कुमार ने चुटकुला सुना कर सबको हंसाया वही पिंटू कुमार ने अर्थपूर्ण शायरी प्रस्तुत किया। नैना कुमारी ने अपने जीवन के सफर को सबके साथ साझा किया। इस अवसर पर प्रथम समसत्र के विद्यार्थियों के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका संचालन सुहानी कुमारी ने किया। विद्यार्थी रोहित कुमार को,'श्री' और नैना कुमारी को 'सुश्री' राजनीति विज्ञान के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन निशु कुमारी और आंचल सिंह ने रोचक अंदाज में किया। विद्यार्थी वीरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। विभाग के शोधार्थी और दोनों समसत्र के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

श्रीदस स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का हुआ आगाज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : प्रखंड अंतर्गत के देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बरही के डीएसपी अजीत कुमार विमल उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह व उप प्राचार्य विकास सिंह अतिथियों को गीता और पौधा देकर सम्मानित किया। डीएसपी अजीत कुमार विमल ने फीता काटकर और मशाल जला कर इस वार्षिक खेल उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि अजीत कुमार विमल ने स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य रोहित सिंह की सराहना करते हुए कहा कि गीता जैसा पवित्र उपहार पाकर मैं अभिभूत हूं। बच्चों को गीता के श्लोकों के माध्यम से कर्म पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश भी दिया। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में हर वर्ष दिसंबर महीने में इस खेल

उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्कूल के सभी हाउस एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस दौरान भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बहुत कम समय में अपनी ऊंचाइयों को छू रहा है, जो अद्वितीय है। विद्यालय के बच्चे हर साल राज्य की टीम में चयनित होकर इस क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। वहीं, प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास पर काम करता है। फाइनल और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हम सप्ताहभर का यह आयोजन करते हैं, ताकि बच्चे तरोताजा नजरिए के साथ अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम को देखें और परीक्षा की तैयारी करें। उन्होंने यह भी बताया कि खेल उत्सव के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्कूल टीम में चयनित किया जाएगा, जो इन्टर स्कूल और इन्टर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामें ट में स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में लिंग भेद पर नुक्कड़ नाटक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के निदेर्शानुसार गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में सोमवार को लिंग भेद पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसमें बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रशिक्षु कपिल देव एंड ग्रुप और अंजलि एंड ग्रुप ने लिंग भेद पर संदेशपरक नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के जरिए यह बताया गया कि आज डिजिटल युग में भी महिला-पुरुष दोनों वर्ग लिंग भेद का दंश झेलते हैं। वहीं आज महिला-पुरुष कंधे-से-कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम कर रहे हैं। ऐसे में लिंग भेद समानता की राह में बड़ा बाधक साबित हो रहा है। यह लिंग भेद खत्म करने में समाज को अहम भूमिका निभाने की जरूरत है ताकि महिला-पुरुष निःसंकोच व समान भाव से हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी प्रस्तुत कर पाएं। प्रभारी प्राचार्या डा. पुष्पा कुमारी के नेतृत्व में चार नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर प्रशिक्षुओं ने लिंग भेद पर सामाजिक जागरुकता का संदेश दिया। इसमें सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि, रचना कुमारी, डा. मीरा कुमारी, स्नेहलता खलखो, सहायक प्राध्यापक संदीप खलखो, डा. अनुरंजन कुमार आदि ने सहयोग किया।

विजय दिवस के ऐतिहासिक शौर्य गाथा पर जदयू नेता ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : सोमवार को समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने 1971 में भारतीय सेना की पाकिस्तानी सेना पर विजय की ऐतिहासिक शौर्य गाथा पर परिसदन समीप स्थित शहीद स्मारक पार्क पहुंचकर श्रद्धासुमन तथा माल्यार्पण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया। युद्ध में शहीद हुए जवानों की शहादत तथा उनके पराक्रम को नमन किया। उनकी वीरांगना को सम्मानित कर उन्हें विशेष समान दिया। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने कहा कि अतुलनीय शौर्य एवं साहसपूर्ण प्रदर्शन से भारत के स्वाभिमान की विजय पताका फहराने वाले वीर जवानों की

गौरवगाथा के स्वर्णिम पृष्ठ विजय दिवस के अवसर पर समस्त वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1971 में भारतीय सेना की पाकिस्तानी सेना पर विजय की ऐतिहासिक शौर्य गाथा स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया और जो समस्त देशवासियों को सदैव के लिए गौरवान्वित किया। मां भारती के सभी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मौके पर अनुज कुमार, कौशल कुमार, रमेश कुमार, सन्नी कुमार, अनिल कुमार, उज्जवल कुमार, नेहा कुमारी, काजल कुमारी एवं प्रीति कुमारी सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

सड़क दुर्घटना में पिंटू कुमार की मौत

बड़कागांव : बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम-अंबाजीत पथ में बीती शाम राम लखन सिंह के मकान के पास सड़क दुर्घटना में गोंदलपुरा निवासी गणेश महतो का 26 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार का मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि एक युवक बादम निवासी झरी महतो का पुत्र बिहारी महतो घायल हो गया। बिहारी को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाज जारी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक हजारीबाग से कपड़ा खरीदारी कर स्कूटी वाहन नंबर जेएच 02 बीसी - 0361 से मोतरा घाटी होते हुए घर आ रहे थे। इसी बीच राम लखन सिंह के घर के पास एक ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हुई, जिससे पिंटू की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

शीतकालीन राहत अभियान के तहत 200 कम्बल वितरित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शीतकालीन राहत अभियान के तहत इस रविवार को 200 कंबल का वितरण किया गया। यह अभियान प्रति रविवार को आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत जरूरतमंदों को सर्दी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए जाते हैं।

इस रविवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम नगवां टोल प्लाजा के समीप आयोजित किया गया। इसके साथ ही दूसरा कार्यक्रम बड़ा बाजार चौक पर आयोजित किया गया, जहां जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा पूरे सर्दी के मौसम तक, फरवरी 2025 तक, प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जायेगा। मौके पर समाजसेवी सी पी जैन ने कहा कि हमारे समाज में जरूरतमंदों की मदद करना हमारी प्राथमिकता है। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि शीतकालीन राहत अभियान का उद्देश्य लोगो को समाज सेवा के लिए प्रेरित करना और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना है। यह कार्यक्रम सर्दियों में खासतौर पर उन लोगों के लिए है, जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त साधन नहीं हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह अभियान पूरी सर्दी के मौसम में चलता रहे, ताकि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद कर सकें।

शिक्षा के साथ-साथ खेल व संस्कृति को भी बढ़ावा देता है : आईपीएस प्री-प्रोबेशन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : माउंट कार्मल स्कूल में प्रथम वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस प्री-प्रोबेशन श्रुति सिंह ने शिरकत की। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर जेस्सी और शिक्षकों की टीम ने अतिथियों का स्वागत फूलों के गुलदस्ते और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर किया गया। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक

प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ खेलकूद की विभिन्न स्पधाओं में भाग लिया, जिनमें दौड़ सहित कई अन्य खेल शामिल थे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विविधता को प्रदर्शित करने वाले नृत्य और नाटक ने अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा यह देखकर गर्व होता है कि माउंट कार्मल स्कूल न केवल शिक्षा बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी छात्रों को प्रोत्साहित कर रहा है। खेलकूद बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं। साथ ही कहा की हमारे टीम के द्वारा एक लाख पौधा लगाया जा चुका है आप सभी के सहयोग से इसे 5 लाख की ओर अग्रेषित करना है लिए हम सब मिलकर पौधा लगाकर अपने हजारीबाग को हरा-भरा और समृद्धि बनाएं साथी कहा कि ऐसे विद्यार्थी जीने पढ़ने में सुविधा हो रही है उनके लिए मैं सहायता पहुंचाऊंगा ताकि वह अपनी शिक्षा बेहतर तरीके से कर सके विशिष्ट अतिथि आईपीएस प्री-प्रोबेशन श्रुति सिंह ने कहा की आज के बच्चों में जो ऊर्जा और उत्साह देखा, वह देश के उज्ज्वल भविष्य की झलक है। माउंट कार्मल स्कूल का यह प्रयास सराहनीय है, जो छात्रों को एक संतुलित और समग्र शिक्षा प्रदान कर रहा है। मैं स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देती हूं। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर जेस्सी ने कहा की यह हमारे स्कूल के लिए गर्व का क्षण है कि हमने पहला वार्षिक खेल दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया। हमारा उद्देश्य है कि हम अपने छात्रों को केवल शैक्षणिक शिक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके संपूर्ण विकास के लिए प्रेरित करें।

विभावि में फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत आयोजित हुए कई खेल

हजारीबाग : फीट इंडिया वीक-2024 के नोडल पदाधिकारी डॉ० उमेंद्र सिंह के नेतृत्व में सोमवार को पारंपरिक और आधुनिक खेलों का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक खेल खो-खो से हुई। पुरुष वर्ग मे अर्थशास्त्र विभाग और शिक्षाशास्त्र विभाग के बीच हुए मुकाबले में शिक्षाशास्त्र विभाग ने जीत हासिल की। महिला वर्ग मे अर्थशास्त्र विभाग की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। इसके बाद क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के शोधार्थियों ने भाग लिया। एक टीम का नेतृत्व अर्थशास्त्र विभाग के रेशु कुमार ने किया, जबकि दूसरी टीम की कप्तानी हिंदी विभाग की राधा सागर महथा ने संभाली। शानदार प्रदर्शन के साथ रेशु कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने यह मुकाबला जीता। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. विनोद रंजन, डॉ. सुबोध कुमार सिंह 'शिवगीत', डॉ. केदार सिंह, डॉ० अविनाश कुमार सहित 400 से अधिक छात्र उपस्थित रहे।

एक झलक

राज्य के 15 तकनीकी संस्थानों के 30 छात्रों के आइडिया का फाइनल के लिए चयन

सिन्दरी (धनबाद) : राज्य स्तरीय आइडिया पिंचिंग प्रतियोगिता के लिए राज्य के 105 तकनीकी संस्थानों में से 15 तकनीकी संस्थानों के 30 आइडिया का फाइनल के लिए चयन किया गया है। आइडिया पिंचिंग प्रतियोगिता का फाइनल झारखंड टेक्निकल विश्वविद्यालय रांची में 21 दिसंबर को होगा। आइडिया पिंचिंग प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश कुमार ने आइडिया पिंचिंग प्रतियोगिता के 14-15 दिसंबर को आयोजित सेमीफाइनल में चयनित तकनीकी संस्थानों और आइडिया पिंचिंग के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि सबसे अधिक बीआईटी सिंदरी के पांच पिंचिंग आइडिया का चयन हुआ है। इनमें सैयद अदनान अहमद का वो-हेल्म , कुणाल कुमार स्वर्णकार का ख्वाब - पब्लिकेशन्स, कौशिक कुमार सिन्हा का सेफगार्ड,आर्यन रे का क्यूआर - वेड्स तथा प्रियरंजन दूबे का पिंचिंग आइडिया पमन का चयन हुआ है। सभी चयनित प्रतिभागी 21 दिसंबर को रांची मे आयोजित फाइनल में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगें।

सम्पन्न हुआ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

कतरास (धनबाद) : श्री श्री राधा कृष्ण प्रेम मंदिर कतरास के तत्वाधान में आयोजित श्री मद्भागवत कथा का समापन सोमवार को हो गया। सुरेंद्र हरिदास जी ने व्यास पीठ से भक्तों को कथा श्रवण कराया था। तकरीबन 3000 भक्त श्रद्धालु आज महाप्रसाद भंडारा में शामिल हो भगवान के चरणों में हाजिरी लगाये। इस कथा को सफल बनाने में प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, कस्तूरी देवी अशोक कुमार वर्मा गीता देवी, विनय कृष्ण गुप्ता, अल्का देवी, संजय चौधरी, सुमन चौधरी केडिया परिवार, श्री सांवरो सेठ निशान यात्रा, श्रीकृष्ण गुप्ता नर्मदा देवी, अवधेश प्रसाद गुप्ता मनिषा देवी, मनोज कुमार गुप्ता कविता गुप्ता, उदय वर्मा सुष्मा वर्मा, सुशील खैतान माया,बिजय झा, शिवानी झा खैतान,महेश अग्रवाल, राजेश चौखानी,बिकास साहू, हिम्मत सिंह सुमन देवी, संजय गुप्ता आदि समाज के सभी के सहयोग से सफल आयोजन किया गया।

प्रशासन ने निरसा में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

निरसा (धनबाद) : निरसा एवं गोबिंदपुर में लगातार हो रहे महा जाम को देखते हुये सोमवार को निरसा चौक के पास अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन का बुलडोजर चला। प्रशासन की इस सख़्ती के विरुद्ध जहां दूकानदारों में आक्रोश देखा गया वहीं, दूसरी ओर राहगीर ने प्रशासन के इस नेक कदम की सराहना की। अभियान का नेतृत्व निरसा अंचल अधिकारी रमेश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि सड़क एवं सर्विस रोड अतिक्रमण मुक्त होने से जाम पर काफी हद तक अंकुश लगेगा एवं काफी हद तक लोगों को सहूलियत होगी, इस अतिक्रमण के कारण न जाने कितने लोग काल के गाल में समा गये।

पुलिस ने अवैध कोयला के साथ चार बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल को किया जब्त

कतरास (धनबाद) : तेतुलमारी पुलिस ने अवैध धंधेबाजों पर नकेल कसते हुए रविवार को 7.5 क्विंटल अवैध कोयला के साथ चार बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल को जब्त किया। हलाकि धंधेबाज मौके से भागने में कामयाब रहे। थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव के लिखित बयान पर तेतुलमारी थाना कांड संख्या 61/24 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

ठंड में ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स ने लोगों के बीच कम्बल बांटा

धनबाद: कपकपाती ठंड में ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल ने सरायढेला थाना मोड़ में रात को सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे कपकपाती ठंड में बैठ कर भीख मांग रही लाचार महिला को कंबल देकर ठंड में राहत पहुंचाने का प्रयास किया। गौतम कुमार मंडल ने कहा ह्यूमैनिटी टीम का कंबल वितरण रात को रोड पर लाचार हालत में बैठे या इधर उधर घूम रहे मंद बुद्धि लाचार लोगो को ठंड से राहत पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

स्वस्थ माता व स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण आवश्यक : उपायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। सभी स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से टीकाकरण अभियान चलाया जाना चाहिए और उसका जमीनी स्तर पर उत्तम निष्पादन करना चाहिए।

उपरोक्त बातें सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट की शुरूआत के लिए आयोजित एक समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि किसी भी टीकाकरण कार्यक्रम में एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। लोगों के बीच जागरूकता लाकर बच्चों और उनकी माता को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक लाना होगा। माता एवं बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र (एम.टी.सी.) में लाकर कुपोषण से मुक्त करना होगा। बैठक में उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण, टीकाकरण से रोके जाने वाली बीमारियां, टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव (ए.ई.एफ.आइ.) सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। इस अवसर पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के एसएमओ डॉ अमित कुमार ने बताया कि नवंबर 2024 तक टीकाकरण में धनबाद जिले की उपलब्धि लगभग 96% है। जबकि हेपेटाइटिस बी में 94% रही। उन्होंने टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव, रिपोर्टिंग करने की पद्धति, ग्लोबल वैक्सीन एक्शन प्लान, ए.ई.एफ.आइ. के लिए क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट का टिका लगाकर इसका शुभारंभ किया गया। साथ ही ए.ई.एफ.आइ. सर्विलांस एंड रिस्पांस नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उत्तरी छोटानागपुर के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ सिद्धार्थ सनयाल, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन, डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, डॉ रवि रंजन झा, डॉ सुनिल कुमार के अलावा बाघमारा, बलियापुर, धनबाद सदर, गोविंदपुर, झरिया, निरसा, तोपचांची, टुंडी के एमओआईसी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

न्यायाधीश के साथ उपायुक्त, एसएसपी ने किया धनबाद मंडल कारा का निरीक्षण

धनबाद : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) वीरेंद्र कुमार तिवारी, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा माधवी मिश्रा, एसएसपी सह सदस्य डालसा हृदीप पी जनार्दनन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी हेमंत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक विनोद कुमार, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम व एलएडीसीएस की टीम ने सोमवार की संध्या मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। निरक्षण के दौरान टीम ने पांच ऐसे बंदियों को चिह्नित किया, जिनकी उम्र 70 वर्ष है। वहीं दो ऐसे बंदी भी मिले जिन्हें गंभीर बीमारी है। न्यायाधीश श्री तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश ने चिह्नित किए गए बंदियों को मुक्त कराने के लिए समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए

अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजने का निर्देश मंडल कारा चिकित्सक को दिया। वहीं टीम ने चिकित्सा सुविधा, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र तथा ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया। इस मौके पर मंडल कारा के चिकित्सक डॉ राजीव कुमार सिंह, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति, मुस्कान, सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार, राजेश सिंह, संतोष कुमार सहित मंडल कारा के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जोड़ापोखर (धनबाद) : सेल कोलियरी डिविजन जीतपुर में कोलियरी गेट के समक्ष सोमवार को असंगठित मजदूर मोर्चा के बैनर तले पांच सूत्री मांगो को लेकर विजय कुमार गुप्ता उर्फ बिरजू ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किया है। इस दौरान मोर्चा के पदाधिकारी तथा सदस्यों द्वारा सेल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया। पांच सूत्री मांगो में मोर्चा द्वारा कोलियरी में ठेका मजदूर को नियमित काम, पेंशन की भुगतान, पीएफ तथा ग्रेच्युटी का भुगतान, ठेका मजदूरों का 7% वेतन वृद्धि, सेलकर्मी स्वः मृत्युंजय प्रसाद गुप्ता के आश्रितों को नियोजन जैसे मांग शामिल है। मोर्चा के शाखा सचिव सुरेश सिंह ने कहा कि सेल प्रबंधन की गलत नीतियों के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे। सेल प्रबंधक हमेशा मजदूरों का शोषण करता आ रहा है। उन्होंने कहा की बीते 2 दिसम्बर को सेल महाप्रबंधक को पांच सूत्री मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया गया था, परन्तु 14 दिन बीत जाने के बाद भी प्रबंधन की ओर से जवाब नहीं दिया गया, जिस कारण आज भूख हड़ताल पर बाध्य हुए। भूख हड़ताल पर बैठे विजय कुमार गुप्ता उर्फ बिरजू ने कहा की 2006 से स्वः मृत्युंजय प्रसाद गुप्ता के आश्रित को नियोजन देने के नाम पर टालमटोल किया जा रहा है। हर बार सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। इस तरह के कई मजदूरों के परिवार का नियोजन रोक कर रखा गया है। सेल द्वारा अब मनमानी चलने नही दिया जायेगा। जब तक हमारी मांग प्रबंधक नहीं मानती, भूख हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर मोर्चा के महामंत्री निताई महतो, नगीना पासवान, भल्लू राउत, सीताराम पासवान, संजय सिंह, कलाचंद महतो, राजेश कुमार, तारकेश्वर तिवारी आदि थे। इस आलोक में महाप्रबंधक, सेल जीतपुर कोलियरी के बादल मंडल ने बताया की कोलियरी बंद है और यह 20 वर्ष पुराना मजदूर का मामला है, जिसे सेल के उच्च अधिकारी ही निदान कर सकते है। हमलोग कोलियरी को पुनः चालू करने को प्रयासरत है। मोर्चा के मांगो को लेकर हमने वार्ता के लिया बुलया, परन्तु वे लोग नहीं आये। कोलियरी से संबंधित मामला में कुछ नही कर सकते।

गोपीनाथपुर कोलियरी में आमने-सामने हुए भाजपा और इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

निरसा (धनबाद) : पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत इंडिया गठबंधन के बैनर तले ईसीएल के गोपीनाथपुर कोलियरी में 9 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान इंडिया गठबंधन समर्थक और भाजपा समर्थक आमने सामने हो गए। जिससे पूरा माहौल तनावपूर्ण हो गया।

दोनों ओर से लाठी डंडा निकाल लिया गया। हालांकि निरसा पुलिस ने मौके की नजाकत को भांपते हुए स्थिति को वक्त रहते संभाल लिया और स्थिति पर काबू पाया। फिर भी दोनों ओर से स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है। किसी भी वक्त मामला बिगड़ सकता है। इधर एक पक्ष भाजपा की ओर से भाजपा नेता मनोज सिंह ने सीधे तौर पर इस टकराव के लिए निरसा के विधायक अरूप चटर्जी को जिम्मेवार ठहराया। मनोज सिंह ने कहा की इनकी मांगों को लेकर कंपनी ने सकारात्मक पहल कर ली थी बाबजूद उसके बाहर से गुंडों को बुलाकर टकराव की स्थिति पैदा कर विधायक अरुप चटर्जी अपनी राजनीत रोटी सेकना चाहते है, जिसको हम कभी भी होने नहीं देंगे। वहीं इंडिया गठबंधन के नेता सह जिला परिषद सदस्य गुलाम कुरैशी ने कहा की ये बड़े दुख की बात है की लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई के बीच टकराव के स्तिथि पैदा करने का साजिश भाजपा की ओर से किया गया जो काफी शर्मनाक है। इधर स्थिति को बिगड़ता देख धरना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल को पहुंचना पड़ा ओर पूरा स्थल पुलिस छावनी में तब्दील हो गया ।मौके पर निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार दल बल के साथ मौर्चा संभाले हुए थे, लेकिन स्थिति को बिगड़ता देख निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला खुद मौर्चा संभालने पहुंच स्थिति को नियंत्रित किया।

शुरू हुई 53वें अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता

आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : 53वां अखिल भारतीय खदान बचाव प्रतियोगिता सोमवार से बस्ताकोला के चांदमारी कोलियरी 3/4 पीट इंक्लाइन में शुरू हुई। पहले दिन मेटल के छह टीमों ने बचाव कार्य प्रतियोगिता मे प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में इन सभी टीमों ने चांदमारी इंक्लाइन अंडरग्राउंड में जाकर डीजीएमएस के समक्ष बेहतर रेस्क्यू का प्रदर्शन किया। पूर्व में यह प्रतियोगिता माइंस रेस्क्यू स्टेशन में कृत्रिम तरीके से बनाई गई खदान में कराया जाता था। लेकिन अब डीजीएमएस व बीसीसीएल के माइंस रेस्क्यू स्टेशन के तत्वावधान मे यह प्रतियोगिता चांदमारी कोलियरी के इस इंक्लाइन में कराया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया। इसमें मेटल के दस टीम में एचजेडएल के चार, यूसीआईएल के दो के अलावा एचजीएमएल, एचसीएल, एमओआईएल व आईएमएफए की एक एक टीम ने भाग लिया। वहीं, 32 कोल कंपनियों में बीसीसीएल के दो, इसीएल के दो, सीसीएल के दो, एमसीएल के दो, एससीसीएल के दो, एसईसीएल के तीन, डब्ल्यू सीएल के तीन के अलावा सेल, सनफ्लैग, व अंबूजा सिमेंट के एक एक टीम ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता गुरुवार तक चलेगी। इस कार्यक्रम मे चीफ जज के रूप मे डीजीएमएस के निर्देशक कृष्णेंदु मंडल के अलावा श्यामा मिश्रा, निलिप मल्लिक व अनिल दास थे। इस मौके पर बस्ताकोला महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंहा, एपीएम अभिषेक राय, एजीएम टी पासवान, माइंस रेस्क्यू स्टेशन धनसार के अधिक्षक पीआर मुखर्जी, एके शर्मा, बस्ताकोला कोलियरी के पीओ अजय कुमार, प्रबंधक अभीषेक शर्मा सहित रेस्क्यू स्टेशन के देशराज प्रसाद, अशोक राव, आरडी डे, भोला भंडारी सहित अन्य थे।

भ्रमिंस बेकर का उदय प्रताप सिंह ने किया उद्घाटन

धनबाद : मथुरा नगर, बलियापुर रोड, ऋषभ हेल्थ सेंटर के समीप भ्रमिंस बेकर का उद्घाटन समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान में छोटे उद्योगों से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही है महिला उद्यमियों के विकास व सफलता के लिए इनको सरकार और हम सब के सहयोग व समर्थन की आवश्यकता है क्योंकि वे प्रतिभाशाली एवं योग्य है और स्वयं आत्मनिर्भर बन कर अपने परिवार और देश के विकास में सकारात्मक योगदान दे रही है। इसके लिए मैं भ्रमिंस बेकर की तीनों पार्टनर संचालिका नेहा कुमारी, पिंकी पांडे और उर्मिला देवी को बधाई देकर सफलता की कामना करता हूं। जिन्होंने इस वेज प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया है। साथ ही सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि इस फैक्ट्री के एगलेस केक, ब्रेड, बिस्कुट इत्यादि प्रोडक्ट्स को एक बार आजमाएं।

लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी में 20 से 22 दिसम्बर तक पौष पार्बन मेला का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : बंगाली संगठन लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी इस साल 20 दिसंबर से 22 दिसंबर 2024 तक क्लब परिसर में अपना प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम पौष पार्बन मेला आयोजित करने जा रहा है। 16 दिसंबर 2024 को क्लब परिसर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में क्लब के अध्यक्ष और पूर्व निदेशक सीआईएमएफआर डॉ. अमलेंदु सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 से क्लब का यह आयोजन बड़ी संख्या में धनबाद और आसपास के क्षेत्र से मनोरंजन प्रेमी और सांस्कृतिक रूप से प्रेरित लोगों को आकर्षित करता है। पत्रकारों से बातचीत में डॉ. सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष हृदीप पी.जनार्दन, एसएसपी, धनबाद ने 20 दिसंबर 2024 को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बनने की सहमति दे दी है और डॉ. शर्मिला रानी, प्राचार्या, एस.एस.एल.एन.टी. महिला महाविद्यालय सह डीन, शिक्षा, बी.बी.एम.के.यू इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। तीन दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होंगे। बंगाली संस्कृति के खाद्य स्टाल और बंगाल के बाउल और बंगाली बैंड जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

बिजली व पानी की मांग को लेकर लोगों का उपवास जारी

कतरास (धनबाद) : हिंदुस्तानी नागरिक गण के बैनर तले कोरीडीह बस्ती के लोगों ने पानी ओर बिजली की समस्या को लेकर जी एम कार्यालय के समीप सोमवार से दो दिवसीय उपवास धरना प्रदर्शन शुरू किया। कार्यक्रम का नेतृत्व अरुण कुमार दास ने किया। वक्ताओं ने कहा कि कोरीडीह बस्ती में लगभग 20-25 सालों से पानी की समस्या से वहां के लोग जूझ रहे है, जबकि वहां से महज 300 मीटर के दूरी पर बीसीसीएल का ओपेन माइनिंग चलता है इसके बाबजूद पानी ओर बिजली की समस्या अभितक पूर्ति नहीं हो पाई है। कोरीडीह के बगल से एक जोरिया बहती थी उसमें भी बीसीसीएल ने कब्जा कर लिया, कॉलोनी के नाली का कूड़ा कचड़ा वाला पानी डाल कर उस जोरिया का पानी को गंदा कर दिया गया।

पंचतत्व में विलीन हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी

झरिया (धनबाद) : भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष सोमवार को दामोदर स्थित मोहल बनी घाट पर पांच तत्वों में विलीन हुए। रविवार की देर रात जलान एशियन अस्पताल धनबाद में चिकित्सा के दौरान उनका निधन हो गया था। इस बात की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आम लोग सोमवार को उनके निवास पर पहुंचे। दोपहर में झरिया स्थित निवास से शव यात्रा निकाली, जो दामोदर स्थित माहौल बनी घाट पहुंची। जहां उनका दाह संस्कार संपन्न हुआ।

समर्पण एक नेक पहल ने जरूरतमंद मरीज को उपलब्ध कराया रक्त

धनबाद : बोकारो मेडिकल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में इलाजरत 32 वर्षीय अफजल अनवर के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा अत्यंत कम हो जाने के कारण डॉक्टर ने तत्काल 2 यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की व्यवस्था करने के लिए मरीज के परिजन से कहा। परिजन में से एक व्यक्ति शकील अंसारी ने रक्तदान किया परंतु दूसरा यूनिट रक्त नहीं मिल पा रहा था, इसके पश्चात मरीज के परिजन ने सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के सक्रिय सदस्य सुजीत मोदी से संपर्क कर रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इसके पश्चात श्री मोदी ने संस्था के संस्थापक का केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान से सम्पर्क कर सूचित करते हुए रक्त उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया, इसके कुछ ही देर बाद बोकारो के केएम मेमोरीयल ब्लड बैंक के इंचार्ज अमर झा ने संज्ञान में लेते हुए ब्लड से दूसरी यूनिट रक्त उपलब्ध कराया।

हेक्सागन इंडिया और टेक्समिन, आईआईटी ने खनन व निगरानी में अत्याधुनिक डिजिटल परिवर्तन लाने के लिए मिलाया हाथ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : सोमवार 16 दिसम्बर को सेंसर, सॉफ्टवेयर और स्वायत्त प्रौद्योगिकियों को मिलाकर डिजिटल रियलिटी समाधानों में वैश्विक अग्रणी नाम हेक्सागन ने टेक्नोलॉजी इनोवेशन इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग फाउंडेशन (टेक्समिन), आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के साथ मिलकर इस क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की घोषणा की है। इस साझेदारी का शुभारंभ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से हुआ। जिसका उद्घाटन पद्म भूषण डॉ.वीके सारस्वत, (सदस्य, नीति आयोग, भारत सरकार), प्रमोद कौशिक (अध्यक्ष, हेक्सागन इंडिया), मनोज शर्मा (निदेशक विपणन और बिक्री उत्कृष्टता, हेक्सागन इंडिया), प्रो. सुकुमार मिश्रा (निदेशक, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद और अध्यक्ष, हब गवर्निंग बोर्ड, टेक्समिन फाउंडेशन), प्रो. धीरज कुमार (उप. आईआईटी (आईएसएम)धनबाद के निदेशक और टेक्समिन फाउंडेशन के परियोजना निदेशक) के साथ इस मौके पर समाज की कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां इसमें शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए, हेक्सागन इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद कौशिक ने कहा हेक्सागन इंडिया में हम अत्याधुनिक डिजिटल समाधानों के माध्यम से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए नए आईडिया को बढ़ावा देने और उद्योगों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टेक्समिन, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के साथ यह साझेदारी एआई, आईओटी और भू-स्थानिक विश्लेषण जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ खनन क्षेत्र में कई अत्याधुनिक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। हमारा लक्ष्य एक साथ मिलकर एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है, जो न केवल खनन में मौजूदा चुनौतियों का समाधान करता है, बल्कि भारत को टिकाऊ और प्रौद्योगिकी-संचालित खनन समाधानों में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित करता है। इस अवसर पर आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के उप निदेशक और टेक्समिन फाउंडेशन के परियोजना निदेशक प्रो. धीरज कुमार ने कहा आज, साइबर-भौतिक प्रणालियों का लाभ उठाने वाले किसी भी उद्योग में परिवर्तन की कल्पना करना एआई, आईओटी और बड़े डेटा एनालिटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत किए बिना लगभग असंभव है। टेक्समिन-हेक्सागन सीओसी की पहल का उद्देश्य खनन 4.0 के युग की नींव रखना है, जिससे खनन क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक और कम्प्यूटेशनल शक्ति लाई जा सके। यदि यह प्रयोग सफल रहा, तो यह सहयोग खनन में क्रांति लाने, दक्षता, सुरक्षा और स्थिरता को पहले से अकल्पनीय तरीकों से आगे बढ़ाने में एक आधारभूत कदम होगा।

सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में धूमधाम से मनाया गया विजय दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कतरास (धनबाद) : सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सोमवार को धूमधाम से विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थल सेना के जवान सुभाष सोरेन एवं प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथि परिचय आचार्य अनूप कुमार पांडेय एवं मंच संचालन आचार्य धर्मेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना को प्रस्तुत करते हुए आचार्य विश्वनाथ दास ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सेनाओं का गौरव का दिवस है। मुख्य अतिथि थल सेना के जवान सुभाष सोरेन ने कहा कि

भारतीय सेना का एकमात्र लक्ष्य भारत की सुरक्षा करना है,अनुशासन के साथ देश का हर जवान देश की सेवा के लिए कश्मीर के लेह से लेकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक , गुजरात से लेकर पूर्वी सीमांत प्रदेशों तक पूरी तत्परता के साथ देश सेवा में लगे रहते हैं। प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि विजय दिवस हमारे लिए अत्यंत गौरव का दिवस है। भारतीय सेनाओं की एकता, अनुशासन एवं अदम्य साहस का प्रतिफल है कि कारगिल युद्ध मे पाकिस्तान की सेना हारी और विजय श्री भारत को मिली।इस अवसर पर ज्योति प्रिया एवं यशराज ने देशभक्ति गीत गाकर जन-समूहों को भाव विभोर कर दिय। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में सफल भाई-बहनों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य -दीदीजी, कर्मचारी बंधु कि सक्रिय भागीदारी रही। आचार्य अजय कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन कराया।

शहीद शशिकांत पांडेय का 9वां शहीद दिवस का मना

जोड़ापोखर (धनबाद) : जोड़ापोखर थाना चौक पर शहीद शशिकांत पांडे की 9 वी शहीद दिवस समारोह का आयोजन किया गया । पुर्व संध्या पर चौबीस घंटे का अखंड हरीकृतन का आयोजन किया गया है। जिसमें भाग लेने के लिए धनबाद के भजन मंडली एवं स्थानीय महिला भजन मंडली ने उत्तर कांड रामायण पाठ किया है। सोमवार को शहीद के पिता राजेश्वर पांडे, मां ललिता देवी, भाई श्रीकांत पांडे सहित परिवार के लोगों ने शहीद शशिकांत की मूर्ति पर माला पहनाकर कर श्रधंजलि दिया है।

एसएसवीएम बरगड्डा के भैया बहनों ने विजय दिवस मनाया

कटकमसांडी : प्रखंड के बरगड्डा अवस्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को धूमधाम से विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सैनिक सम्मान समारोह आयोजित कर देश के वीर जवानो को याद किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त सेना का जवान वीरेंद्र कुमार सिंह व सुदेश कुमार मिश्र मौजूद थे। उक्त अतिथियों को विद्यालय के अध्यक्ष प्रभु नारायण पांडेय व प्रधानाचार्य उमा शंकर पांडेय द्वारा माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उक्त अतिथियों ने बच्चों में देश प्रेम की भावना जागृत कर अपनी आप बीती बताई। बच्चों ने भी देश प्रेम पर आधारित नाटक का मंचन प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई।

सम्पादकीय.....

जनता समझ नहीं पायी मकसद...?

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के निचले सदन संसद लोकसभा में 13-14 दिसंबर 2024 को संविधान पर चर्चा को पूरी दुनियाँ ने देखा जो अब 16-17 दिसंबर 2024 को उपरी सदनराज्यसभा में भी होगी। लोकसभा की चर्चा पर मैंने दोनों दिन बारीकी से पैनी नजर रखी व 14 दिसंबर 2024 को माननीय पीएम के जवाब के बाद सोशल इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया प्लेटफार्मस पर लगातार डिबेट मुलाकातें वदर्शकों द्वारा कमेंट्स का जोरदार दौर चल पड़ा जिसमें मैंने देखा कि बहुतेक विश्लेषकों कमेंट्स कताओं को चर्चा का मकसद समझ नहीं आया, क्योंकि इसमें हर राजनीतिक दल, संविधान संशोधन के इतिहास की बातकर एक दूसरे दल की टांग खिंचाई एक दूसरे के संशोधनों को गैरवाजबी व मतलबी संशोधन की संज्ञा देते रहे, तो किसी ने इसको इतिहास की क्लास की संज्ञा दी। मैंने विशेषण किया तो मुझे भी इस पर सार्थक चर्चा नजर नहीं आई क्योंकि सभी दल एक दूसरे के द्वारा किए गए संशोधनों पर उंगली उठा रहे थे, इस पार्टी या व्यक्ति ने इतने, तो उस पार्टी या व्यक्ति ने उतने संशोधन किया। विशेष रूप से विपक्षी नेता के 25 मिनट के संबोधन में बहुत समय पीएम उपस्थित नहीं थे, तो वही 1 घंटा 50 मिनट के पीएम के संबोधन में कुछ समय विपक्षी नेता उपस्थित नहीं दिखे, परंतु इन सब से हटकर किसी ने भी ऐसा विचार व्यक्त नहीं किया कि आओ विजन 2047 को रेखांकित कर हम संविधान में इस तरह का संशोधन आगे करें कि विजन को शीघ्रअपनी डेट लाइन से पहले सार्थक सफल बनाने के लिएसंविधान में संभावित संशोधन कर रणनीति बनाएं ताकि हम इस लक्षय को शीघ्र प्राप्त कर सकें। मुझे उम्मीद है कि 16-17 दिसंबर 2024 को उच्चसदन राज्यसभा में इसपर सार्थक चर्चा जरूर होगी। चूँकि लोकसभा में 13-14 दिसंबर 2024 को संविधान, पर चर्चा इतिहास की क्लास लगी अब राज्यसभा में 16-17 दिसंबर को चर्चा पर दुनियाँ की नजरें लगी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,चर्चा-ए-संविधान, एट द रेटऑफ सांसद...जनता समझ नहीं पाई मकसद..। साथियों बात अगर हम संविधान पर चर्चा में विपक्ष के नेता के संबोधन की करें तो,शनिवार को संसद में अपने भाषण की शुरूआत करते हुए उन्होंने सावरकर का ज़िक्र किया और कहा, सावरकर ने लिखा है कि भारत के संविधान के बारे में सबसे खराब चीज ये है कि इसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। वेदों के बाद मनुस्मृति वो ग्रंथ है जो हमारे हिंदू राष्ट्र के लिए सबसे पूजनीय है और ये प्राचीन समय से हमारी संस्कृति, रीति-रिवाज, विचार और व्यवहार का आधार बना हुआ है, आज जो मनुस्मृति कानून है उन्होंने जो कहा वो सावरकर के शब्द हैं। उन्होंने कहा, सावरकर ने अपने लेखन में साफ कर दिया है कि हमारे संविधान में भारतीयता का कोई अंश नहीं है। उन्होंने कहा है कि भारत को इस किताब (संविधान) से नहीं बल्कि इस किताब (मनुस्मृति) से चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा,आज इसी की लड़ाई है, मैं सत्ता पक्ष के लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप सावरकर के शब्दों का समर्थन करते हैं, क्योंकि जब आप संविधान के पक्ष में संसद में बोलते हैं तो आप सावरकर का मजाक उड़ा रहे होते हैं, उनको बदनाम कर रहे होते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इसके अलावा अग्निवीर , पेपर लीक, किसानों और उत्तर प्रदेश के बारे में भी कहा। उन्होंने कहा,आप महात्मा गांधी, पेरियार और दूसरे महान नेताओं की तारीफ करते हैं लेकिन हिचकिचाते हुए, सच तो ये है कि आप भारत को उसी तरह से चलाना चाहते हैं जैसे पहले चलाया जाता था।

● किसने क्या कहा

भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

कांग्रेस ने कभी अपनी आलोचना बर्दाश्त नहीं की, किये कई संविधान संशोधन

निर्मला सीतारमण
वित्त मंत्री

घरेलू विवाद से झूठे दहेज के मामलों में उलझते पुरुष

विशेष | प्रियंका सौरभ

जब वैवाहिक कलह के कारण घरेलू विवाद उत्पन्न होते हैं, तो अक्सर पति के परिवार के सभी सदस्यों को फंसाने की कोशिश की जाती है। ऐसे में अदालतों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि किसी कानून का दुरुपयोग कर किसी निर्दोष को न फंसाया जा सके। अदालतों को दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें सतर्क रहना होगा कि कहीं कानून का दुरुपयोग कर पति के रिश्तेदारों को फंसया तो नहीं जा रहा। अदालतों को निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए।

पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो खास तौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना जरूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे कि धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है।

पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5% मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुकसान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए। पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं। लिंग-तटस्थ कानूनों के लिए लिंग न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए नीति सुधार।

घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित कर-के उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में, घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं यह पैतृक शिकायतों को सम्बोधित करते हुए बच्चे के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देता है। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। कार्यस्थल कल्याण कार्यक्रमों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत करके और जागरूकता अभियान बनाकर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने वाली समर्पित नीतियाँ स्थापित करें। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें लिंग-विशिष्ट चिंताओं को शामिल करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। झूठे आरोपों को सम्बोधित करना: कानूनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और यौन उत्पीड़न के मामलों में झूठे आरोपों को रोकने और दंडित करने के लिए कड़े तंत्र लागू करें। लैंगिक न्याय के प्रति संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत उपाय पुरुष कल्याण आयोगों की स्थापना है। कानूनी सहायता और परामर्श सहित पुरुषों से जुड़े विशिष्ट मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए महिला आयोगों के समान राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर वैधानिक निकाय बनाएँ।

मोहन सरकार की खेलों के प्रति प्रतिबद्धता

गौरतलब | मुकेश तोमर

इनमें हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद, शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और पैरा एथलीट प्राची यादव, पैरा एथलीट पूजा ओझा और कपित परमार शामिल हैं। कपिल परमार ने पहली बार पैरा ओलंपिक में भाग लेकर को जूडो में देश को पहला पदक दिलाया। होशंगाबाद के रहने वाले विवेक सागर प्रसाद ने टोक्यो ओलंपिक के बाद लगातार दूसरी बार हॉकी टीम की ओर से पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया और टीम में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देश को पदक दिलाया।

सरकार यदि विकास के लिए प्रतिबद्ध हो तो असर गहरा दिखाई देता है। वैसे तो मध्य प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास इन दोनों तेजी से दिखाई देता है लेकिन यहां बात हम खेलों के संदर्भ में करेंगे । वस्तुतः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश ने खेलों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। विभिन्न राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों मेडल जीतकर देश-प्रदेश का नाम रोखन कर रहे हैं। इसके पीछे प्रदेश में खिलाड़ियों को दी जा रही ट्रेनिंग, शिक्षा एवं खेलों में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का विशेष योगदान है। बात यहां यदि एक वर्ष की करें तो में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने अनेक उपलब्धियां हासिल की है। इस साल पहली बार मध्य प्रदेश के पांच खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपित में हिस्सा लिया। वहीं, पहली बार मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया गया है।

उज्जैन में जिम्नास्टिक, एथलेटिक, बास्केटबॉल, मलखंभ आदि खेलों का स्वर्णिम इतिहास रहा है। देश में आज मलखंभ खेल की बात आती है, तो उसमें उज्जैन का नाम सर्वप्रथम आता है। उज्जैन में मलखंभ और जिम्नास्टिक अकादमी भी संचालित की जा रही है। यहां युवा खिलाड़ी अपने खेल कौशल का पूर्ण क्षमता के साथ सदुपयोग कर अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की खास दिलचस्पी के चलते उज्जैन में हाल ही में बहुउद्देशीय खेल परिसर का लोकार्पण हुआ है। खेल विभाग का यह दूसरा वृहद खेल परिसर हैं, जिसमें इनडोर-आउटडोर खेल की सुविधा व स्विमिंग पूल उपलब्ध है। नव निर्मित खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक है तथा इसी परिसर में बहुउद्देशीय खेल परिसर है, जिसमें बैडमिंटन, टेबल टेनिस, मलखंभ एरिना, शूटिंग, फुटबॉल मैदान, लॉन टेनिस कोर्ट, खिलाड़ियों की सुविधा के लिए प्लेयर्स लॉबी आदि सुविधाओं के साथ अत्याधुनिक जिम की स्थापना की गई है।

भोपाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में विभिन्न खेल अकादमियों में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षकों द्वारा नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश-प्रदेश को पदक दिला रहे हैं।

अंकजाल - 7761

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	20	22	22		23	16	11	18	
14	3		7		8		4		26
14		7				7		3	23
17	8		7		3		2		15
28		9		7					
					2		7		27
18		3		5		6		3	16
17	6		5				6		19
23		8		4		6		7	21
	13	15	19	23		22	28	26	

अंकजाल 7760 का हल

	14	23	22		32	14	19	13	
14	2	7	5		5	4	9	7	25
16	5	3	8		2	7	3	4	16
15	2	6	7		9	3	7	2	21
26	5	7	2	5	7				
				8	9	2	3	8	30
21	5	6	7	3		6	4	5	15
16	2	5	6	3		7	8	8	23
23	5	8	6	4		6	8	7	21
	12	19	19	23		21	23	28	

Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रकृति की तीन शक्तियां

प्रकृति में तीन शक्तियां हैं- ब्रह्म शक्ति, विष्णु शक्ति और शिव शक्ति। प्रायः तुममें कोई भी एक शक्ति अधिक प्रबल होती है। ब्रह्म शक्ति वह ऊर्जा है जो नव-निर्माण करती है; विष्णु शक्ति ऊर्जा का पालन करती है और शिव शक्ति वह ऊर्जा है जो रूपांतरण करती है- नया जीवन देकर या संहार कर। तुममें से कुछ हैं जिनमें ब्रह्म शक्ति प्रबल है। तुम सृष्टि तो कर सकते हो, पर अपनी रचना को सुरक्षित नहीं रख पाते। हो सकता है तुम तुरंत ही नए मित्र बना लो, परंतु वह मित्रता अधिक समय तक टिकती नहीं। तुममें कुछ और लोग हैं जिनमें विष्णु शक्ति है। तुम रचना नहीं कर सकते, परंतु जो है उसे अच्छी तरह संभालकर रखते हो। तुम्हारी सभी पुरानी दोस्ती बहुत स्थायी होती है, परंतु तुम नए मित्र नहीं बना पाते। और तुममें कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनमें शिव शक्ति प्रबल है। वे नव-जीवन लाते हैं या रूपांतरण, या जो है उसे खत्म करते हैं। गुरु शक्ति में ये तीनों शक्तियां पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हैं। पहले यह पहचानो कि तुममें कौन-सी शक्ति प्रबल है और फिर गुरु शक्ति की आकांक्षा करो, प्रार्थना करो। संपूर्ण सृष्टि सरलता और बुद्धिमत्ता के मंगलमय लय से प्रकृति के नियमों पर चल रही है। यही मंगल ही दिव्यता है। शिव वह सामंजस्यपूर्ण सरलता है जो कोई नियंत्रण नहीं जानती। शिव का विपरीत है वशी, यानी नियंत्रण। नियंत्रण मन का होता है।

आज का इतिहास

- मंगोल सम्राट तैमूरलंग ने 1398 में दिल्ली पर कब्जा किया।
- मुगल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां बेगम का निधन 1645 में हुआ।
- सिखों के प्रमुख बंदा बहादुर बैरागी ने 1715 में गुरुदासपुर में मुगलों के सामने आत्मसमर्पण किया।
- फ्रांस ने 1777 में अमेरिकी स्वतंत्रता को मान्यता दी।
- मराठों और पुर्तगालियों के बीच लंबे संघर्ष के बाद 1779 में मराठा सरकार ने मित्रता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रदेश के कुछ गांवों का 12,000 रुपये का राजस्व क्षतिपूर्ति के तौर पर पुर्तगालियों को सौंप दिया था।
- ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1803 में उड़ीसा (अब ओडिशा) पर कब्जा किया।
- फ्रांस के तानाशाह नेपोलियन बोनापार्ट ने 1807 में मीलान का ऐतिहासिक आदेश जारी किया।
- इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक माकोर्नी ने 1902 में पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
- राइट बंधुओं ने 1903 में 'द फ्लायर' नामक विमान पहली बार उड़ाया था, 12 सेकेंड की इस उड़ान ने दुनिया में क्रांति ला दी थी।
- उग्येन वांगचुक 1907 में भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने।
- पोलैंड के लिमानोव में आस्ट्रिया की सेना ने 1914 में रूसी सेना को पराजित किया।
- तुर्की अधिकारियों ने 1914 में यहूदियों को तेल अवीव से बाहर खदेड़ दिया गया।
- तत्कालीन सोवियत संघ और तुर्की ने 1925 में एक दूसरे पर हमला न करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन ने 1927 में अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने पहले ही मैच में शानदार 118 रनों की पारी खेली।
- भारत के एक प्रमुख क्रान्तिकारी राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी को 1927 में निर्धारित तिथि से दो दिन पूर्व ब्रिटिश सरकार ने गोण्डा जेल में फाँसी पर लटका कर मार दिया।

सुविचार

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शास्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।

शंकराचार्य

मनुष्य का सच्चा जीवन साथी विद्या ही है, जिसके कारण वह विद्वान कहलाता है।

स्वामी दयानन्द

एक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज के लिए प्रतिबद्ध होने की जरूरत

अशोक 'प्रवृद्ध'

अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिह्नित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्वभर में प्रत्येक वर्ष 18 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवसकी शुरूआत 18 दिसम्बर1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक घोषणा के माध्यम से हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के एक विशेष प्रतिवेदक फ्रेंसिस्को कॉपोटोर्टी के द्वारा अल्पसंख्यक के संबंध में दिए गए एक वैश्विक परिभाषा के अनुसारकिसी राष्ट्र-राज्य में रहने वाले जनसंख्या में कम, तथा सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक रूप से कमजोरसमुदाय, जिनकी प्रजाति, धर्म, भाषा आदि बहुसंख्यकों से अलग होते हुए भी राष्ट्र के निर्माण, विकास, एकता, संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय भाषा को बनाये रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले समुदायों को उस राष्ट्र-राज्य में अल्पसंख्यक माना जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने 18 दिसम्बर1992 को धार्मिक या भाषायी राष्ट्रीय अथवा जातीय अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्ति के अधिकारों को सुनिश्चित करने की आधिकारिक घोषणा की थी,लेकिन वर्तमान में बांग्लादेश, पाकिस्तानआदि देश में अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रही हिंसा और नफरत की राजनीति का बोलबाला होने की ओर किसी का ध्यान नहीं है। इन देशों में बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक हो चले हिंदुओं पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। चुन -चुन कर उन्हें मारा जा रहा है। उनकी बहु-बेटियों पर अत्याचार किया जा रहा है। उनकी संपतियां लूटी जा रही है। उनके आस्था, प्रतीक व धार्मिक स्थलों को जलाया, नष्ट- भ्रष्ट और तहस- नहस किया जा रहा है। बंगला देश में इस्कॉन से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ़्तार किया गया। अन्य कई धर्म गुरु भी प्रताड़ित हैं। और हिंदुओं की जन्म व आध्यात्मिक स्थली हिन्दुस्तान अर्थात भारत सहित संयुक्त राष्ट्र औरपूरी दुनिया टुकुर- टुकुर देख रही है। किसी के मुंह से आवाज तक नहीं निकल रही है। कोई चूँ तक नहीं कर रहा है। लेकिन आम जनता अब साहस दिखाते हुए सामने आने लगी है। आम जनता व विद्यार्थीगण इसके खिलाफ भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में एकजुटता व्यक्त करने के लिए आक्रोश रैली, मानव शृंखला, प्रदर्शन आदि का आयोजन करने लगे हैं। समाज में शांति, सद्भाव और समानता का संदेश देने के लिए इन आयोजनों में बड़ी संख्या में आम जनता, विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इन देशों मेंअल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की जा रही है। कहीं-कहीं यह विरोध उग्र भी होने लगी है। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश के उप-उच्चायोग की इमारत में तोड़फोड़ हुई। चहुंओरकहा जा रहा है कि अल्पसंख्यकों से संबंधित यह घटनाएं न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं, बल्कि लोकतंत्र और सामाजिक ताने-बाने के लिए भी गंभीर चुनौती हैं।विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया ने उत्तरप्रदेश के बरेली जिले में सिघूत भोजीपुरा स्थित दिव्यानंद आश्रम के मैदान में गत दिनों आयोजित हिन्दू सम्मेलन में कहा - जब बांग्लायदेश में पाकिस्तातन की सेना, बांग्लादेशी बहू-बेटियों के साथ जुल्म और ज्यादती कर रही थी। उस समय भारत ने 17 हजार सैनिक भेजे थे और वहां के लोगों की मदद की थी।

उस्ताद जाकिर हुसैन : थम गयी तबले की थाप

गौरतलब | डॉ. नुपूर निखिल देशकर

जाकिर हुसैन ने स्वयं को फिल्मों के लिए तबला बजाने तक ही सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्होंने भारतीय संगीत में नये प्रयोग किए। उनके फिल्म संगीत में योगदान ने तबले और भारतीय शास्त्रीय संगीत को एक नई ऊंचाई दी। दिनांक 15 दिसंबर 2024 को जाकिर हुसैन ने इस संसार को अलविदा कह दिया। उनका निधन भारतीय और विश्व संगीत के लिए एक अपूरणीय क्षति है लेकिन उनकी कला और धुनें हमेशा जीवित रहेंगी। उनकी थापों में छिपी कहानी और उनकी ध्वनियों में बहता संगीत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।

संगीत संसार में तबले को एक नया आयाम देने और अपनी कला से भारत को विश्वपटल पर पहचान दिलाने वाले तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन अब इस संसार में नहीं रहें। उनकी अद्वितीय प्रतिभा और साधना ने तबले को एक नई पहचान दिलाई। जाकिर हुसैन ने तबला वादन की कला अपने पिता और गुरु उस्ताद अल्ला रक्खा से सीखी। अल्ला रक्खा स्वयं भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान तबला वादकों में से एक थे। जाकिर ने इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए इसे वैश्विक मंच तक पहुंचाया। जाकिर हुसैन का संगीत तकनीकी दक्षता का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन था।

जाकिर हुसैन ने शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ फ्यूजन म्यूज़िक और वर्ल्ड म्यूज़िक में भी तबले को स्थापित किया। 'शक्ति' जैसे बैंड के साथ उन्होंने भारतीय और पाश्चात्य संगीत के अद्भुत संयोजन किए। उनकी उंगलियों की थाप से तबले पर उभरने वाली ध्वनियां संगीत प्रेमियों के दिलों में एक अमिट छाप छोड़ती थीं।

भारत सरकार ने जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण, और 2023 में पद्म विभूषण से अलंकृत किया। वर्ष 1990 में संगीत नाटक अकादमी ने सम्मानित किया। वर्ष 1999 में यूनाइटेड स्टेट्स नेशनल एंडॉमेंट फॉर द आर्ट्स की नेशनल हेरिटेज फेलोशिप से सम्मानित किया गया था। यही नहीं इन्होंने ने अपने जीवन में कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शन किया। ग्रैमी अवॉर्ड्स सहित उन्होंने अनगिनत पुरस्कार जीते। उनका योगदान भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में अमूल्य रहा। चाहे वह पंडित रविशंकर के साथ हो या जॉन मैकलॉघलिन जैसे अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ, जाकिर हुसैन ने हर बार अपनी प्रतिभा को नये रूप में स्थापित किया। नौ मार्च 1951 को महान तबला वादक अल्लाह रखा के घर में जन्में जाकिर हुसैन को उनके पिता अल्ला रक्खा खान ने बचपन से ही ताल से बांध दिया इसलिए थोड़ा बड़े होते ही इन्होंने घर के बर्तनों को बचाना प्रारंभ कर दिया था। मात्र 3 वर्ष की आयु से ही जाकिर के पिता उन्हें पखावज पढ़ाने लगे थे। इसके बाद उन्होंने 11 वर्ष की आयु में अमेरिका में अपना पहला कॉन्सर्ट किया था। जाकिर हुसैन 12 वर्ष के थे तब वह अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खान के साथ एक म्यूजिक कॉन्सर्ट में इंदौर में पहुंचे। वहां मंच पर प्रख्यात संगीतज्ञ पं. ओंकारनाथ ठाकुर ने उन्हें तबला बजाते हुए देखा। उनकी प्रस्तुति समाप्त होते ही पंडित जी ने आशीर्वाद स्वरूप जेब से पांच रुपये का नोट निकालकर उन्हें दिया और पूछा.....बेटा, मेरे साथ बजाओगे? और बस यहीं से जाकिर हुसैन के ताल का सफर शुरू हुआ और वह एक दिन उस्ताद जाकिर हुसैन बन गये।

जाकिर हुसैन ने 'इन कस्टडी', 'द मिस्टिक मस्सेर', 'हीट एंड डस्ट' आदि जैसी कई फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया है। मलयालम फिल्म 'वानप्रस्थम' के लिए उनकी रचना, जिसे प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था, ने उन्हें विश्व स्तर पर ख्याति दिलाई।

राशिफल

मेष आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

वृष स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

मिथुन कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

कर्क आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

सिंह स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

कन्या आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

तुला धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है।

वृश्चिक मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

धनु धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

मकर किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

कुंभ कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

मीन ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक झलक

प्रशासन की मनमानी से ऑटो चालक संघ ने मंत्री राधा कृष्ण किशोर से की मुलाकात

मेदिनीनगर : शहर मे कई दिनों से चल रहे आटो चालकों के साथ प्रशासन की मनमानी और अत्याचार के खिलाफ आटो संघ ने भी अपनी कमर कस ली है आटो संघ के जिला अध्यक्ष अनुज मिश्रा ने आज पाटन मोड़ पर झारखण्ड के वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिलने को लेकर कई घंटों तक अपने सहयोगियों के साथ रोड पर डटे रहे और मंत्री किशोर से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया सारी बातों को सुनने के बाद मंत्री ने आश्वासन दिया है जल्द ही इस मामले को सुलझा दिया जायेगा आटो चालकों ने बताया की कई घरों मे रोजी रोटी की समस्या उत्पन हो गयी है मौके पर अनुज कुमार मिश्रा जिला उपाध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा संगठन सचिव आरिफ हुसैन टाइगर संतोष शुक्ला छोटन दुबे गुड्डू शुक्ला मनोज दुबे गुड्डू अंसारी मुकेश पाण्डे समेत बड़ी संख्या मे आटो चालक मौजूद थे।

लातेहार विधायक ने शीशी गांव पहुंच मृतक के परिजनों से की मुलाकात

लातेहार : लातेहार विधायक प्रकाश राम ने सोमवार को सड़क दुर्घटना मे हुई युवक जितेंद्र कुमार गुप्ता की मौत के बाद सदर प्रखंड के शीशी गांव गांव पहुच मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत ही दु:खद घटना है। उन्होंने परिजनो को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। साथ हीं उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर मिलने वाले मुआवजा समेत अन्य सहयोग के लिए पहल करने की बात कही। इसके अलावा गत माह एक कार्यकर्ता राजाराम के परिजनों से भी विधायक ने मुलाकात कर मदद का भरोसा दिलाया। मालूम हो कि शुक्रवार की शाम सात बजे जितेंद्र कुमार गुप्तार पिता अवधेश प्रसाद अपने बाइक से अपने घर शीशी जा रहा था। इसी दौरान थर्ड रेलवे लाइन निर्माण कार्य में लगी एक वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी थी। वह कॉलेज से अपने घर लौट रहे थे। मौके पर भाजपा नेता पवन कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

हाथियों ने पीडीएस की दुकान में रखे राशन को किया चट

बालूमाथ/लातेहार : जंगली हाथियों ने रविवार की बालूमाथ प्रखंड के मारंगलोइया पंचायत के हेबना गांव में डीलर विन्देश्वर कुशवाहा के जन वितरण के दुकान पर धावा बोल दिया। वहां कार्डधारियों के बीच वितरण के लिए रखे अनाज को चट कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी व भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने हेबना पहुंच कर पीड़ित डीलर से घटना की जानकारी ली। उन्होकने नुकसान का आंकलन किया। जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी ने कहा कि पूर्वी बालूमाथ का इलाका जंगली हाथियों का आश्रय स्थल बन गया है। लेकिन वन विभाग इन हाथियों को यहां से खदेड़ने के लिए कुछ नहीं कर रहा है। हाथी रोज गांवों में आ कर जानमाल का नुकसान कर रहे हैं।

सर्वर डाउन होने से केवाईसी के चक्कर में कई स्कूली बच्चों पढ़ाई हो रही बाधित

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एंव झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित राशन कार्डधारियों का आधार सीडिंग, केवाईसी, आयुष्मान कार्ड निर्गत एंव छुट हुए लाभुकों को ग्रीन कार्ड राशनकार्ड निर्गत का निदेश सभी जनवितरण दुकानदारों और आधार कार्ड सेन्टर सहित प्रज्ञा केंद्र को मिला है। जिससे लेकर महुआडांड़ मुख्यालय में केवाईसी लेकर जनवितरण दुकान में व डीलर के घर में काफी भीड़ जमा हो रही है ग्राम पेरवा, तिसिया, चेतमा, गोयारा,बन्दवा सहित कई गांव है जो मुख्यालय से 15 से 20 किलोमीटर दूर से केवाईसी कराने आ रहे है। काफी पैसा भाड़ा लगाकर साथ हर रोज मुख्यालय आकर केवाईसी कराने के लिए लाइन लगा रहे है। साथ ही परिवार के सभी सदस्य को केवाईसी के लिए आने के कारण कई स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। साथ-साथ सर्वर डाउन होने से अधिक परेशानी बढ़ गई है। इस संबंध में उप प्रमुख अभय मिंज ने जिला प्रशासन से मांग की की सर्वर डाउन की दिशा सुधार करते हुए सभी पंचायत भवन में केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराया जाये।

जिले में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ लें सख्त एक्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 07।10।2024 से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 54 वाहनों को जब्त कर 16 प्राथमिकी दर्ज गई है। तथा 12,61,600 लाख रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों , थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण,

आदि की गहन समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे डोजरिंग सहित अन्य कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परियोजनावार महाप्रबंधकों व अंचल अधिकारी से उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध खनिजों के परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों , थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, कोल कंपनियों के अधिकारी व सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

व्यावसायिक समिति की बैठक में बाजार में सीसीटीवी लगाने का लिया निर्णय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह मुख्य बाजार शेड में व्यावसायिक समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने की। जिसमें बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) भरत राम, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार और सैकड़ों स्थानीय दुकानदारों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 4 दिसंबर की रात ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी की घटना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर चर्चा करना था।इस अवसर पर अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि चोरी की घटना के बावजूद अब तक पुलिस इसे सुलझाने में सफलता नहीं मिली है। हालांकि, पुलिस प्रशासन लगातार इस घटना के उद्भेदन को लेकर छापेमारी कर रही है, ताकि इस घटना का उद्भेदन जल्द से जल्द हो सके। एसडीपीओ भरत राम ने कहा कि चोरी की घटना के उद्भेदन के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक स्वयं इस मामले पर अपनी नजर रखें हुए हैं।

राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को करें पूरा : उपायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में भु-लगान, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू अन्य संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 18 दिसम्बर को

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : डीजीपी के निर्देश पर आगामी 18 दिसंबर को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन होना है। लातेहार पुलिस भी

जन समस्याओं के समाधान के लिए कार्यक्रम का आयोजन की तैयारी को लेकर रेस हो गई है। यह कार्यक्रम आगामी बुधवार को लातेहार जिले के सभी अनुमंडल में आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्यालय में यह कायक्रम हाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों की समस्याओं का समाधान करना और उनकी शिकायतों को सुनना है। पुलिस प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि सभी जन शिकायतों पर तत्परता से ध्यान दिया जाएगा और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध फ्रीडम फाइटर के संवाददाता को जानकारी देते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि कार्यक्रमों का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है ताकि आम जनता की समस्याओं को सुना जा सके और उन्हें न्याय दिलाने में मदद की जा सके। यह पहल पुलिस और नागरिकों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है। उन्होंने बताया कि बीते सितंबर माह में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम काफी सफल रहा था, आमजन को भी इसका काफी लाभ मिला था।

विदेशी पक्षियों की चहचहाहट से गूंज रहा साले डैम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड अंतर्गत साले डैम में पहली बार इन दिनों हजारों किलोमीटर दूर से आकर प्रवासी पक्षियों ने डेरा जमाया हुआ है साथ ही आसमान में विदेशी पक्षियों के झुंड मनमोहक नजारे प्रस्तुत कर रहे हैं और डैम में पक्षियों की अटखेलियां मन मोह ले रही है। वही इस नजारे को देखने के लिए आसपास के लोग भी आने लगे हैं। इस संबंध में वाइल्ड लाइफ के जानकार ने बताया कि यह पक्षी बार हेडेड गुज है जो रिकार्ड 28 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ान भर कर एक दिन में 16 हजार किलोमीटर का सफर तय करके तिब्बत, कजाकिस्तान, रूस, मंगोलिया से चिल्का झील जाती है। जो बीच बीच में किसी स्थान पर दस से पंद्रह दिनों के लिए विश्राम करती है। इन्हे महुआडांड़ की आवोहवा पसंद आ रही है, अगर इन्हें तंग न किया जाए तो हर साल आएगी और लौटने के क्रम में भी वह इसी स्थान पर विश्राम करेंगी।सर्दी का मौसम अनुकूल होने के कारण यह काल इन पक्षियों के प्रजनन के लिए उपयुक्त होता है। नदी किनारे विदेशी मेहमान पक्षी अंडे देते हैं। गर्मी आने से पहले बच्चों सहित अपने मूल स्थान पर लौट जाते हैं। विदेशी पक्षी लगभग 02 हजार किलोमीटर का सफर तय कर यहां आते हैं। इस दूरी को तय करने में उन्हें करीब एक महीने का समय लगता है।

दो से तीन किलो होता है वजन

साले डैम आने वाले बार हेडेड गूज को सफेद हंस भी कहा जाता है, क्योंकि इनके सिर और गर्दन पर काले निशान और रंग पीला ग्रे होता है। सिर पर दो काली सलाखों के साथ उनके सफेद पंख होते हैं, पैर मजबूत और नारंगी रंग के होते हैं। इनकी लंबाई 68 से 78 सेमी और पंखों का फैलाव 140 से 160 सेमी होता है। महुआडांड़ के साले डैम में दूर से ही गहरे सुनहरे रंग का ये रडी शेल डक पक्षी जोड़े में तालाब किनारे आसानी से ही दिखाई पड़ता है। इस पक्षी को सुर्खाब यानी ब्राह्मणी डक के अलावा पानी का चकवा भी कहा जाता है। इस पक्षी के बेहद सुदर पंख इसकी शान है।पक्षी का मुख्य प्रजनन क्षेत्र दक्षिण-पूर्व यूरोप से मंगोलिया और पश्चिमी चीन तक है। लगभग 10000 किमी की दूरी से आया है।

ऐसी होती है बनावट

रडी शेल डक का रंग गाढ़ा नारंगी या हल्का कत्थई होता है। इसकी गर्दन और सिर बदामी होता है। नर पक्षी की गर्दन के चारों ओर एक काला कंठा रहता हैं, लेकिन मादा इस कंठे से रहित होती है। इसकी पूंछ और पंख काले-सफेद होते हैं। सामान्यतः यह करीब 70 सेंटीमीटर लंबा होता है वही पंख फैलाव के दौरान यह 130 सेमी हो जाता है। यह हमेशा जोड़े में रहता है।

कल्याण विभाग ने की संचालित आवासीय विद्यालयों व छात्रावासों की जांच

बुनियादी सुविधाओं को किया जायेगा दुरुस्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : गुमला जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशन में एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन करने के लिए परियोजना निदेशक पीडीआईटीडीए, रीना हांसदा के नेतृत्व में 12 विशेष टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने जिले के कुल 14 आवासीय विद्यालयों का गहन निरीक्षण किया।

प्रत्येक टीम में 4 अधिकारियों को शामिल किया गया, जिन्होंने विद्यालयों में बुनियादी ढांचे, शैक्षणिक सामग्री, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाएं जैसे स्कूल यूनिफॉर्म, बच्चों के स्वास्थ जांच एवं हेल्थ रिपोर्ट की स्थिति, किताबें, जूते, और भोजन की गुणवत्ता समेत कई महत्वपूर्ण पहलुओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवनों की स्थिति, छात्रों के बैठने के लिए बेंच-डेस्क की उपलब्धता, और स्वच्छता की स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के दिये निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना को कम करने तथा ट्रैफिक कंट्रोल संबंधी नियमों पर चर्चा करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटना के आंकड़ों की जानकारी ली गई एवं जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जाए इस संदर्भ में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है ऐसे में सभी संबंधित पदाधिकारी को इस दिशा में सजग होकर कार्य करें। अधिक खराब हो चुकी सड़कें जहां दुर्घटना की संभावना अधिक है को चिन्हित कर वहां तत्काल मरम्मती एवम पर्याप्त संख्या में साइनेज, जगह-जगह पर स्पीड लिमिट बोर्ड, कर्व बोर्ड, डेंजर जोन, यू टर्न आदि का बोर्ड लगाने की बात कही गई। इस संदर्भ में उपायुक्त ने एनएचएआई को जल्द कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। वहीं सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु विद्यालयों एवं विभिन्न कॉलेजों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्देश दिया गया।

सीनियर जिला क्रिकेट लीग का आठवां मैच

शेरशाह 11 ने रॉयल सीसी को 83 रनों से दी मात

- शेरशाह 11 के प्रियांशु चौबे 61 गेंद पर 106 रन बना कर बने मैन ऑफ द मैच

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : सीनियर जिला क्रिकेट लीग का आठवा मैच शेरशाह 11तथा रॉयल सी सी के बिच खेला गया। जहां शेरशाह 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरो में 5 विकेट के नुकसान पर 218 रन का विशाल स्कोर किया ।जिसमे प्रियांशु चौबे 106, मनीष तिवारी 38 रनो का योदान दिया। रॉयल सी सी की ओर से अमरेंद्र कुमार यादव ने 4 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने

उत्तरी रॉयल सी सी ने निर्धारित ओवर में 7 विकेट खोकर महज 135 रन पर आउट हो गई। जिसमे अजय कुमार सिंह 28,पियूष राज 25 तथा अमरेंद्र ने 23 रनो का योगदान दिया। शेरशाह 11 की ओर से गौरव पाल ने 2 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शेरशाह 11 के प्रियांशु चौबे को संघ के कार्यकारणी सदस्य सह वरीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार उपाध्याय के द्वारा दिया गया । वही मैच के अंपायर श्रवण महली तथा रौनक दुबे थे जबकि सकोरिंग समरेश बादल ने किया।वही नौवा मैच शेरशाह स्ट्राइकर तथा एल सी सी ब्लू के बिच खेला गया। एल सी सी ब्लू ने शेरशाह स्ट्राइकर को 9 विकेट से हराकर मैच को जीत लिया। जहां शेरशाह स्ट्राइकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरो में सभी विकेट खोकर 81रन पर पूरी टीम ढेर हो गयी । जिसमे दीपांशु चौधरी 40 तथा कुमार आस्तिक ने 11रन का योगदान दिया। एल सी सी ब्लू की ओर से अजय कुमार साहू 5, प्रभात कुमार सिंह ने 03 विकेट चटकाए।

शहर से बाहर हो बस स्टैंड, टेम्पू चालकों की मांग जायज : रूचिर तिवारी

- जिला प्रशासन पहल कर जल्द टेम्पू चालकों से तोड़ाये हड़ताल : भाकपा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भूइंया ने भी हड़ताल पर बैठे टेंपू चालको का समर्थन किया मुलाकात किया और जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि आज चौथे दिन से हड़ताल पर बैठे टेंपू चालकों का जिला प्रशासन के द्वारा अभी तक वार्ता न करना आश्चर्य से परे है। टेंपू चालकों के हड़ताल

के चलते आम नागरिकों, पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं ,वयवसायिक भाइयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही निगम एवं जिला प्रशासन टेंपो चालकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। गांव से चलने वाला टेंपो अगर शहर में नहीं आएगा तो कमाऐगा कैसे। वही शहर के बीचों बीच तीन-तीन बस स्टैंड लगा हुआ है निगम प्रशासन पहले इन सभी बस स्टैंड को शहर से बाहर या बैरिया में शिफ्ट करें।

हमारी पारम्परिक सोच का परिणाम है महिलाओं के साथ अत्याचार

■ बालिकाओं के साथ दुष्कर्म करनेवाले मानसिक विकृति के शिकार हैं, जिन्हें इलाज की है जरूरत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पुरुषों द्वारा महिलाओं पर होते अत्याचार की भयावह तस्वीर जो हम लोगों को देखने को मिल रही उस आदमी हिल जा रहा है। यह स्थिति अचानक उत्पन्न नहीं हुई है। इसके मूल में हमारी मानसिकता ही काम करती है। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग मानदंड तय किए गए हैं। उसी का दुष्परिणाम आज देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही आज की शिक्षा प्रणाली में भी दोष है। हमारे शिक्षा प्रणाली से नैतिक शिक्षा को गायब कर दिया गया है। उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 59 वीं कड़ी में महिला एवं हमारी मानसिकता भाग 2 विषय पर आयोजित परिचर्चा के दौरान अध्यक्षता कर रहे केडी ओझा ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि बाजारवाद ने हमें ऐसे चौराहे पर खड़ा कर दिया है जहां कोई दिशा निर्देश नहीं है। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि तमाम झंझावातों को झेलते हुए आजादी की लड़ाई में कई महिलाओं ने अपनी पहचान बनाई। वर्तमान समय में काफी परिवर्तन आए हैं। महिलाएं शिक्षित हो रही हैं आगे बढ़ रही हैं। बालिकाओं के साथ बूढ़ी महिलाओं के साथ परंतु जो यौन शोषण का मसाला आ रहा है वह मानसिक विकृति का परिणाम है।

उनके इलाज की जरूरत है। जहां तक से हमारी मानसिकता की बात है तो मानसिकता में बदलाव लाने के लिए अपने घर से ही प्रयास करना होगा। गोविंद प्रसाद ने कहा कि इस परिवर्तनशील समाज में महिलाओं के प्रति पुरुषों में जितना परिवर्तन आना चाहिए था उतना नहीं आ पाया है। गांव की महिलाओं की स्थिति बद से बदतर है। देखकर ऐसा लगता है कि गांव की महिलाओं को ना ठंड लगती है और ना ही थकान होती है। परंतु वास्तविकता यह है कि गांव की महिलाओं के पास संसाधन का तो अभाव होता ही है साथ ही इसके पीछे पुरुष की मानसिकता काम करती है। कुलदीप राम ने कहा कि पुरुषों की महिलाओं के प्रति सोच जो पारंपरिक तरीके से बन गया है उसके परिवर्तन के लिए निरंतर अभियान चलाने की जरूरत है। साथ ही बालिका गृह की प्रणाली के दोष को हटाना होगा। इसके लिए एक बृहद बालिका गृह की व्यवस्था करनी होगी। परिचर्चा में घनश्याम कुमार ने महिलाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि आज साहित्य में भी स्त्री विमर्श की एक अलग धारा काम कर रही है। आखिर साहित्य जगत में स्त्री विमर्श की धारा अलग से प्रारंभ करने की जरूरत इसलिए पड़ी की महिलाएं अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से प्रतिबिंब कर सके। अजीत कुमार ठाकुर ने कहा कि सोशल मीडिया पर कई ऐसे रील प्रसारित किए जाते हैं जो पुरुषों को उकसाते हैं। यह भी एक प्रकार की प्रताड़ना है। परिचर्चा की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकर्मी केडी ओझा एवं प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने किया और प्रेम प्रकाश ने विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि हमारी मानसिकता का मतलब सिर्फ पुरुषों से नहीं बल्कि समाज की मानसिकता से है।

एक झलक

राधे श्याम अग्रवाल पत्रकार शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए अनूप मिश्रा

जमशेदपुर : प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा आयोजित कोल्हान प्रमंडल स्तरीय पत्रकार सम्मेलन में आज विभिन्न क्षेत्र के लोगों को सम्मानित किया गया। प्रिंट मीडिया श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तस्वीर प्रकाशन के लिए दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के फोटोग्राफर अनूप मिश्रा को तीसरा स्थान मिला। मौके पर उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास ने उन्हें राधे श्याम अग्रवाल पत्रकार शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया।

लापता युवक का शव कुएं से बरामद

कोडरमा : जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के नईटांड़ से पांच दिन से लापता युवक का शव नईटांड़ के एक कुएं से देर शाम सोमवार को बरामद किया गया। शव की पहचान मुन्ना कुमार साव (23) के रुप में की गयी है। वह राजकुमार साव का पुत्र था। वह जगयनगर थाना क्षेत्र के नईटांड़ गांव का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का चाची ने घर से लगभग 500 फीट की दूरी पर एक कुएं मे मुन्ना का शव को देखी। इसके बाद चाची के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने शव को बाहर निकाला। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। उल्लेखनीय है कि मुन्ना साव 11 दिसंबर से ही लापता था, जिसे लेकर मुन्ना की मां चमेली देवी, पति राजकुमार साव ने 11 दिसम्बर को जयनगर थाना मे अपने पुत्र मुन्ना साव की गुमशुदगी को लेकर सन्हा भी दर्ज कराया था।

डीसी ने बैंकों को ऋण देने में उदारता बरतने के दिये निर्देश

लोहरदगा : डीसी डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में लोहरदगा जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा की गयी। समीक्षा के दौरान वर्तमान में सभी बैंको के कार्यो की समीक्षा की गयी। उपायुक्त के जरिये सभी बैंको के प्रतिनिधियों से बैंकिंग ऋण से संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली और निदेश दिया गया कि बैंक शाखाओं में प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति के लिए सकारात्मक प्रयास करें और ऋण भुगतान का कार्य किया जाय। आवेदनों को सही तरीके से जांच कर उन्हें अग्रसारित करें।बैठक में मत्स्य, डेयरी सहित अन्य ऋण में सुधार करने के लिए कहा गया। किसान क्रेडिट कार्ड को बढ़ाने के लिए नया सेक्टर खोलने का निर्देश दिया गया, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानो को किसान क्रेडिट कार्ड अच्छादित हो सके।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिले में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर बैठक का आयोजन

जिले में 22 दिसम्बर को कुल 10 केन्द्रों पर होगी परीक्षा : डीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

देवघर : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में सोमवार को चौकीदार नियुक्ति संबंधी बैठक का आयोजन समाहरणालय कक्ष में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि जिले में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर आगामी 22 दिसम्बर को लिखित परीक्षा होनी है। ऐसे में आयोजन की सभी आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अभ्यर्थियों की सुविधा, परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन, फिजिकल टेस्ट आयोजन को लेकर आवश्यक सभी व्यस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था न हो। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त श्री विशाल सागर ने संबंधित अधिकारियों को चौकीदार नियुक्ति से जुड़ी जानकारी के साथ परीक्षा केंद्रों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों के चयन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आगे प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) निर्गत करने एवं उसे आवेदकों को भेजने हेतु संबंधित प्रखंड, अंचल का निर्धारण किया गया है। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ

वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेवारी है। ऐसे में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेंटर ऑब्जर्वर एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निदेर्शों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं। आगे उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया, ताकि 22 दिसम्बर को जिले के कुल 10 केंद्रों पर चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा का सफल आयोजन किया जा सके। साथ ही मेडिकल टीम, पेयजल, चलंत शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा सभी निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया सम्पन्न कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। आगे बैठक में विचार विमर्श करते हुए शारीरिक जांच, शारीरिक माप, दौड़ एवं शारीरिक जांच कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया।

जिले के देवघर व मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत कुल 10 परीक्षा केन्द्र

जिले के देवघर अनुमंडल अन्तर्गत आर. मित्रा डिस्ट्रीक्त सीएम एसओई, (मैन पोस्ट ऑफिस देवघर), आर.एल. सर्राफ उच्च विद्यालय, (बजरंगी चौक), सीएम एसओई मातृ मंदिर बालिका विद्यालय (नियर शिवगंगा), गोवर्धन साहित्य हाई स्कूल (पंडित बीएन झा पथ), दिनबंधु मिडिल स्कूल, (बीएलएस रोड) एवं मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत एमएलजी उच्च विद्यालय, (मधुपुर), अंची देवी सर्राफ बालिका +2 उच्च विद्यालय, (मधुपुर), श्यामा प्रसाद मुखर्जी उच्च विद्यालय, (मधुपुर) संत जोसेफ उच्च विद्यालय(मधुपुर), न्यू संत जेवियर हाई स्कूल, (मधुपुर) है। इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, कोषागार पदाधिकारी राकेश कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

डीडीसी ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न सूचकांकों की समीक्षा की

अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत बैठक करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, समेत सभी 5 क्षेत्रों के विभिन्न सुचकांको की समीक्षा की गयी। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि अनिल गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से मासिक रिपोर्ट की प्रस्तुति देते हुए जिला की स्थिति से क्षेत्रानुसार उप विकास आयुक्त को अवगत कराया। इस दौरान बताया गया कि अगस्त महीने में डेल्टा रैंक 80 से सुधार होते हुए 62 पर आ गया है। वहीं शिक्षा में 44, स्वास्थ्य और पोषण में 35, कृषि और जल संसाधन में 30, वित्तिय समावेशन और कौशल विकास में 102 और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में 111 रैंक है। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ दिनों में जिले में केंद्र मंत्री का आगमन संभावित है। ऐसे में आप सभी संबंधित पदाधिकारी सितंबर अक्टूबर एवं नवंबर माह का रिपोर्ट जमा करें ताकि जिले का समेकित रिपोर्ट बनाया जा सके। उप विकास आयुक्त ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में अभी और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने हेतु अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया साथ ही आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही।

वन भूमि में अवैध रूप से लगे पोस्ते की फसल को पुलिस ने किया नष्ट

लातेहार : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर जिले में अवैध रूप से पोस्ता एवं गांजा की खेती करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। पिछले कई दिनों से यह कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को भी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हेरहंज थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया के नेतृत्व में सलैया पंचायत के आशुवे ग्राम में करीब तीन-चार एकड़ वन भूमि में लगी अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। ट्रैक्टर की मदद से पोस्ते के पौधों को रौंद कर नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह खेती किसके द्वारा की गयी है, इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद खेतिहरों के ऊपर कारवाई की जायेगी। मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

गुमला जिला के प्रतिभागियों ने प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव में जीते पदक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : रांची में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में गुमला जिला के प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए। इस आयोजन में गुमला जिले के युवा प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में सफलता प्राप्त की, जो इस प्रकार हैं:

1. **पेंटिंग प्रतियोगिता** : तुषार पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
2. **कविता लेखन** : दीपिका कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
3. **सामूहिक नृत्य** : परमवीर अल्बर्ट एक्का की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
4. **सांस्कृतिक गीत (एकल)** : वीणा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
5. **विज्ञान मेला (एकल)** : सूरज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गुमला जिला के इन युवा प्रतिभागियों की सफलता जिले के लिए गर्व की बात है और यह दिखाता है कि जिले के युवा कला, साहित्य, नृत्य और विज्ञान में भी अपनी छाप छोड़ने में सक्षम हैं। यह उपलब्धि न केवल इन प्रतिभागियों के लिए, बल्कि गुमला जिले के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

नगर परिषद की कार्रवाई : अवैध दुकानदारों व अतिक्रमण करनेवालों के खिलाफ सख्त कदम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरीतिलैया : नगर परिषद की टीम ने शहर में अवैध रूप से तिलकुट की दुकानें लगाने वाले दुकानदारों और स्टेशन मार्ग पर अवैध तरीके से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की। यह कार्रवाई शहर के विकास और सड़क मार्ग की सुगमता को बनाए रखने के लिए की गयी है। टीम ने मौके पर पहुंचकर उन दुकानदारों को चेतावनी दी, जिन्होंने नियमों का उल्लंघन करते हुए सड़क पर अपने सामान रखकर यातायात में बाधा डाली थी। अवैध अतिक्रमण के कारण लोगों को आवाजाही में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए नगर परिषद ने यह निर्णय लिया। इस कार्रवाई के दौरान, टीम ने जुर्माना भी लगाया और कुल मिलाकर 26,350 रुपये (छब्बीस हजार तीन सौ पचास) वसूल किए। नगर परिषद के अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी ताकि शहर की सड़कों को सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके। इस प्रकार की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि नगर परिषद शहर में सुव्यवस्थित विकास के प्रति गंभीर है और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का सम्पूर्ण विकास होगा : डीएसडब्लूओ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बोकारो : पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य जिले के बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषण भी प्रदान करता है। उक्त कार्यक्रम के तहत जिले में सोमवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला परिषद कार्यालय के सभागार में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉक्टर सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कार्यक्रम में चास ग्रामीण एवं गोमिया प्रखंड के लगभग 100 सेविकाएं भाग लिये। मौके पर बीडीओ प्रदीप कुमार, बाल परियोजना पदाधिकारी चास, सुपरवाइजर एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि

आईसीडीएस के तहत बच्चों को बौद्धिक विकास के लिए यह कार्यक्रम चलाया गया है। जिला उन्होंने ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ बच्चे, उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा में सुधार एवं समाज में बदलाव है। इसके तहत कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य बच्चों को स्वस्थ और पोषित बनाना है ताकि वे बेहतर ढंग से सीख सकें और अपने जीवन में सफल हो सकें तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर भी जोर देता है ताकि वे अपने भविष्य के लिए तैयार हो सकें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पोषण और शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोषक आहार दिया जाता है और उन्हें खेल-कूद और शिक्षण गतिविधियां करवाई जाती हैं तथा शिक्षकों को बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने और उनके पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इसके साथ साथ माता-पिता को बच्चों के पोषण और शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा समुदाय के लोगों को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया जाता है ताकि वे बच्चों के विकास में योगदान दे सकें।

कोडरमा जिला में डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य : जिलाध्यक्ष

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा की सदस्यता अभियान महापर्व को लेकर एक कार्यशाला माहुरी धर्मशाला झुमरी तिलैयामें आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया एवं संचालन कार्यक्रम कि सह संयोजक जूही दास गुप्ता जी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से आरंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा भारतीय

जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हम 3 साल पर सदस्यता अभियान चलाते हैं और सक्रिय सदस्य बनाकर बूथ अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष गठन करने के बाद जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का गठन होता है। हमारा राज्य चुनाव के कारण 6 महीने विलंब से सदस्यता अभियान आरंभ कर रहा है 22 जनवरी से पूरे प्रदेश में सदस्यता शुरू होगी इसमें आप सभी भारतीय जनता पार्टी के समर्थक एवं कार्यकर्ता सदस्य बने। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया संयोजक अशोक बड़ाइक जी ने कहा सदस्य बनने के लिए मोबाइल पर 88 00 002024 बटन दबाकर मिस कॉल करें और भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बने। कार्यक्रम का वृत्त कोडरमा जिला प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक शर्मा जी ने लिया और बताया कि मंडल में 18 एवं 19 तारीख को कार्यशाला संपन्न कर 22 तारीख से सभी शक्ति केंद्रों पर सदस्यता अभियान की शुरूआत करनी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कोडरमा की विधायक नीरा यादव जी ने कहा कोडरमा को जो लक्ष्य प्राप्त है, कोडरमा जिला उससे ज्यादा सदस्यों को संस्था ग्रहण करवाएगा क्योंकि कोडरमा जिला भाजपा मय है। यहां लगातार भाजपा ही जीती है, यह हमें विश्वास है । बरकट्ठा विधायक अमित यादव जी ने कहा कार्यकर्ता संगठन की पूंजी है, संगठन कार्यकर्ता के द्वारा ही चलता है। संगठन से ही विधायक और सांसद बनते हैं इसलिए हमें सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–71 / 2024–25

1.विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की : दिनांक 23.12.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।तिथि एवं समय
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 24.12.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.12.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6.निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7.निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राषि	अग्रधन की राषि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की तिथि
1	Annual Maintenance and Operation Contract of Fire Alarm System, Fire Detection System and Fire Extinguisher System Installed at NAYAN SADAN Jharkhand Legal Services Authority (JHALSA), Doranda, Ranchi Jharkhand for the Year 2024-25 (Period 01-01-2025 to 31-12-2025)	3085300	61800	5000	One Year

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
PR 342140 (Building)24-25*D
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, राँची।

प्रथम आमंत्रण सूचना सं०–LAB/DWSD/24/2024-25 दिनांक– 16.12.2024

1	विज्ञापन दाता का पदनामएवं पता	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, राँची।
2	वेबसाइट में निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय	दिनांक 23.12.2024 पूर्वाहन 11.00 बजे से।
3	प्री बीड बैठक का स्थान, तिथि एवं समय	27.12.2024 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM
4	ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय,	दिनांक 06.01.2025 अपराहन 5.00 बजे तक।
5	ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 08.01.2025 पूर्वाहन 11.00 बजे से।
6	ई–निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हटिया योजना, डोरण्डा, राँची–02।
7	ई–मेल	dwsdhatiaproject@gmail.com
8	निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष	9204931335

कार्य की विस्तृत विवरणी:-

क्र० सं०	कार्य का नाम	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य
1	Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in 11 NOS. OF WATER TESTING LABORATORIES IN JHARKHAND UNDER DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT, JHARKHAND. ZONE -1- RANCHI STATE LAB, RANCHI DISTRICT LAB, ORMANJHI, KHUNTI, HAZARIBAGH, RAMGARH, PATRATU, CHAIBASA, SARAIKELA AND KHARSAWAN, JAMSHEDPUR AND KODERMA Water Testing laboratories of Jharkhand.	3,78,000/-	10,000/-
2	Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in 10 NOS. OF WATER TESTING LABORATORIES IN JHARKHAND UNDER DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT, JHARKHAND. ZONE -2- GARHWA, NAGARUTARI, MEDNINAGAR, PANKI, CHATRA, LATEHAR, BARWADIH, LOHARDAGA, GUMLA AND SIMDEGA Water Testing laboratories of Jharkhand.	3,14,000/-	10,000/-
3	Expression of Interest from Technical Manpower Providing Agencies for Providing Human Resources in 10 NOS. OF WATER TESTING LABORATORIES IN JHARKHAND UNDER DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT, JHARKHAND. ZONE -3- SAHIBGANJ, RAJMAHAL, GODDA, PAKUR, DUMKA, JAMTARA, DEOGHAR, GIRIDIH, DHANBAD AND BOKARO Water Testing lab oratories of Jharkhand.	3,32,000/-	10,000/-

NB:- For Details
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्बेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाब देही सम्बेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची।
PR 342163 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

राज इंटरनेशनल स्कूल में 'विजय संदेश' पढ़ मनाया गया 'विजय दिवस'

16 दिसम्बर की वह कहानी, जिस पर हर भारतीय को होता है गर्व

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

इतनी सी बात हवाओं को बताए रखना,
रोशनी होगी, चिरागों को चलाए रखना,
लहू देकर जिसकी हिफाजत की है हमने,
उस तिरंगे को भी दिल में बसाए रखना।

कोडरमा : कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने के साथ सोमवार को छात्रों ने अपने देश के वीर जवानों को विजय दिवस के मौके पर याद करते हुए शहीद जवानों को

श्रद्धांजलि दी। स्कूल के प्रिंसिपल राहुल घोष ने बताया की 16 दिसंबर का दिन सैनिकों के शौर्य को सलाम करने का दिन माना जाता है। देश में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि इसी दिन 1971 में भारत ने पाकिस्तान के दांत खट्टे किए थे। इस ऐतिहासिक जीत की खुशी आज भी हर देशवासी के मन को उमंग से भर देती है। विजय दिवस वीरता और शौर्य की मिसाल है। वर्ष 1971 के युद्ध में भारतीय सैनिकों ने बड़े पैमाने पर कुर्बानियां दीं। हजारों भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गए थे। जबकि कई घायल भी हो गए थे। 16 दिसंबर का दिन देश के जवानों की वीरता, शौर्य, अदम्य साहस और कुर्बानी की कहानी को बयां करती है। जवानों की इसी कहानी को बयां करने के लिए कक्षा vii और viii के छात्रों ने विजय दिवस के बारे अवगत कराया। साथ ही छात्रों ने शहीद जवानों को शहादत को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के कक्षा सात के छात्र पृथ्वी राज सिंह ने प्रार्थना सभा के दौरान जवानों की वीरता, कुर्बानी व अदम्य साहस की कहानी बता कर और झंडा गीत गाकर विजय दिवस की महत्ता को बताया। कक्षा आठ के आशमन राणा ने विजय दिवस पर ब सैनिकों की वीरगाथा सुनाया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सर्वप्रथम कक्षा सप्तम और अष्टम के छात्र - छात्राओं ने पिरामिड की प्रस्तुति से देश के वीर सैनिकों को सलामी दी। विद्यालय के टीचर रिजवान ने बच्चों को विजय दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 16 दिसंबर 1971 में आज ही के दिन भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान को बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

एक झलक

पटेल मैदान में कल से शुरू होगा 13 दिवसीय राज्यस्तरीय खादी मेला सह उद्यमी बाजार

सहरसा : बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निरंतर उद्योग मेला के माध्यम से बिहार से जुड़े हुए खादी एवं अन्य उद्यमियों को बढ़ावा देने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सहरसा जिला में राज्य स्तरीय खादी मेला सह उद्यमी बाजार लगाया जा रहा है,जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी वैभव चौधरी द्वारा किया जाएगा। यह मेला 17 से 29 दिसंबर 2024 तक चलेगा। 13 दिवसीय चलने वाला यह मेला सहरसा ज़िला के पटेल मैदान में लगाया जाएगा जिसमें पूरे राज्य की 100 से अधिक खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाएं भाग लेंगी। खादी संस्थानों के अलावा हैंडलूम और हथकरघा, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, जीविका आदि योजनाओं के तहत अपना उद्योग चला रहें उद्यमियों को भी मेला में अपनी सामग्रियों को प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर प्रदान किया गया है।

हजारों लोगों को कपड़ा बांटने निकली क्लॉथ बैंक की टीम

पूर्णिया : आनंद फाउंडेशन जो पूर्णिया की एक सुसज्जित युवाओं की सामाजिक टीम है ने पिछले वर्ष की भांति इस बार भी क्लॉथ बैंक की ओर से जरूरतमंदों के बीच 5000 से ज्यादा कपड़ों को इकट्ठे कर बांटने के लिए निकल पड़े हैं। आनंद फाउंडेशन एवं कम्युनिटी किचन के सदस्यों ने मिलकर लगभग 5000 लोगों के लिए कपड़ों की व्यवस्था की । उसकी अच्छे से धुलाई कर नई पैकिंग में सजा कर तैयार किया। चार पहिया वाहन में इन सारे सामानों को रखकर जिसमें महिला ,पुरुष, बच्चे के गर्म कपड़ों से लेकर साड़ी , जींस, पैंट शर्ट इत्यादि भी थे बाटेंगे। इस वर्ष का यह शुभ कार्यक्रम शुरूआत करने से पहले पूर्णिया के आईएएस अधिकारी एसडीम पार्थ गुप्ता, वरिष्ठ डॉक्टर प्रणव कुमार, प्रेस क्लब अध्यक्ष सिद्धांत किशोर सिंह की मौजूदगी में क्लॉथ बैंक की गाड़ी को विदा किया गया।

फारबिसगंज के सिमराहा में होगा संतमत का वार्षिक अधिवेशन

फारबिसगंज/अररिया : फारबिसगंज प्रखंड के सिमराहा के औराही पश्चिम पंचायत के रानीपोखर में आगामी 9 व 10 मार्च को होने वाले अररिया जिला सदगुरु संतमत का 35वां वार्षिक अधिवेशन को लेकर सत्संग प्रेमी ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों की बैठक आज रानीपोखर स्थित सत्संग मंदिर के प्रांगण में स्वामी कौशलानंद ब्रह्मचारी जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित की गयी। इस बैठक में वार्षिक अधिवेशन को सफलता को लेकर बैठक में उपस्थित लोगों के साथ चर्चा की गयी. वहीं जिला वार्षिक अधिवेशन को लेकर पोस्टर भी जारी किया गया। वही साथ ही आगामी 22 दिसंबर को बैठक रखी गयी है, जिसमें आयोजन समिति का गठन के साथ-साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर पुनः विचार विमर्श किया जायेगा।

महिला आईटीआई में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरण

अररिया : फारबिसगंज स्थित महिला आईटीआई में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत पहले बैच के 22 प्रशिक्षित कामगारों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार और बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजीव कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और कामगारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रमाणित करना है। इसमें टोकरी बनाना, राजमिस्त्री, लोहार, मालाकार, मूर्तिकार, बढ़ई जैसे 18 प्रकार के पारंपरिक कामगारों को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान कामगारों को 6 दिनों का प्रशिक्षण, दैनिक मजदूरी, 15 हजार रुपये का टूल किट और व्यवसाय शुरू करने के लिए कम दर पर ऋण की सुविधा दी जाती है।प्रथम बैच में 22 टोकरी निमार्ताओं को प्रशिक्षक मनोज कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आने वाले समय में अन्य कारीगरों जैसे बढ़ई, लोहार, ठठेरा और राजमिस्त्री के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले की अन्य सरकारी आईटीआई में शुरू किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की व्यक्तिगत पेशी से छूट मामला

झारखंड हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 16 जनवरी को

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट से खारिज किए जाने की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। अब अदालत इस मामले में 16 जनवरी को सुनवाई करेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में सुनवाई हुई। मुख्यमंत्री हेमंत

सोरेन के अधिवक्ता पियूष चित्रेश, दीपांकर रॉय और श्रेय मिश्रा ने बहस की। अगली सुनवाई तक ईडी को काउंटर एफेडेविट दायर करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नेएमपी-एमएलए कोर्ट के उस आदेश को रद्द करने का आग्रह करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। ईडी का कहना है कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है। गत तीन जून को सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था।

नीतीश कुमार के संभावित कार्यक्रम को लेकर डीएम ने लिया जायजा

अररिया : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित कार्यक्रम को लेकर सोमवार को डीएम अनिल कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने फारबिसगंज के किरकिचिया पंचायत के विभिन्न स्थानों का दौरा कर सरकारी योजनाओं का जायजा लिया।अधिकारियों की टीम ने पंचायत प्रतिनिधियों से जानकारी ली एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। डीएम के साथ अधिकारियों की टीम ने पंचायत सरकार भवन,पंचायत स्थित पोखर और उसका सौंदर्यीकरण सहित पंचायत में हुए विकास कार्य और योजनाओं का जायजा लिया। डीएम ने जीविका दीदी से बात की और उनकी परेशानियों के साथ उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

जनसंपर्क कार्यालय में संगठनात्मक चुनाव समेत विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

एजेंसी

अररिया : फारबिसगंज विधायक जनसंपर्क कार्यालय में सोमवार को संगठनात्मक चुनाव समेत विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर विधायक विद्यासागर उर्फ मंचन केशरी ने कहा भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार बनने पर विकास योजनाओं में तेजी आई है। उन्होंने कहा संगठनात्मक चुनाव को लेकर भी भाजपा कार्यकताओं से एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा विधानसभा क्षेत्र में सड़क पुल-पुलियों के निर्माण कार्य में तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए जहां राजद गठबंधन काल में सब कुछ ठप हो गया था, वही डबल इंजन की सरकार में विकास योजनाओं को जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत सड़कों का जाल बिछ रहा है।जहां मेरे व सांसद प्रदीप कुमार सिंह के पहल पर कई सड़कों व पुल-पुलियों के निर्माण कार्य को लेकर राशि का आवंटन हुआ है।
विधायक ने कहा कि फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र में आठ सड़कों का प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों योजना के तहत किया जा रहा है।

राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक में 52 इकाइयों को सैद्धांतिक और 35 इकाइयों को वित्तीय स्वीकृति

एजेंसी

पटना : राज्य के विकास आयुक्त की अध्यक्षता में आज राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 58वीं बैठक में राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कुल 52 इकाइयों को 28,881.55 करोड़ की स्टेज-1 सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई जबकि 35 इकाइयों को 609.26 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति दी गई।
2024-25 वित्तीय वर्ष में अबतक की उपलब्धियां:
कुल 260 इकाइयों को 4,670.07 करोड़ की स्टेज-1 सैद्धांतिक स्वीकृति। कुल 161 इकाइयों को 1,739.59 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति मिली। बैठक में सन पेट्रोकेमिकल्स प्रा.लि., पिनाक्स स्टील इंडस्ट्रीज प्रा.लि., वर्धन बिजनेस एसोसिएट्स प्रा.लि., संजीव वूलन मिल्स (ओपीसी) प्रा.लि., एसएलएम जी विवरेजेज, लीप एग्री लॉजिस्टिक्स (मधुबनी) प्रा.लि., रिगल रिसोर्सेज लि., अनमोल इंडस्ट्रीज लि., नेचुरल्स डेयरी प्रा.लि. सहित अन्य कंपनियों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में बंदना प्रेयसी, सचिव, उद्योग विभाग, लोकेश कुमार सिंह, सचिव, पर्यटन विभाग, आशिमा जैन, सचिव, वित्त संसाधन, आलोक रंजन घोष, निदेशक, उद्योग विभाग, नीरज नारायण, सदस्य सचिव, राज्य प्रदूषण बोर्ड, सहित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंडइंडस्ट्रीज के सदस्य और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस बैठक के माध्यम से बिहार में औद्योगिक विकास और निवेशको बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

बिहार विजन डॉक्यूमेंट@2047 के निर्माण के लिए बिपार्ड की अंतर-विभागीय परामर्श कार्यशाला

बिहार की प्रगति तब संभव है, जब सभी विभाग मिल कर कार्य करें : केके पाठक

एजेंसी

पटना : बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) की बिहार विजन डॉक्यूमेंट @2047 कार्यशाला को संबोधित करते हुए बिपार्ड के महानिदेशक केके पाठक ने टीमवर्क और सामूहिक दृष्टिकोण की महत्ता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि यह कार्यशाला-2047 तक समृद्ध और विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिहार की प्रगति तब संभव है जब सभी विभाग मिलकर सहयोगात्मक रूप से कार्य करें। डॉ बी राजेंद्र ने इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए कहा कि बिहार @ 2047 का विजन डॉक्यूमेंट प्रदेश की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देने के साथ विशिष्ट चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करेगा। हमारी यह सामूहिक कोशिश एक ऐसे भविष्य का निर्माण

करेगी जो सतत, समावेशी और परिवर्तनकारी होगा। इस कार्यशाला में विभागों के बीच समन्वय और सहयोग को प्रोत्साहित करते हुए राज्य के विकास के लिए एकीकृत दृष्टि तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया गया। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने 2047 तक विभागीय लक्ष्यों और रणनीतियों को प्रस्तुत किया। इसके साथ प्रदेश की प्रमुख विकासात्मक चुनौतियों को चिह्नित करते हुए राज्य में मौजूदा संसाधनों का उपयोग करने पर चर्चा की गई। सत्रों में रचनात्मक विचार-विमर्श और गतिविधियों के माध्यम से प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत दृष्टिकोण साझा किए और ह्वविकसित बिहार-2047 विषय पर टैगलाइन का सुझाव दिया। इस कार्यशाला में ग्रामीण विकास विभाग की ओर से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने विभाग की सामाजिक सशक्तिकरण और पर्यावरणीय स्थिरता पर केंद्रित विचार रखे। साथ ही कृषि विभाग के सचिव संजय अग्रवाल ने उन्नत कृषि उत्पादकता, नवाचारी पद्धति और प्रौद्योगिकी के समावेश के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और बिहार को कृषि व्यवसाय में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया।

विहिप बजरंग दल उत्तर बिहार प्रांत के सुरक्षा प्रमुख बने कटिहार के अनीश सिंह

एजेंसी

कटिहार : मुजफ्फरपुर में आयोजित एक दिवसीय उत्तर बिहार प्रांतीय बैठक में अनीश सिंह को उत्तर बिहार प्रांत सुरक्षा प्रमुख के दायित्व की घोषणा की गई। इस अवसर पर सुधांशु पटनायक - केंद्रीय मंत्री धर्म प्रसार प्रमुख, आनंद- क्षेत्र संगठन मंत्री, नागेंद्र समर्थ - प्रान्त संगठन मंत्री, संजीव सिंह - प्रान्त अध्यक्ष, राणा रणवीर सिंह - प्रान्त मंत्री, प्रकाश पांडेय - प्रान्त संयोजक, पंकज सिंह - प्रान्त सह संयोजक उपस्थित थे। अनीश सिंह ने अपनी नई जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि वह कटिहार जिले से पहली बार प्रांतीय स्तर पर दायित्व प्राप्त करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं और विहिप बजरंग दल के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोमवार को कटिहार पहुंचने पर अनीश सिंह का भव्य स्वागत किया गया, जिसमें विहिप बजरंग दल कटिहार के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रीतम प्रताप सिंह विहिप जिला सह मंत्री, पवन पोद्दार, अभय साह, अखाड़ा प्रमुख, राहुल सिंह राजेश राज, नगर सह मंत्री विक्की चौधरी नगर संयोजक कुमार हर्षित आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्रमिकों के सपनों को पूरा करने में सहयोग करना सरकार की प्राथमिकता : श्रममंत्री

एजेंसी

पटना : राज्य के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को पटना में बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधित) योजनाझ2024 के अंतर्गत छात्रवृति अनुदान वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम ही पूजा है। श्रमिकों के सपनों को पूरा करने में सहयोग करना सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने कहा कि प्रोत्साहन राशि के वितरण से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और वे अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम होंगे। साथ ही विभाग के जरिए अन्य वित्तीय सहायता का लाभ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राशि में वृद्धि की जायेगी, जिसके लिए मंत्री परिषद् से प्रस्ताव पर अनुमती प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनायी जाये। मंत्री ने श्रमिक कल्याण योजना के लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। बिहार राज्य श्रम कल्याण समिति से संचालित बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना-2011 के तहत छात्रवृति के रूप में असंगठित क्षेत्र के कामगार एवं शिल्पकार के अधिकतम दो बच्चों को विभिन्न प्रकार के छात्रवृति अनुदान राशि भुगतान का प्रावधान है, जो राज्य के अंदर अध्ययनरत हैं।

मृत्यु की दहलीज पर से पुलिस और डाक्टरों ने सड़क पर पड़े युवक को वापस लाया

एजेंसी

पूर्णिया : दुनिया के हर कोने में या हर विभाग में हर तरह के इंसान होते हैं। भले ही अच्छे इंसानों की कमी हो पर जितने हैं उतने ही इस सुषुप्तावस्था में पड़े समाज के लिए प्रेरणा, ऊर्जा और इंसानियत के लिए एक बड़ी मिशाल हैं। जब एक प्रशासनिक आईएएस अधिकारी ,एक महिला थाना प्रभारी ,एक सरकारी (जीएमसीएच) डॉक्टर और कोई प्राइवेट नर्सिंग होम के डॉक्टर एक साथ किसी की जान बचाने के लिए जिद्द कर दें और पैसे की अहमियत नहीं दें तो भगवान भी उसका साथ दे ही देंगे। वाक्या पूर्णिया के जिला स्कूल रोड की है जहां एक युवक सड़क किनारे बिल्कुल मृतप्राय अवस्था में गिरा था। सर फूटा हुआ,शरीर पर चोट के बहुत सारे निशान थे। पुलिस को सूचना हुई तुरंत ही फणीश्वर नाथ रेणु उद्यान टोओपी थाना प्रभारी शबाना आजमी को सूचना मिलती है और वह तत्काल डायल 112 की टीम के साथ उसे युवक के पास पहुंचकर उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाती है। बाद में पता चलता है की सदर अस्पताल के द्वारा यह कहा गया कि उनकी स्थिति गंभीर है मैक्स सेवन अस्पताल ले जाया जाए और फिर उसे मैक्स सेवन अस्पताल कसबा में भर्ती करवाया जाता है। परंतु फिर अचानक पता चलता है कि मैक्स अस्पताल वालों ने चुपचाप एक एंबुलेंस से उसे मृतप्राय युवक को सदर अस्पताल के बरामदे पर छोड़ जाती है और अपने हाथ पीछे खींच लेती है।

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने 31 गोदामों और 06 कम्पोजिट यूनिट का किया उद्घाटन

एजेंसी

पटना : सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समेकित सहकारी विकास परियोजना के तहत निर्मित 31 गोदामों तथा 06 कम्पोजिट यूनिट का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री ने कहा कि समेकित सहकारी विकास परियोजना एक कालबद्ध परियोजना है, जिसकी अवधि 31 मार्च, 2025 है। मंत्री ने सभी 6 जिलों में क्रियान्वित समेकित सहकारी विकास परियोजना के महाप्रबंधकों को निर्देश दिया कि परियोजना के कार्य को ससमय पूर्ण करें। साथ ही मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया कि वे निरंतर जमीनी स्तर पर कार्य का भौतिक निरीक्षण कर कार्य मे तेजी लाएं। मंत्री ने औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखण्ड में महफिल-ए-कालीन प्राथमिक बनुकार सहयोग समिति का उल्लेख करते हुए उनके कार्या की काफी सराहना की और कहा कि यह समिति काफी अच्छे कालीन का निर्माण कर रही है। ऐसे सहकारी समितियों को प्रोत्सहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के बेतहर संचालन से बिहार में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी होगा और लोगों का राज्य से पलायन भी रुकेगा। वेजफेड, मत्स्य सहयोग समितियां, बुनकर सहयोग समितियां और मधु सहयोग समितियों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इसे और भी उचाईयों तक ले जाने का प्रयास जारी रहना चाहिए।

पोना पर्वत धाम, बघलता में पंच दिवसीय श्री गीता ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : चितरपुर प्रखंड के ऐतिहासिक और पवित्र स्थल पोना पर्वत धाम, बघलता में पंच दिवसीय श्री गीता ज्ञान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ बड़े धूमधाम और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ममता देवी और पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो व विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित हुए। इस आयोजन की शुरूआत भक्ति जागरण और भजन-कीर्तन के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि श्री गीता ज्ञान यज्ञ से धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में सद्भाव, शांति और नैतिक मूल्यों

को बढ़ावा मिलता हैं। गीता का ज्ञान न केवल जीवन को सही दिशा प्रदान करता है, बल्कि हमारे भीतर आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। पोना पर्वत धाम जैसे पवित्र स्थल पर आयोजित यह यज्ञ निश्चित रूप से क्षेत्र के लोगों को आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि मैं आयोजकों को इस अद्भुत पहल के लिए धन्यवाद देती हूँ और आश्वासन देती हूँ कि इस तरह के आयोजनों में हर संभव सहयोग किया जाएगा। पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने अपने संबोधन में कहा कि गीता का संदेश केवल धर्म और आध्यात्म तक सीमित नहीं है, यह जीवन जीने की कला सिखाने वाला ग्रंथ है। वर्तमान समय में गीता के ज्ञान को अपनाना हमारी युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। मैं इस आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को बधाई देता हूँ और क्षेत्रवासियों से अपील करता हूँ कि वे इस यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। इस पंच दिवसीय यज्ञ में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विद्वान आचार्य श्रीमद्भागवत गीता पर गहन प्रवचन देंगे। इसके अतिरिक्त, भक्ति संगीत, कीर्तन और महाप्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक सुख प्रदान करेंगे। मौके पर मुखिया प्रत्याशी राजन कुमार, कन्हैया दांगी, उमेश कुमार, तुलेश्वर कुमार, नेमचन्द राम दांगी, विकास कुमार, सोनी कुमार, सुरज कुमार, अजय कुमार, कमलेश कुमार, सगीर अंसारी, उतम कुमार, शिव कुमार, बजरंग साव सहित सैकडो श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

सरकार ने 'जलवाहक' योजना की शुरुआत की, आंतरिक जलमार्गों और कार्गो मूवमेंट को मिलेगा बढ़ावा, एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर कार्गो मूवमेंट को मिलेगा प्रोत्साहन

सर्बानंद सोनोवाल ने जहाजों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

एजेंसी

कोलकाता : केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री (एमओपीएसडब्ल्यू) सबार्नंद सोनोवाल ने आज यहां राष्ट्रीय जलमार्ग 1 (गंगा नदी) के साथ-साथ राष्ट्रीय जलमार्ग 2 (ब्रह्मपुत्र नदी) और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 (बराक नदी) के माध्यम से लंबी दूरी के कार्गो के परिवहन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्गो प्रोत्साहन की एक महत्वपूर्ण नीति जलवाहक का अनावरण किया। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने आज यहां जीआर जेट्टी से एमवी एएआई, एमवी होमी भाभा और एमवी त्रिशूल के साथ दो डंब बार्ज अजय और दीखू को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे एनडब्ल्यू 1 और एनडब्ल्यू 2 के लिए हल्दिया से निर्धारित कार्गो जहाज सेवा की शुरूआत हो गई।

- कोलकाता से पटना, वाराणसी और पांडु तक कार्गो जहाजों की निश्चित अनुसूचित सेवा शुरू

निर्धारित दिन की निर्धारित नौकायन सेवा एनडब्ल्यू 1 के कोलकाता-पटना-वाराणसी-पटना-कोलकाता खंड और एनडब्ल्यू 2 के कोलकाता और गुवाहाटी के पांडु के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट (आईबीपीआर) के माध्यम से चलेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह भी इस महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा,

- 'जलवाहक' योजना जलमार्गों को कार्गो परिवहन के लिए प्रोत्साहित करती है, एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 में व्यापार की संभावनाओं को है खोलती
- 'कार्गो जहाजों की निर्धारित सेवा की शुरुआत जलमार्गों की सुगम, कुशल, स्थायी और किफायती परिवहन के लिए तत्परता का करती है प्रदर्शन'
- योजनाओं का उद्देश्य 95.4 करोड़ के निवेश के साथ 800 मिलियन टन किलोमीटर के मॉडल शिफ्ट को करना है प्रोत्साहित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने हमारे समृद्ध आंतरिक जलमार्गों के विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिए एक समेकित प्रयास किया है। आर्थिक, पर्यावरणीय और कुशल परिवहन के रूप में जलमार्गों का लाभ उठाकर, हम रेल और सड़क यातायात को कम करने के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन को बढ़ावा देना चाहते हैं। जलवाहक योजना एनडब्ल्यू1, एनडब्ल्यू2 और एनडब्ल्यू16 पर लंबी दूरी के कार्गो को प्रोत्साहित करती है और व्यापारिक हितों के लिए जलमार्गों के माध्यम से कार्गो परिवहन की संभावनाओं का पता लगाने का एक शानदार आर्थिक मूल्य प्रस्ताव प्रदान करती है। आगे, कोलकाता से शुरू हुई नियमित निर्धारित माल सेवा यह सुनिश्चित करेगी कि कार्गो एक निश्चित समय सीमा के भीतर परिवहन और वितरण किया जाए। इससे हमारे उपयोगकताओं के बीच राष्ट्रीय जलमार्गों की नियमित कार्गो परिवहन के लिए तैयारी के बारे में विश्वास उत्पन्न होगा, जो एक कुशल, आर्थिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार परिवहन मोड है। हमारे जहाज संचालकों को इस प्रोत्साहन योजना के साथ सशक्त बनाकर और हमारे व्यवसायों को सुरक्षित और समय पर कार्गो वितरण के साथ प्रोत्साहित करके, यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के परिवहन के माध्यम से परिवर्तन के दृष्टिकोण को सार्थक रूप से जोड़ता है क्योंकि भारत विकसित भारत बनने की ओर बढ़ रहा है।

एक झलक

सुमित शर्मा ने की धुआंधार बल्लेबाजी, लाइफ केयर ने जीता मैच

लखनऊ : बी.बी. गुप्ता मेमोरियल ट्राफी के लीग मैच में लाइफ केयर क्रिकेट क्लब ने दयानंद यंग मेंस एसोसिएशन को छह विकेट से मात दे दी। इस मैच में लाइफ केयर के बल्लेबाज सुमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 57 रन बनाये। दयानंद यंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 133 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज इशान गुप्ता मात्र आठ रन बनाकर आउट हो गये। वहीं विदित जोशी ने अपनी टीम में सर्वाधिक दो चौका और दो छक्का की मदद से 51 रन बनाये। लक्ष्य तिवारी ने 21 रन का योगदान दिया। वहीं अभिजय सिंह ने 18 रन बनाये। वहीं लाइफ केयर ने चार विकेट गंवाकर 134 रन बना लिये और मैच को छह विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज सुमित शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौके और एक छक्के की मदद से 56 बाल पर 57 रन बनाये। वहीं गौरव यादव ने 15 रन का योगदान दिया, जबकि अरबाज ने 14 रन बनाये।

स्मिथ ने आकाश दीप को अच्छा गेंदबाज बताया

ब्रिसबेन : ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने टीम इंडिया के युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसके पास अच्छा गेंदबाजी कौशल है। स्मिथ का मानना है कि भले ही आकाशदीप को विकेट नहीं मिले हैं पर उनकी गेंदबाजी खेलना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं था। स्मिथ ने कहा, मुझे लगता है कि आकाश ने काफी अच्छी गेंदबाजी की, विशेषकर पहले स्पैल में। वह काफी मूवमेंट के साथ गेंद को घुमा रहे थे। उन्होंने वास्तव में अच्छी लेंथ से गेंदबाजी की। वह एक अच्छे गेंदबाज हैं। यह पहली बार था जब मैंने उनका सामना किया। निश्चित रूप से उनमें कुछ कौशल है। स्मिथ ने कहा, जब दूसरी नयी गेंद आई तो जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी करने आये और उसने वह किया जो हम जानते हैं। वहां दो विकेट खोना दुर्भाग्यपूर्ण था। स्मिथ ने इस मैच में 101 रन की पारी खेलकर 18 महीने के शतक के सूखे को समाप्त किया। उन्होंने हेड के साथ मैदान पर अपनी बातचीत का भी खुलासा किया। इसमें दोनो का मानना था कि अपने अनुसार खेलो। उन्होंने कहा, ट्रेविस की बल्लेबाजी देखने के लिए मेरे पास एक शानदार सीट थी। ट्रेविस लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। जिस तरह से वह शुरू से ही गेंदबाजों पर दबाव बनाने में सक्षम था, वह काफी अविश्वसनीय है।

सूर्यांश ने विस्फोटक पारी से खींचा ध्यान

नयी दिल्ली : सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में मुम्बई की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्यांश शेडगे ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया है। सूर्यांश ने मध्यप्रदेश के खिलाफ फाइनल में केवल 15 गेंदों में 36 रन बनाकर मैच पलट दिया। मुंबई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले सूर्यांश ने 240 के स्ट्राइक रेट से 15 गेंदों पर नाबाद 36 रन की पारी खेली। मुंबई की टीम ने फाइनल में मध्य प्रदेश की टीम को 5 विकेट से हराया। सूर्यांश को हाल में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में पंजाब किंग्स ने 30 लाख में खरीदा था।

बांग्लादेश ने पहली बार वेस्टइंडीज में टी-20 मैच जीता

विडींज को पहले मैच में 7 रन से हराया; मेहदी हसन प्लेयर ऑफ द मैच

एजेंसी

सेंट विंसेट : बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को उसके घर पर पहली बार टी-20 में हराया है। सोमवार को सेंट विंसेट में खेले गए मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकोट पर 147 का स्कोर बनाया। जवाब में विंडीज टीम 19.5 ओवर में 140 रन पर ही सिमट गई। बांग्लादेश ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मैच 18 दिसंबर को किंग्सटन में खेला जाएगा। ऑलराउंडर मेहदी हसन पहले 26 रन बनाकर नाबाद रहे। उसके बाद 4 विकेट भी झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

सरकार बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 43 रन बनाये

टॉस हारकर पहले खेलते हुए बांग्लादेश ने 30 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद सौम्य सरकार और जाकेर अली ने पारी को संभाला। सौम्य ने 32 बॉल पर 43 रन और जाकेर ने 27 बॉल पर 27 रन बनाए। मेहदी हसन ने नाबाद 26 रन की पारी खेली। आखिर में शमीम हुसैन ने 13 गेंदों में 27 रन बनाकर टीम को 147 रन के स्कोर तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए अकील हुसैन और ओबेड मैकॉय ने 2-2 विकेट झटके। रोस्टन चेज और रोमारियो शेफर्ड को 1-1 विकेट मिला।

पॉवेल ने 35 बॉल पर 60 रन बनाये

टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 38 रन के स्कोर तक अपने 5 विकेट गंवा दिए। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने अर्धशतक लगाया, लेकिन जीत नहीं दिला सके। पॉवेल ने 35 बॉल पर 60 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 22 और जोनसन चार्ल्स 20 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन ने 4 विकेट झटके। तस्कीन अहमद और हसन महमूद ने 2-2 विकेट लिए।

बुमराह ऑस्ट्रेलिया में पचास विकेट लेनेवाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने

एजेंसी

गाबा : भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। वह ऑस्ट्रेलिया में पचास विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। बुमराह ने तीसरे दिन के पहले सत्र में ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क को आउट करने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया में अपना 50 टेस्ट विकेट लिया। बुमराह ने अपने 50 विकेट केवल 10 टेस्ट में हासिल कर महान ऑलराउंडर कपिल देव को भी पीछे छोड़ दिया है। कपिल ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में 11 टेस्ट मैचों में 51 विकेट लिए थे। इस दौरान उनकी गेंदबाजी औसत 24.58 की रही। बुमराह ने अपने करियर में अब तक 43 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। बुमराह टेस्ट में सबसे कम औसत से 190 या इससे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं। बुमराह ने तीसरे टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट लिए। उन्होंने 28 ओवर में 9 ओवर मेडन किये और 76 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के 6 विकेट लिए। बुमराह अब ऑस्ट्रेलियाई धरती पर सबसे तेज 50 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं।

अंडर-17 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस क्वालीफायर

मेजबान युगांडा ने तंजानिया के साथ ड्रॉ खेला

एजेंसी

कंपाला : मेजबान युगांडा ने रविवार को सीईसीएएफए जोन के लिए टोटलएनर्जीज अंडर-17 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) फुटबॉल टूर्नामेंट क्वालीफायर के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में तंजानिया के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला। तंजानिया ने मैच की शुरूआत मजबूत टीम के रूप में की और 19वें मिनट में कंपाला के नकीवुबो हम्ज स्टेडियम में सालेह एले के गोल के जरिए बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मैच के 58वें मिनट में युगांडा ने इसिमा मगाला के जरिए गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। घरेलू टीम ने गोल करने के बाद गति पकड़ी और लगातार हमले किए, जबकि तंजानियाई टीम ने रक्षा में मजबूती से काम किया। मगाला के पास युगांडा के लिए मैच जीतने का आखिरी मिनट का मौका था, लेकिन उनका शॉट लक्ष्य से चूक गया। मैच के बाद तंजानिया के कोच एग्री मोरिस एम्ब्रोस ने कहा कि युगांडा की मजबूत टीम के खिलाफ ड्रॉ खेलना अच्छी शुरूआत थी। पूर्व तंजानियाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने कहा, हमने अच्छी शुरूआत की, लेकिन युगांडा ने दूसरे हाफ में बेहतर प्रदर्शन किया। उनके समकक्ष सेन्योंडो ने कहा कि पहले मैच में ड्रॉ खेलने के बाद युगांडा के पास सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपने आखिरी ग्रुप मैच में केन्या को हराने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। दक्षिण सूडान, जिसने पहले मैच में सोमालिया को 3-0 से हराया था, अब ग्रुप बी में शीर्ष पर है, जबकि तंजानिया और युगांडा के पास ग्रुप ए में एक-एक अंक है। बुधवार को तंजानिया का सामना केन्या से ग्रुप ए में होगा, जबकि दक्षिण सूडान का सामना ग्रुप बी के मैच में सूडान से होगा।

100वें टेस्ट में विराट ने बनाया रिकार्ड

एजेंसी

गाबा : भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बल्लेबाजी करते हुए एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। विराट ने अपने इस 100 वें टेस्ट में केवल तीन रन बनाये पर इसके बाद भी पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने का रिकार्ड तोड़ दिया। विराट से अपने 100 वें टेस्ट में बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह इसमें असफल रहे। गाबा के मैदान पर जैसे ही विराट ने 2 रन बनाए तो वह टेस्ट क्रिकेट के रनों के मामले में द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 62 टेस्ट पारियों में 2166 रन बनाए हैं।

ब्रिसबेन टेस्ट तीसरा दिन | बारिश की लुका-छिपी के बीच भारत की खराब शुरुआत, 51 रन पर खोये 04 विकेट

एजेंसी

ब्रिसबेन : यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने केवल 51 रन पर चार विकेट खो दिये हैं केएल राहुल 33 और कप्तान रोहित शर्मा बिना खाता खोले नाबाद हैं। इससे पहले आज ऑसेट्रेलिया की पहली पारी 445 रनों पर समाप्त हुई। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर

चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने। हालांकि इसके बाद बारिश शुरू हो गई और लंच की घोषणा हो गई। लंच के बाद जब मैच शुरू हुआ तो पंत और राहुल ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि इसके बाद फिर बारिश शुरू हो गई। बारिश जब रूकी तो पंत (09) के रुप में भारत को चौथा झटका लगा। पंत के आउट होने के बाद बारिश शुरू हो गई और चायकाल की घोषणा हो गई।

भारतीय टीम ने पहले टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया

एजेंसी

मुम्बई : स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां वेस्टइंडीज को पहले टी20 मुकाबले में 49 रनों से हरा दिया। भारतीय टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मंधाना के 53 और जेमिमा के 73 रनों की सहायता से 4 विकेट पर ही 195 रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से करिश्मा ने 18 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज टीम 146 रन ही बना पाई। वेस्टइंडीज की ओर से जोसेफ और डॉटिंन ने अच्छा प्रदर्शन किया पर वह अपनी टीम को जीत दिलाने में विफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से तितास साधु ने 37 रन देकर 3 विकेट लिए। इस मैच में मंधाना ने उमा छेत्री के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रन बनाये। उमा ने 24 रन बनाये। वहीं मंधाना ने 33 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्के लगाकर 54 रन बनाए। वहीं जेमिमा ने 35 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्के लगाकर सबसे अधिक 73 रनों की पारी खेली। इसके अलावा ऋचा घोष ने 20 जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने 13 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज केवल 1 रन बनाकर पेवेलियन लौट गईं। इस दौरान कियाना जोसेफ ने डींड्रा डॉटिन के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। जोसेफ ने 33 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए तो वहीं, डॉटिंन ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। जोसेफ और डॉटिंन के विकेट गिरते ही वेस्टइंडीज टीम की पारी ढ़ह गयी। मध्यक्रम में केवल शबिका 15 ही रन बना पाई और स्कोर 20 ओवर में 146 तक ही पहुंच पाया। भारत की ओर से तितास ने 37 रन देकर 3 विकेट जबकि दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने 2-2 विकेट लिए।

घरेलू और सभी अंतर्राष्ट्रीय मैचों में गेंदबाजी करने से निलंबित हुए शाकिब

एजेंसी

ढाका : बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय किकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया है हालांकि वह बल्लेबाज के तौर पर खेल सकते हैं। इससे पहले शाकिब को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने संदिग्ध एक्शन के कारण निलंबित कर दिया गया है। उसी को देखते हुए ही बीसीबी ने शाकिब को निलंबित किया है। साथ ही कहा उन्हें निलंबन से बाहर आने से की टेस्ट में पास होना होगा। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट मैच के दौरान संदिग्ध एक्शन के लिए रिपोर्ट किए जाने के बाद शाकिब इस महीने की शुरूआत में इंग्लैंड में आईसीसी मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र, लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अपने एक्शन के स्वतंत्र आंकलन में भी विफल रहे थे। इसके बाद ईसीबी ने कार्रवाई करते हुए अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए आईसीसी के नियमों के खंड 11.3 के अनुसार उनको निलंबित कर दिया।

शंघाई में टीम स्प्रिट के सदस्य शंघाई मेजर में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ उत्साहित नजर आये।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए राशिद खान की अफगानिस्तान टेस्ट टीम में वापसी

एजेंसी

काबुल : अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान तीन साल से ज्यादा समय बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें जिम्बाब्वे में होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। राशिद ने इससे पहले कमर में चोट के कारण मेडिकल सलाह पर लंबे फॉर्मेट से ब्रेक लिया था। राशिद ने अपना आखिरी टेस्ट भी जिम्बाब्वे के खिलाफ मार्च 2021 में अबू धाबी में खेला था। टीम में ऑलराउंडर इस्मत आलम, बाएं हाथ के स्पिनर जहीर शहजाद और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बशीर अहमद अफगान सहित सात अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं। तीनों को उनके मजबूत घरेलू प्रदर्शन का इनाम मिला है और वे अजमतुल्लाह उमरजई, फरीद अहमद, रियाज हसन और सेदिकुल्लाह अटल के साथ जुड़ेंगे, जिन्होंने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। हालांकि, उमरजई, फरीद और रियाज सभी न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा थे, जो इस साल की शुरूआत में सितंबर में एक भी गेंद फेंके बिना धुल गया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के अंतरिम मुख्य चयनकर्ता अहमद शाह सुलेमानखिल ने एक बयान में कहा, राशिद खान की टेस्ट टीम में वापसी हुई है, जो हमारे लाल गेंद के खेल के लिए एक आशाजनक संकेत है। बाकी टीम ने हाल ही में नांगरहार प्रांत में अच्छी तैयारी की, जिसमें 19 खिलाड़ी और सभी सहायक कर्मचारी शामिल थे, जिन्होंने खिलाड़ियों के साथ काम किया और श्रृंखला के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित की। हमने पूरी तरह से कार्यवाही की निगरानी की है और टीम का चयन किया है, जिसमें इस्मत आलम, बशीर अहमद और जहीर शहजाद सहित कई नए चेहरे शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में अहमद शाह अब्दाली प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है।



इस बीच,

हैमिल्टन टेस्ट : न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को दिया 658 रन का टारगेट

विलियम्सन ने 33वीं टेस्ट सेंचुरी लगायी; तीसरे दिन इंग्लिश टीम 18/2

एजेंसी

हैमिल्टन : न्यूजीलैंड ने हैमिल्टन टेस्ट में इंग्लैंड को जीत के लिए 658 रन का टारगेट दिया है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 2 विकेट खोकर 18 रन बना लिए हैं। टीम अभी टारगेट से 640 रन पीछे है। सोमवार को तीसरे दिन न्यूजीलैंड ने 136/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम दूसरी पारी में 453 रन पर ऑलआउट हो गई। केन विलियम्सन ने शतक (156 रन) लगाया। उनकी यह 33वीं टेस्ट सेंचुरी रही। विलियम्सन ने हैमिल्टन में लगातार 5वां और ओवरऑल 7वां टेस्ट शतक लगाया। वह किसी एक वेन्यू लगातार 5 टेस्ट शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

न्यूजीलैंड की दूसरी पारी : विलियम्सन का शतक

दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के स्टार बैटर केन विलियम्सन ने शतक लगाया। उन्होंने 204 बॉल पर 156 रन बनाए। उनके अलावा विल यंग और डेरिल मिचेल ने 60-60 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 49 और रचिन रवींद्र ने 44 रन की पारी खेली। टॉम ब्लंडेल 44 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए जैकब बेथेल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने 2-2 विकेट लिए। थ्यू पॉट्स, गस एटकिंसन और जो रूट को 1-1 विकेट मिला।

दूसरे दिन इंग्लैंड पहली पारी में 143 रन पर सिमटा

पहली पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी खराब रहा। जो रूट ने 42 गेंदों में 6 चौकों की मदद से सबसे ज्यादा 32 रन की पारी खेली। कप्तान बेन स्टोक्स ने 43 गेंदों में 27 रन और ओली पोप ने 42 गेंदों में 24 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मैट हैनरी ने 13.4 ओवरों में 48 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए। वहीं, विलियम ओरर्के और मिचेल सैंटनर के नाम 3-3 विकेट शामिल रहे।

पहले दिन लैथम-सैंटनर ने अर्धशतक जमाये

न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन टेस्ट में मजबूत शुरूआत की। टीम ने शनिवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 9 विकेट खोकर 315 रन बनाए। मिचेल सैंटनर 50 रन पर नाबाद लौटे।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

न्यूजीलैंड : टॉम लैथम (कप्तान), विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियम्सन, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, टॉम ब्लंडेल, मैट हेनरी, टिम साउदी और विल ओरूर्क।

एक झलक

एचसीसीबी ने झारखंड में बॉटलिंग कामकाज के हस्तांतरण की घोषणा की

रांची : एचसीसीबी ने झारखंड में अपने मौजूदा बॉटलिंग कामकाज के हस्तांतरण की घोषणा की, जिसे अभी हिन्दुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस प्रा. लि. (एचसीसीबी) द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो द कोका-कोला कंपनी की सब्सिडिएरी हैं अब से झारखण्ड का बिजनेस मून बेवरेजेस प्रा. लि. के पास होगा और यही इसका मालिक होगा और कारोबार का संचालन करेगा। मून बेवरेजेस प्रा. लि. अभी दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश के भागों, पूर्वोत्तर बाजार तथा पश्चिम बंगाल के चुनिंदा क्षेत्रों में परिचालन कर रही है।
एचसीसीबी इंडिया के सीईओ जुआन पाबलो रोड्रिग्ज ने कहा कि यह कारोबारी हस्तांतरण कोका-कोला बेवरेजेस के लिये एक महत्वपूर्ण फैसला है। इससे सुनिश्चित होता है कि व्यवसाय के सभी हिस्सों में सही स्तर पर निवेश किये जा सकें। इससे बिजनेस का पैमाना और नजदीकी दोनें बढ़ेगी। भारत में अपने बेवरेजेस बिजनेस को लेकर हमारे पास लंबे वक्त के लिये तरक्की की संभावनाएं हैं। हमें विश्वास है कि इस कदम से कोका-कोला सिस्टम में तेजी आएगी और हम बाजार पर जीत दर्ज करेंगे तथा स्थानीय समुदायों को अधिक महत्व प्रदान करेंगे। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिये एचसीसीबी मिलकर काम करने के लिये प्रतिबद्ध रहेगी। ऐसे में ग्राहकों, उपभोक्ताओं तथा सिस्टम के कर्मचारियों को कम परेशानी होगी।

रुपये में हालिया गिरावट सबसे तीव्र गिरावट नहीं है : वित्त राज्यमंत्री

नयी दिल्ली : केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार (एफईआर) में हालिया गिरावट देश के इतिहास में सबसे बड़ी गिरावट नहीं है। भारतीय रुपये और विदेशी मुद्रा भंडार पर हाल में आए दबाव के लिए विभिन्न बाहरी और घरेलू कारक जिम्मेदार हैं। केंद्रीय वित?त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। वित्त राज्यमंत्री चौधरी ने सदन को बताया कि 15 नवंबर, 2024 को समाप्त हफ्ते के दौरान इससे पिछले हफ्ते की तुलना में विदेशी मुद्रा भंडार में 2.63 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि यह पिछले दो दशकों में फीसदी के लिहाज से सबसे बड़ी गिरावट नहीं है। सबसे बड़ी गिरावट 24 अक्टूबर, 2008 को समाप्त हफ्ते में दर्ज की गई थी, जब वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 5.65 फीसदी की गिरावट आई थी। चौधरी ने कहा कि 15 नवंबर, 2024 को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले हफ्ते की तुलना में 2.63 फीसदी की कमी आई। हालांकि, फीसदी के लिहाज से पिछले 20 वर्षों में अब तक की सबसे ज्यादा गिरावट 24 अक्टूबर, 2008 को समाप्त हफ्ते में देखी गई थी। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार और भारतीय रुपये पर हाल ही में आए दबाव के लिए विभिन्न बाहरी और घरेलू कारक जिम्मेदार हैं। इनमें पूंजी का बहिर्वाह, डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव, वैश्विक ब्याज दरों में वृद्धि और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि शामिल है। वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि इन सभी कारकों ने मिलकर भारतीय मुद्रा के लिए चुनौतीपूर्ण माहौल तैयार किया है।

गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

नयी दिल्ली : घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को ज्यादातर समय दबाव बना रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से कुछ देर के लिए बाजार में मजबूती आती हुई नजर आई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का जोर बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार दबाव में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद फार्मास्यूटिकल, रियल्टी और पीएसयू बैंक इंडेक्स में तेजी बनी रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में भी खरीदारी होती रही। दूसरी ओर, आईटी, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके अलावा एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और पीएसई इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.04 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.42 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 62 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,240 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,342 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,798 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 100 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,555 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,359 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,196 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 15 शेयर हरे निशान में और 35 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

जेके सीमेंट ने बिहार में भूमि पूजन समारोह के साथ अपने विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर किया स्थापित

जमशेदपुर : बिहार के बक्सर में अपनी नई ग्रे सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के लिए भूमि पूजन समारोह के साथ जेके सीमेंट ने अपने विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। यह विस्तार पूर्वी भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए कंपनी की रणनीतिक पहल का हिस्सा है। इसकी आधारशिला जेके सीमेंट लिमिटेड के उपाध्यक्ष डॉ. निधिपति सिंघानिया, जेके सीमेंट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री माधवकृष्ण सिंघानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रखी। नई ग्राइंडिंग यूनिट के जुड़ने पर टिप्पणी करते हुए जेके सीमेंट के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया ने कहा, हमें विश्वास है कि हमारी उन्नत विनिर्माण क्षमताएं और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करेगी। बक्सर यूनिट की प्रस्तावित क्षमता 3.00 एमटीपीए है और इससे कंपनी अगले साल तक 30 एमटीपीए की उत्पादन क्षमता को पार करने की योजना बना रही है। इस परियोजना पर 500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जायेगा।

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स ने आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी किया दाखिल

मुंबई/नयी दिल्ली : आनंद राठी समूह की 'ब्रोकरेज' शाखा आनंद राठी शेयर और स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।यह समूह इस आईपीओ के जरिए 745 करोड़ रुपये जुटाना चाहता है। सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के अनुसार आनंद राठी समूह की 'ब्रोकरेज' इकाई आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स कंपनी नए निर्गम से प्राप्त 550 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी को आवश्यकताओं और सामान्य कॉपोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। कंपनी के इक्विटी शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स का 5 रुपये के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से 745 करोड़ रुपये तक के शेयरों का नया निर्गम है। कंपनी के इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है। यह इश्यू बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है, जिसमें शुद्ध इश्यू का 50 फीसदी से अधिक योग्य संस्थागत खरीदारों को आवंटित नहीं किया जाता है। शुद्ध प्रस्ताव का 15 फीसदी और 35 फीसदी से कम हिस्सा क्रमशः गैर-संस्थागत और खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों को आवंटित नहीं किया जाता है। आनंद राठी ग्रुप की ब्रोकरेज शाखा, आनंद राठी शेयर और स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड कंपनी भारत में 30 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ एक स्थापित पूर्ण-सेवा ब्रोकरेज हाउस है। यह 'आनंद राठी' ब्रांड नाम के तहत ब्रोकिंग, मार्जिन ट्रेडिंग और वित्तीय उत्पादों के वितरण सहित वित्तीय सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी की निवेश पेशकशों में इक्विटी, डेरिवेटिव, कमोडिटीज और मुद्रा बाजार सहित परिसंपत्ति वर्गों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

देश का निर्यात नवम्बर में 4.85 फीसदी घट कर 32.11 अरब डॉलर रहा

नयी दिल्ली : देश के वस्तुओं का निर्यात नवंबर में 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा है। पिछले साल इसी महीने में 33.75 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। वहीं, नवंबर में आयात 27 फीसदी बढ़कर 69.95 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 55.06 अरब डॉलर रहा था। इस तरह नवंबर में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात) के बीच का अंतर बढ़कर 37.84 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश के वस्तुओं का निर्यात नवंबर में 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले महीने अक्टूबर में भारत का वस्तुओं का निर्यात 17.25 फीसदी बढ़कर 39.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था।

डिवाइन सॉलिटेयर्स ने द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया तीसरे संस्करण का ग्रैंड विनर किया घोषित

रांची/जमशेदपुर : भारत के सबसे भरोसेमंद सॉलिटेयर जूलरी ब्रांड 'डिवाइन सॉलिटेयर्स' ने, द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया (टीएसएफआई) के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। अगस्त 2024 में आयोजित यह राष्ट्रव्यापी फेस्टिवल, अपनी तरह का सबसे बड़ा सॉलिटेयर प्रमोशन था, जिसमें भाग लेने वाले 200 से ज्यादा जूलर्स के ग्राहकों ने लगभग 6,000 उपहार और पुरस्कार जीते हैं। इस फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण उस वक्त सामने आया, जब जमशेदपुर के श्री आर. सिंह ने ग्रैंड बम्पर पुरस्कार के रूप में एक महिंद्रा एक्सयूवी 700 एसयूवी जीत ली। श्री सिंह ने जमशेदपुर स्थित कुलदीप संस जूलर्स से अपनी सॉलिटेयर जूलरी खरीदी थी। उनको इस ड्रा के फेसबुक पर हुए लाइव प्रसारण में विजेता घोषित किया गया। जमशेदपुर स्थित कुलदीप संस जूलर्स में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान, डिवाइन सॉलिटेयर्स के संस्थापक एवं एमडी जिग्नेश मेहता और कुलदीप संस जूलर्स के प्रमोटर सुनील वर्मा ने, आर. सिंह को एकदम नयी एसयूवी की चाबियाँ सौंपी। पुरस्कार लेते समय भावुक श्री सिंह ने कहा,'अपनी पत्नी के लिए सॉलिटेयर जूलरी खरीदना मेरे लिए एक अनमोल पल था, लेकिन यह ग्रैंड प्राइज जीतना मेरे जीवन का सबसे बड़ा आश्चर्य है।' जिग्नेश मेहता ने कहा,' यह सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति अपने प्रियजनों के प्रति अपने प्यार का इजहार डिवाइन सॉलिटेयर्स डायमंड जूलरी के साथ करे। हम अपने आभूषणों को एक जैसी बेजोड़ गुणवत्ता और एकसमान पारदर्शी कीमतों की गारंटी देते हुए, देश के कोने-कोने तक पहुंचा रहे हैं, ताकि ग्राहकों को भरोसा और सर्वश्रेष्ठ अनुभव मिले।

लेनोवो ने धनबाद में अपना एक्सक्लूसिव स्टोर खोला

धनबाद (झारखण्ड) : 16 दिसंबर 2024 लेनोवो, जो एक वैश्विक प्रौद्योगिकी पावरहाउस है, ने आज झारखण्ड के धनबाद में अपने स्टोर का उद्घाटन किया। यह स्टोर तकनीक के प्रति उत्साही और गेमर्स के लिए वन-स्टॉप शॉप है। यह नये स्टोर लैपटॉप, डेस्कटॉप, मॉनिटर और एक्सेसरीज सहित लिनोवो उपभोक्ता और गेमिंग उत्पादों का प्रदर्शित करेगा। यह स्टोर 1,2,3,4, ग्राउंड फ्लोर, होटल ब्लैक कॉम्प्लेक्स, झरिया रोड, धनबाद, झारखंड में स्थित है। स्टोर इंटरैक्टिव डिस्प्ले, अभिनव उत्पाद शोकेस के साथ स्टोर का स्टाफ उत्पाद डेमो के साथ तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए ग्राहकों को आकर्षक अनुभव प्रदान करेगा।
यह स्टोर कॉन्सेप्ट पहली बार गेम खेलने वालों, कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ पेशेवर गेमर्स की जरूरतों को भी पूरा करेगा। भारत में बढ़ती मांग के साथ लिनोवो अपने नए एल ओ क्यू और लीजन उत्पादों के साथ अपने गेमिंग पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहा है। ग्राहक लिनोवो के संपूर्ण उपभोक्ता पोर्टफोलियो को भी ब्राउज कर सकते है, जिसमें योगा लैपटॉप, आइडियापैड, टैबलेट और स्मार्ट डिवाइस शामिल है।

श्रीमद् रामायण में श्री राम व लव-कुश के बीच दिल दहला देनेवाला युद्ध देखें

मुंबई : सोनी सब के श्रीमद् रामायण.के एपिसोड में नाटकीय मोड़ देखा, जब श्री राम और सीता के बेटे लव और कुश एक भयंकर युद्ध में विजयी हुए। उन्होंने शक्तिशाली सुग्रीव और भरत को हराया, जिससे सभी दंग रह गए। आगामी एपिसोड में दर्शक एक बहुत ही भावनात्मक क्षण देखेंगे जब श्री राम युद्ध के मैदान में अपने जुड़वां बेटों, लव और कुश से सामने आते हैं। उनकी असली पहचान से अनजान श्री राम को उनके खिलाफ खड़े योद्धाओं के रूप में उनका सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे एक शक्तिशाली संघर्ष होता है। यह सामना केवल एक शारीरिक लड़ाई नहीं है, बल्कि एक भावनात्मक लड़ाई है, क्योंकि श्री राम अनजाने में अपने बच्चों से लड़ने के दर्द से जूझते हैं। इस बीच लव और कुश दृढ़ संकल्प के साथ न्याय के लिए लड़ते हुए दृढ़ रहते हैं। इस एपिसोड में संघर्ष के पीछे दिल टूटने, तनाव और प्यार को दिखाया जाएगा, जिससे दर्शक प्रत्येक किरदार की ओर से किए जाने वाले त्याग और उनके लिए फैसले से प्रभावित होंगे।

नीता अंबानी ने कमलिनी, नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता व अक्षिता माहेश्वरी का मुंबई इंडियन्स में किया स्वागत

मुंबई : मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता एम. अंबानी ने हढछ 2025 के लिए मुंबई इंडियंस की नई महिला टीम बनने पर संतोष जताया है। रविवार को बेंगलुरु में नीलामी के बाद नीता अंबानी ने कहा, 'आज हमने जो टीम बनायी है, उससे हम सभी बहुत खुश और संतुष्ट हैं। मुझे कमलिनी, नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता और अक्षिता माहेश्वरी के मुंबई इंडियंस परिवार का हिस्सा बन जाने पर गर्व है।' चार नये खिलाड़ी, जिन्हें मुंबई इंडियंस में शामिल किया गया है, उनमें तमिलनाडु की 16 वर्षीय कमलिनी अंडर 19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर नादिन डी क्लार्क, मध्य प्रदेश की ऑलराउंडर संस्कृति गुप्ता और राजस्थान की तेज गेंदबाज अक्षिता माहेश्वरी को शामिल हैं। नीता अंबानी ने एक संदेश में चारों नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा, हम मुंबई इंडियंस परिवार में आपका हार्दिक स्वागत करते हैं। मुंबई इंडियंस हमेशा युवा प्रतिभाओं की खोज और विकास करने की कोशिश करता रहा है। पिछले साल, हमने नीलामी में सजाना को चुना था। उसे टीम इंडिया के लिए खेलते देखना अद्भुत है। मुंबई इंडियंस ने जी कमलिनी को भी टीम में शामिल करने में कामयाबी हासिल की है। कमलिनी को मुंबई इंडियंस में शामिल करते हुए श्रीमती अंबानी ने कहा,'इस साल हम 16 वर्षीय कमलिनी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। पिछले कुछ समय से हम उनके खेल पर नजर रख रहे थे और वह एक बहुत ही रोमांचक नयी प्रतिभा है।'

पेज एक के शेष

भारतीय सशस्त्र बलों ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान से जीत का प्रतीक 'विजय दिवस' मनाया...

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में आर्मी हाउस में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित विजय दिवस स्वागत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने वीर नारियों के साथ भी भावपूर्ण बातचीत की, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्र के लिए उनके बलिदान को सलाम किया।
विजय दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी तथा पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज विजय दिवस के विशेष अवसर पर राष्ट्र भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम करता है। उनके अटूट साहस और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। भारत उनके बलिदान और सेवा को कभी नहीं भूलेगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सीडीएस ने राष्ट्र के प्रति समर्पण, संकल्प और स्थायी प्रतिबद्धता के लिए सभी सेवारत कर्मियों, दिग्गजों और वीर नारियों को भी अपनी बधाई दी। इसके अलावा रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।
वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वायु सेना ने 1971 के भारत-पाकिस्तान को याद करते हुए कहा कि यह युद्ध 16 दिसम्बर 1971 को लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने बिना शर्त आत्मसमर्पण कराने के साथ समाप्त कराया, जिसने एक स्वतंत्र बांग्लादेश को जन्म दिया। यह ऐतिहासिक क्षण दिलाने में भारतीय वायु सेना ने 13 दिवसीय संघर्ष के दौरान त्वरित और निर्णायक परिणाम सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी, जिसे 'लाइटनिंग वॉर' कहा जाता है।
युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना ने एक गहन और घातक हवाई अभियान चलाया, जिसमें पश्चिमी क्षेत्र में 2400 से अधिक आक्रामक मिशन और पूर्वी थिएटर में 2000 से अधिक उड़ानें भरी गयीं। इन अभियानों ने दोनों क्षेत्रों में हवाई नियंत्रण सुनिश्चित किया, जिससे विरोधी की प्रभावी रूप से जवाबी हमला करने की क्षमता कम हो गयी। पूर्व में रणनीतिक हमलों ने जमीनी बलों के लिए करीबी हवाई समर्थन के साथ मिल कर पाकिस्तानी रक्षा को ध्वस्त कर दिया, जिससे बांग्लादेश की त्वरित मुक्ति में मदद मिली। आसमान में भारतीय वायु सेना का दबदबा इतना प्रभावशाली था कि 1971 का युद्ध भारतीय सैन्य इतिहास में दर्ज हुआ किया। इस अद्वितीय जीत को हासिल करने में वायु सेना की भूमिका आधुनिक युद्ध में हवाई श्रेष्ठता के महत्व का प्रमाण बनी हुई है।
वाइस नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि इस विजय दिवस पर हम 1971 के युद्ध में बांग्लादेश को आजाद कराने और निर्णायक जीत हासिल करने के लिए उनके असाधारण साहस और रणनीतिक प्रतिभा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम करते हैं। सेना प्रमुख जनरल अनिल द्विवेदी ने कहा कि यह दिन 1971 के युद्ध में हमारे सशस्त्र बलों की शानदार जीत का प्रतीक है। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष सुनीता द्विवेदी के साथ मिलकर 1971 के आत्मसमर्पण की प्रतिष्ठित पेंटिंग को इसके सबसे उपयुक्त स्थान मानेकशॉ सेंटर में स्थापित किया, जिसका नाम 1971 के युद्ध के वास्तुकार और नायक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के नाम पर रखा गया है। यह पेंटिंग भारतीय सशस्त्र बलों की सबसे बड़ी सैन्य जीतों में से एक और सभी के लिए न्याय और मानवता के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

भारत और बांग्लादेश के युद्ध नायकों ने साझा इतिहास को किया याद...

उस युद्ध में हमने बांग्लादेश को आजाद किया, वहां के लोगों को मुक्ति दिलायी और महिलाओं को अत्याचारों से बचाया। उन्होंने बांग्लादेश में मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वहां की स्थिति अब गम्भीर है। कानून और व्यवस्था खराब है। खासतौर पर अल्पसंख्यक हिन्दुओं को परेशानी हो रही है। ये लोग शांतिप्रिय नागरिक हैं।
बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे यहां मेहमान भगवान के समान माने जाते हैं। हम उनके दौरे के दौरान उनका पूरा सम्मान और सुरक्षा करेंगे।'
भारतीय सेना के मेजर रथिंद्र कुमार भट्टाचार्य (सेवानिवृत्त) ने इस वार्षिक पुनर्मिलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हर साल यहां आना मेरे लिए घर लौटने जैसा लगता है। यह पुराने मित्रों और साथी नायकों से मिलने का अवसर होता है।'
बांग्लादेश की स्थिति को लेकर उन्होंने आशावादी रुख अपनाते हुए कहा, 'यह केवल एक अस्थायी दौर है। अगले छह महीनों में स्थिति बेहतर हो जायेगी। भारत ऐसा कुछ भी नहीं करेगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़े।'
बांग्लादेश के मेजर जनरल आसिम ने साझा इतिहास को याद करते हुए कहा कि हमारी जीत का यह दिन दोनों देशों की विजय को दशार्ता है। यह हमें पाकिस्तान के कब्जे से मुक्ति दिलाने का प्रतीक है। भारतीय सेना के समर्थन से यह सम्भव हो सका। यह दिन हमारी स्थायी मित्रता का प्रतीक है और हमें इसे मजबूत करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए।
बांग्लादेश के मेजर जनरल अब्दुल सलाम चौधरी (सेवानिवृत्त) ने अपने देश की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'कुछ स्वार्थी गुट झूठी कहानियां फैलाते हैं, लेकिन असल सच्चाई अलग है। भारत और बांग्लादेश के बीच सम्बन्ध मजबूत हैं और हमेशा रहेंगे। अगर कोई इस पर शक करता है, तो उन्हें यह देखना चाहिए कि हम आज यहां एक साथ खड़े हैं।'
विजय दिवस, 16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में भारत की 13 दिन की ऐतिहासिक जीत को याद करने के लिए मनाया जाता है। यह वह दिन है जब पाकिस्तानी सेना ने ढाका में आत्मसमर्पण किया और बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) का जन्म हुआ। इस वर्ष विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारत के आठ युद्ध नायक और दो सेवारत अधिकारी ढाका में बांग्लादेश के विजय दिवस समारोह में भाग लेने पहुंचे। इसके बदले, बांग्लादेश से आठ 'मुक्ति योद्धा' और दो सेवारत अधिकारी कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यह दिन न केवल युद्ध की यादों को ताजा करता है, बल्कि भारत और बांग्लादेश के बीच मित्रता और सहयोग के स्थायी सम्बन्धों का भी प्रतीक है।

भारत-श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं : मोदी...

उन्होंने कहा कि जब भारत में पाली भाषा को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया गया, तो श्रीलंका में भी उसकी खुशी मनायी गयी। उन्होंने कहा कि फेरी सेवा और चेन्नई-जाफना उड़ान संपर्क ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है और हमारे सांस्कृतिक सम्बन्धों को मजबूत किया है। हमने तय किया है कि नागपट्टिनम और कांकेसंथुराई फेरी सेवाओं की सफल शुरूआत के बाद अब भारत में रामेश्वरम और तलाईमन्नार के बीच फेरी सेवा शुरू की जायेगी। श्रीलंका के बौद्ध सर्किट और रामायण ट्रेल के माध्यम से पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को साकार करने के लिए भी काम किया जायेगा।

प्रधानमंत्री आज 46,300 करोड़ की 24 परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन...

केन्द्र सरकार की परियोजनाएं और 06 राज्य सरकार की परियोजनाएं शामिल हैं।
इस कार्यक्रम के दौरान जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जायेगा, उनमें नवनेरा बैराज, स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन नेटवर्क और एसेट मैनेजमेंट सिस्टम परियोजनाएं, भीलडी-समदरी-लूनी-जोधपुर-मेड़ता रोड-डेगाना-रतनगढ़ खंड का रेलवे विद्युतीकरण और दिल्ली-वडोदरा ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनएच-148एन) (एसएच-37ए के जंक्शन तक मेज नदी पर प्रमुख पुल) परियोजना का पैकेज 12 शामिल हैं। ये परियोजनाएं लोगों को आसान आवागमन की सुविधा देने और प्रधानमंत्री के हरित ऊर्जा के दृष्टिकोण के अनुरूप राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेंगी।

जेएसएससी के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज, देवेन्द्र महतो लिये गये हिरासत में...

साथ सड़क पर उतरे, लेकिन पुलिस ने आयोग कार्यालय पहुंचने के पहले ही उन सभी को हिरासत में ले लिया। इस दौरान कुछ स्थानों पर पुलिस को हल्का बल भी प्रयोग करना पड़ा। इससे पहले रांची जिला प्रशासन ने शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे से 20 दिसम्बर रात आठ बजे तक एसएससी कार्यालय के 500 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। जेएसएससी ने 16 से 22 दिसम्बर के बीच दस्तावेज सत्यापन के लिए चयनित 2,231 अभ्यर्थियों को बुलाया है। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में 3.04 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे।
पुलिस हिरासत में लिये जाने के पहले छात्र नेता देवेन्द्रनाथ महतो ने कहा कि भारी सुरक्षा इंतजाम और निषेधाज्ञा के बावजूद छात्र जेएसएससी कार्यालय के पास इकट्ठा हो रहे हैं। छात्र संगठन का मकसद आयोग की दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया को रोकना है। उन्होंने कहा कि सभी 24 जिलों से हजारों अभ्यर्थी रांची पहुंचे हैं और वे जेएसएससी कार्यालय का घेराव करेंगे। इधर, रांची ग्रामीण एसपी समित अग्रवाल ने बताया कि सभी प्रवेश बिन्दुओं पर जांच सुनिश्चित की जा रही है और किसी को भी बिना जांच के प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। सफल अभ्यर्थियों को भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद ही आयोग कार्यालय में प्रवेश की अनुमति दी। हालांकि, सफल अभ्यर्थियों ने पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा को लेकर उठाये गये कदम पर संतोष व्यक्त किया। जेएसएससी ने अभ्यर्थियों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। इससे पहले आरोपों को खारिज करते हुए जेएसएससी सचिव सुधीर गुप्ता ने कहा कि परीक्षा स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से आयोजित की गयी थी।
वहीं, प्रदर्शन कर रहे छात्रों का साफ कहना है कि शांतिपूर्वक आन्दोलन करना भी पुलिस को रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात कहना और रखने का सभी को हक है, लेकिन हमसब के साथ बर्बरतापूरण रवैया सरकार अपना रही है। साथ ही, सरकार और प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यदि हमारे नेता देवेंद्र महतो को पुलिस ने जल्द ही नहीं छोड़ा, तो पूरा झारखंड जलेगा, जोरदार आन्दोलन होगा और इसके लिए सरकार ही जिम्मेवार होगी।

...और पुलिस छावनी में तब्दील हो गया जेएसएससी कार्यालय का इलाका...

इस बीच छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी। आयोग कार्यालय के चारों ओर दो लेयर बैरिकेडिंग की गयी। कार्यालय तक जानेवालीं सभी प्रमुख सड़कों में भी बैरिकेडिंग की गयी। नामकुम चौक, खरसीदाग चौक और रामपुर चौक पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात किये गये। प्रवेश करनेवाले एक-एक व्यक्ति से पूछताछ के बाद ही प्रवेश करने दिया गया। पत्रकारों को भी कार्यालय के समीप जाने नहीं दिया गया। सभी को कार्यालय से दूर ही रोका गया। विरोध-प्रदर्शन करने छात्र धीरे-धीरे पहुंचते रहे, लेकिन छात्रों को पुलिस समझा-बुझा कर वापस जाने को कहती रही।

एक झलक

भूस्खलन के मलबे में दबा वाहन, पांच की मौत

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के स्कर्दू में रोंडो मालुपा के पास एक वाहन भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि वाहन स्कर्दू से शांगस की ओर जा रहा था तभी अचानक वाहन गिरते हुए मलबे के नीचे दब गया। भारी मात्रा में मलबा गिरने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे उसमें मौजूद लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। राहत और बचाव अभियान के लिए घटनास्थल पर बचाव दल को भेजा गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि इस घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। मलबा हटाने का काम जारी है।

ईरान में एक दिन में 11 कैदियों को फांसी

तेहरान : ईरान सरकार का फिर क्रूर चेहरा सामने आया है। ईरान ने एक दिन में 11 कैदियों को फांसी पर चढ़ा दिया और एक राजनीतिक कैदी को पिछले हफ्ते बाकी कैदियों से अलग सेल में भेज दिया गया है। एक दिन में 11 कैदियों को फांसी की सजा के बाद मानव अधिकारों संगठनों ने ईरान सरकार पर सवाल उठाएं। रिपोर्ट में बताया कि मारे गए कैदियों में से सात को मध्य ईरान के यज्द सेंट्रल जेल में फांसी दी गई और चार को जाहेदान सेंट्रल जेल में। बता दें कि फांसी दिए जाने वाले कैदियों पर हत्या और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के आरोप थे। वहीं मानव अधिकार समूहों की रिपोर्ट में बताया गया है कि इस हफ्ते बुधवार से रविवार के बीच ईरानी जेलों में करीब 34 कैदियों को फांसी दी गई है।

संयुक्त अरब अमीरात ने वीजा नियमों में की सख्ती

दुबई : संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने हाल ही में अपने वीजा नियमों में सख्त बदलाव कर दिए हैं, इससे दुबई जाने की योजना बना रहे भारतीय पर्यटकों को वीजा अस्वीकृति का सामना करना पड़ रहा है। वीजा रिजेक्शन के मामलों में बढ़ोत्तरी हुई है, और इससे न केवल पर्यटकों को आर्थिक नुकसान हुआ है, बल्कि दुबई जाने की उनकी योजनाएं भी बाधित हो रही हैं। यूएई के नए नियमों के बाद वीजा अस्वीकृति दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जहां पहले यह दर 1-2 प्रतिशत थी, अब यह 5-6 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वीजा अप्रूवल दर, जो पहले 99 प्रतिशत थी, अब घटकर 94 प्रतिशत हो गई है।

कोचीन शिपयार्ड में शुरू हुआ अगली पीढ़ी के पहले मिसाइल पोत का निर्माण

एजेंसी

नयी दिल्ली : नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के मिसाइल पोत (एनजीएमवी) के पहले जहाज का निर्माण सोमवार से कोच्चि के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में शुरू हुआ। युद्धपोत उत्पादन अधीक्षक कमोडोर एस पार्थिबन की मौजूदगी में आज 'स्टील कटिंग' समारोह हुआ। रक्षा मंत्रालय ने छह एनजीएमवी निर्माण के लिए सीएसएल के साथ मार्च, 2023 में 9,805 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था। भारतीय नौसेना में 2027 से इन जहाजों को शामिल करने की योजना है।

नौसेना के मुताबिक एनजीएमवी में अत्याधुनिक हथियार और सेंसर लगाए जाने की योजना है, जिससे भविष्य के लिए भारतीय नौसेना की लड़ाकू क्षमताओं में वृद्धि होगी। इन जहाजों का निर्माण हिंद महासागर क्षेत्र के जटिल समुद्री वातावरण में संचालन करने और आधुनिक नौसेना बनाने के लिए किया जा रहा है। इन जहाजों को सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मिसाइल रोधी रक्षा प्रणाली, वायु निगरानी और अग्नि नियंत्रण रडार सहित हथियारों और सेंसर से लैस किया जाना है। इन जहाजों में लगाए जाने वाले उपकरण स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित किए गए हैं, जो भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप हैं।

अत्याधुनिक जहाज 2027 से मिलेंगे, हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत होगी नौसेना

अगली पीढ़ी के मिसाइल पोत (एनजीएमवी) भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे सतह रोधी युद्धपोतों की एक श्रेणी है। इन जहाजों का मकसद दुश्मन के युद्धपोतों, व्यापारियों, और जमीनी लक्ष्यों पर हमला करना होगा। इनमें ब्रह्मोस जैसी एंटी-शिप या लैंड-अटैक मिसाइलें होंगी। इनमें कम रडार क्रॉस सेक्शन (आरसीएस) जैसी उन्नत स्टील्थ विशेषताएं होंगी। इनकी अधिकतम रफ़्तार 35 नॉटिकल मील प्रति घंटा होगी। इनमें लोइटरिंग म्यूनिशन, मानव रहित वाहन, और अन्य निर्देशित हथियार होंगे। इन जहाजों को शक्ति देने के लिए जनरल इलेक्ट्रिक के एलएम 2500 समुद्री गैस टरबाइन इंजन का इस्तेमाल किया जाएगा। इन इंजन को बनाने का काम जीई एयरोस्पेस करेगा और इन्हें असेंबल और टेस्ट करने का काम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) करेगा।

इसके बाद 15 सितंबर 2023 को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की कि उन्हें एनजीएमवी परियोजना के लिए सेंसर और हथियार उपकरण सहित अत्याधुनिक तकनीक की आपूर्ति के लिए सीएसएल से ??2,118.57 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। सीएसएल ने 29 मार्च 2024 को एनजीएमवी के लिए एलएम 2500 की छह इकाइयों के इन-हाउस निर्माण के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 1,173 करोड़ रुपये का एक और सौदा किया। कोचीन शिपयार्ड के मुताबिक प्रत्येक जहाज लगभग 2,200-2,800 टन का होगा। नए जहाजों में 11 अधिकारी, 2 प्रशिक्षु अधिकारी और 80 नाविक होंगे। जहाजों में 360 डिग्री एंटी-मिसाइल डिफेंस के साथ रडार और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकली (ईओ) गाइडेड क्लोज-इन वेपन सिस्टम (सीआईडब्ल्यूएस) भी होंगे।

विधानसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

सम्भल हिंसा के दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

एजेंसी

लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा में कहा कि संभल हिंसा के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इस मामले में किसी निर्दोष पर कोई कार्रवाई न हो। विधानसभा की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू हुई तो सदन में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने नियम 311 के तहत संभल और बहराइच में हुई साम्प्रदायिक हिंसा की घटना पर चर्चा कराने की मांग की। नियम के तहत नहीं आने की वजह से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने चर्चा कराने से मना किया तो सपा सदस्य बेल में आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 12:20 बजे तक स्थगित कर दी गयी।

शून्य काल में नियम 356 के तहत इस विषय की ग्राह्यता पर सभी विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी बात रखी। इसके बाद नेता सदन एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि आपको बाबा साहब आंबेडकर के मूल संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना चाहिए। मौलिक अधिकारों को देखना चाहिए। अलग-अलग पृष्ठों का अवलोकन करेंगे तो आपको उसमें राम भी नजर आएंगे और कृष्ण भी, लंका दहन के उपरांत बजरंग बली भी नजर आएंगे और ज्ञान का उपदेश देने वाले बुद्ध भी दिखेंगे। भारत की समृद्ध परंपरा का दर्शन आपको उसी संविधान में मिलेगा, लेकिन उस मूल संविधान में कहीं भी पंथनिरपेक्ष या समाजवाद शब्द नहीं है। यह सब आपकी आंखों को खोलने वाला होना चाहिए। आप लोग संविधान में बदलाव की बात करते हैं, जिन लोगों ने संविधान का गला घोटा उनका पिछलग्गू बनकर केवल सत्ता हथियाना चाहते हैं। आप जनता की आंखों में धूल झोंकना चाहते हैं लेकिन यह नहीं हो सकता। देश आपको यह नहीं करने देगा।

मुख्यमंत्री ने नेता विरोधी दल का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बुद्ध ने करुणा और मैत्री का उपदेश उस कालखंड में दिया था जब विदेशी हमले शुरू हो गए थे, लेकिन उससे पहले ही राम ने कहा था- निसिचर हीन करहुं महि भुज उठाई पन कीन्ह।

... आखिर 22 कुओं को किसने पाट दिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायालय के आदेश का पालन करना प्रशासन का दायित्व है। प्रशासन संभल में वही कर रहा है। योगी ने कटाक्ष करते हुए सपा सदस्यों से कहा कि मंदिर को न छेड़कर आपने बड़ी कृपा कर दी, लेकिन 22 कुओं को किसने पाट दिया। आखिर मूर्तियां कैसे मिल रही हैं। नोटिस से परेशानी क्यों हो रही है। इस मुद्दे पर विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, सपा के वरिष्ठ सदस्य संग्राम सिंह यादव, इकबाल महमूद और कांग्रेस सदस्य आराधाना मिश्रा मोना ने सरकार से इन दोनों ही मुद्दों पर जांच कराने की मांग की। सभी दलों का पक्ष सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने इस मुद्दे को अग्राह्य कर दिया।

इससे पूर्व, सदन में 13 पूर्व विधायकों के निधन की सूचना पर शोक व्यक्त किया गया है। पूर्व विधायक वीरेन्द्र सिंह ढाना, रामपाल सिंह, कनक सिंह, राजवीर दिलेर, हरि प्रताप सिंह, सोमांश प्रकाश, नीलम करवरिया, किरनपाल सिंह, गजाधर सिंह, कुंअर सुभाष पटेल, नारायन भुलई, श्यामदेव राय चौधरी और मदन गोपाल वर्मा का पिछले दिनों हुए निधन पर पूरे सदन ने कुछ पल मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसके साथ ही विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। मंगलवार को आदित्यनाथ सरकार अनुपूरक बजट पेश करेगी।

राजधानी में फिर लागू हुईं ग्रैप 03 की पाबंदियां, एक्यूआई 350 के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली : दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 दर्ज किया गया जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान (ग्रैप) -3 की पाबंदियों को लागू कर दिया है। इस निर्णय के तहत दिल्ली-एनसीआर में निर्माण कार्य, डीजल वाहनों को चलाना और अन्य प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

सोमवार को सीएक्यूएम ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि राजधानी में हवा की गति रुकने के और प्रदूषण के एक स्थान पर जमा रहने की स्थिति के साथ मौसम की

स्थितियां बेहद प्रतिकूल हैं। इससे दिल्ली का एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। सीएक्यूएम की उप-समिति ने तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर में संशोधित ग्रैप के चरण- तीन की पाबंदियों को लागू करने का निर्णय लिया है।

इन पाबंदियों के तहत प्रदूषण रोकने के लिए सख्त उपाय किए गए हैं, जिनमें डीजल मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध, निर्माण और खुदाई कार्य पर रोक और स्कूलों में हाइब्रिड मोड शामिल हैं। स्कूलों में पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए हाइब्रिड मोड लागू कर दिया गया है। माता-पिता अपने बच्चों के लिए स्कूल या ऑनलाइन क्लास में से कोई एक विकल्प चुन सकते हैं। पहले यह पाबंदी ग्रैप चार में शामिल की गई थी लेकिन 13 दिसंबर को नियमों में संशोधन के बाद ग्रैप चार की पाबंदियों को ग्रैप तीन में लाया गया है।

कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे

श्रीनगर : कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान लगातार हिमांक बिंदु से नीचे बना हुआ है जबकि जम्मू में बादलों की पतली धुंध के बीच से सर्दियों का कमजोर सूरज निकल आया है। घाटी में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है क्योंकि मौसम विभाग ने 21 दिसंबर तक मौसम के ठंडा और शुष्क रहने तथा 21 दिसंबर की शाम से 22 दिसंबर की सुबह के बीच ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है। इसी बीच श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 3.4, गुलमर्ग में शून्य से नीचे 4 और पहलगाम में शून्य से नीचे 5 दर्ज किया गया। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 5, कटरा में 6.9, बटोत में 4.5, बनिहाल में 1 और भद्रवाह में 3.9 दर्ज किया गया।

सऊदी अरब यात्रा को लेकर चर्चा में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा

मुंबई : सऊदी अरब यात्रा को लेकर अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आजकल चर्चा में हैं। प्रियंका ने सऊदी अरब के रेगिस्तान में ऊंट की सवारी का आनंद लिया और सैंडरेल (रेगिस्तान में चलने वाली तेज रफ्तार गाड़ी) चलाते हुए रोमांचक अनुभव किया। प्रियंका का यह अनुभव उनके फैंस के बीच बेहद पसंद किया गया है। उन्होंने हाल ही में अपने पति निक जोनस के साथ वहां बिताए गए खास पलों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में प्रियंका और निक रेगिस्तान में मजेदार पलों का आनंद लेते हुए नजर आ रहे हैं। प्रियंका ने इस दौरान सिर पर पारंपरिक अरब साफा (पगड़ी) पहनी थी, जो उनके लुक को और भी खास बना रही थी। इन तस्वीरों में प्रियंका और निक दोनों ही बहुत खुश नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में प्रियंका ऊंट की सवारी करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि दूसरी में वह सैंडरेल चला रही हैं। रेगिस्तान की रेत के बीच ली गई इन तस्वीरों ने उनके फैंस को खासा प्रभावित किया है।

प्रियंका के 'फिलिस्तीन' बैग पर राजनीति भाजपा ने कहा कंधे पर टांगा तुष्टीकरण

एजेंसी

नयी दिल्ली : कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी सोमवार को संसद परिसर में 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ बैग लेकर पहुंचीं। इस पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी का कहना है कि गांधी परिवार हमेशा से कंधे पर तुष्टिकरण का बैग लिये घूम रहा है। कांग्रेस सांसद पहले भी फिलिस्तीन के गाजा में इजराइली बलों द्वारा की जा रही कार्रवाई का मुद्दा उठा चुकी है। बैग में वाटरमेलन का चित्र है, जो कि फिलीस्तीन एकजुटता का सिंबल बनकर उभरा है।

कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने एक्स पर एक तस्वीर साझा की और कहा कि प्रियंका गांधी ने एक विशेष बैग लेकर फिलिस्तीन के साथ अपनी एकजुटता दिखाई हैं। यह करुणा, न्याय और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का संकेत है। उनका स्पष्ट कहना है कि कोई भी जिनेवा कन्वेंशन का उल्लंघन नहीं कर सकता।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद एवं प्रवक्ता संबित पात्रा ने पत्रकार वार्ता में प्रियंका के फलिस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि नेहरू के ही समय से गांधी परिवार तुष्टिकरण का थैला अपने कंधों पर लेकर घूमता है, उन्होंने कभी देशभक्ति का थैला अपने कंधों पर नहीं लटकाया। प्रियंका गांधी का कहना है कि कोई अन्य कैसे निर्धारित करेगा कि हमें क्या पहनना चाहिए। हालांकि साथ ही उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का मुद्दा भी उठाया और सरकार से कदम उठाने की मांग की।

क्रिसमस मैजिक ड्रेस व पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई कलाकृति

रांची स्थित आईफा इंटरनेशनल स्कूल में 15 दिसम्बर को क्रिसमस मैजिक ड्रेस लाइक सांता क्लॉस और पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने सांता क्लॉज और क्रिसमस थीम पर आधारित विभिन्न रंग-बिरंगे वेशभूषा पहन कर मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। उनकी मासूमियत और अदाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने क्रिसमस के त्योहार, परिवार और उत्सव की खुशी को अपनी कल्पना और रंगों के जरिये जीवंत कर दिया। उनके द्वारा बनायी गयी पेंटिंग्स ने न केवल उनके हुनर को उजागर किया, बल्कि क्रिसमस की सच्ची भावना का संदेश भी दिया।